Central Secretariat Library 5/3/1974

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 9, 1974 (फाल्गुन 18, 1895)
No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 9, 1974 (PHALGUNA 18, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 28 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 28th February 1973 :—

अंक Issue	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

—शून्य—
—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	203
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	389
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	269
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	559
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारी द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	755
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	83
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1105
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	125
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	49
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	45
पूरक संख्या 10—	
2 मार्च, 1974 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	309
26 जनवरी, 1974 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा दर्ज़ी बीमारियों से हुई मृत्यु संबंधी आंकड़े	321

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	203
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	389
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence ..	
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence.	269
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations ..	
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (Other than the Administrations of Union Territories	559
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	755
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defnce ..	83
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1105
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	125
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	49
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	45
SUPPLEMENT No. 10	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 2nd March 1974	309
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 26th January 1974	321

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 फरवरी 1974

सं० 29—प्रेज /—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा या साहस के कार्यों के लिए "सेना मैडल" / "आर्मी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट कर्नल सुखदेव खुल्लर (आई०सी० 6743), आर्टिलरी रेजिमेंट । (मरणोपरान्त)

8 दिसम्बर, 1971 को, जब दुश्मन ने 183 लाइट रेजिमेन्ट के एक तोपखाने पर गोलाबारी शुरू की, तो लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुखदेव खुल्लर अपने जवानों को प्रेरणा देने और अपनी सेना के गोलाबारी से सहायता जारी रखने के लिए तोपखाने की ओर तेजी से बढ़े । जब वे तोपखाने के पास थे तब गोलाबारूद की गाड़ी पर दुश्मन का एक गोला आकर गिरा, जिससे विस्फोट हुआ और एक जूनियर कमीशन्ड अफसर घायल हो गया । अपने आप को खतरे में डालकर दुश्मन की भारी गोलाबारी के बावजूद वे जूनियर कमीशन्ड अफसर को निकालने दौड़ पड़े । ऐसा करते समय एक और गोला उनके पास फटा जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें वीरगति प्राप्त हुई ।

इस कार्यवाही के दौरान, लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुखदेव खुल्लर ने, साहस, मैत्री और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

2. लेफ्टिनेन्ट कर्नल अशोक मांगलिक (आई०सी० 6161), आर्टिलरी रेजिमेंट ।

5/6 दिसम्बर, 1971 को लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक मांगलिक एक फील्ड रेजिमेंट की कमान कर रहे थे । इन्हें डेरा बाबा नानक एन्कलेव को नष्ट करने के लिए किये गये आक्रमण के दौरान, प्रभावी सहायक गोलाबारी करने का कार्य सौंपा गया था । अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना इन्होंने ऐसी जगह मोर्चा जमाया जहां तोपखाने, मार्टर और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी हो रही थी । उसके बाद, बदलती सामरिक स्थिति के अनुसार गोलाबारी की योजना में परिवर्तन करने के वास्ते, ब्रिगेड कमांडर से सम्पर्क बनाए रखने के लिए वे लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान तक आते जाते रहे ।

आक्रमण के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक मांगलिक ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

3. लेफ्टिनेन्ट कर्नल अनिल कुमार सिन्हा (आई०सी० 5961) आर्टिलरी रेजिमेंट ।

दिसम्बर, 1971 की पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रिया में, लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार सिन्हा, पूर्वी क्षेत्र में एक माउन्टेन रेजिमेन्ट की कमांड कर रहे थे । पूरी संक्रिया के दौरान उन्होंने सेना को, प्रभावी ढंग से तोपखाने से गोलाबारी करके सहायता की । तोपखाने की गोलाबारी में समन्वय बनाये रखने के लिए वे अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना एक जगह से दूसरी जगह जाते-आते रहे । कठिनाई में भी धैर्य रखने और शांति रहने के कारण उनके जवानों को प्रेरणा मिलती रही ।

आद्योपान्त लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार सिन्हा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

4. लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल वरन गुहा (आई०सी०—7557), आर्टिलरी रेजिमेंट । (मरणोपरान्त)

3 दिसम्बर, 1971 को, छम्ब क्षेत्र में नियोजित एक मीडियम रेजिमेंट पर दुश्मन ने जोरदार हमला किया । उस समय लेफ्टिनेन्ट कर्नल अनिल वरन गुहा एक फील्ड रेजिमेन्ट की कमान्ड कर रहे थे । गनों को पुनः प्राप्त करने के लिये गन पोजिशन पर जाने और रेजिमेन्ट का पुनर्गठन करने के लिए, मीडियम रेजिमेन्ट के एक समूह का नेतृत्व करने, वे स्वेच्छा से आगे आये । दुश्मन की भारी एवं सही गोलाबारी और हवाई हमलों की परवाह किए बिना, वे आगे बढ़ते गये और गन क्षेत्र में पहुंच गए । ऐसा करते हुए उन्हें शत्रु का राकेट लगा और फलस्वरूप वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल वरन गुहा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

5. लेफ्टिनेंट कर्नल पवित्तर सिंह टकहार (आई०सी०—5830), आर्मर्ड कोर ।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया में, लेफ्टिनेंट कर्नल पवित्तर सिंह टकहार पूर्वी क्षेत्र में एक आर्मर्ड रेजिमेन्ट की कमान कर रहे थे । 7 दिसम्बर को शत्रु की सेना को विभाजित करने के लिए इनकी रेजिमेन्ट ने रास्ते में सड़क रोक लगा दी । यह कार्य उन्होंने इतनी तेजी से किया कि शत्रु घबरा गया और उसे अपनी पोजीशन छोड़नी पड़ी । शत्रु ने 7/8 दिसम्बर, 1971 की रात को बख्तरबन्द गाड़ियों और पैदल सेना से, इस पोजिशन पर जवाबी हमला किया । लेफ्टिनेंट कर्नल टकहार के प्रेरणात्मक नेतृत्व में, इस हमले को नाकाम कर दिया और शत्रु को काफी जानी नुकसान पहुंचाया । 10 दिसम्बर, 1971 को, लेफ्टिनेंट कर्नल पवित्तर सिंह टकहार ने रेजिमेंट को शत्रु की बगल से काफी चौड़े इलाके से ले जाकर सफल परिचालन किया और शत्रु के उस बटालियन समूह

को घेर लिया जो अच्छी तरह समन्वित रक्षात्मक स्थानों पर अधिकार किए हुए था, और उसकी तमाम गाड़ियों, सहायक आर्टिलरी और टैंकों पर कब्जा कर लिया, साथ ही बहुत से हथियार गोलाबारूद और विस्फोटकों पर भी अधिकार कर लिया।

आद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल पवित्तर सिंह टकहार ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

6. मेजर पहलाद टोरो (आई०सी०—15613), आर्टिलरी।

मेजर पहलाद टोरो शकरगढ़ क्षेत्र में संक्रिया कर रही इन्फैन्ट्री बटालियन से सम्बद्ध बैटरी कमाण्डर थे। 15 दिसम्बर 1971 के दिन बटालियन को बसन्तर नदी के आर-पार पुल पदाधार बनाने का काम सौंपा गया था। हालांकि लक्ष्य पर कब्जा कर लिया गया परन्तु शत्रु की प्रतिक्रिया बड़ी तीव्र गति से हुई और उसने 16 तथा 17 दिसम्बर, 1971 को भारी आर्टिलरी और टैंक की गोलाबारी के साथ जबरदस्त जवाबी हमला किया। बटालियन काफी चौड़े अग्रभाग पर कार्यवाही कर रही थी इसलिए दो अग्रवर्ती प्रेक्षक अफसर जो कम्पनी के साथ थे, उनके लिए पूरे इलाके का प्रेक्षण करना मुश्किल था। मेजर पहलाद टोरो को हालांकि आम तौर पर बटालियन हैडक्वार्टर में ही रहना होता था परन्तु ये शत्रु की भारी आर्टिलरी और टैंक की गोलाबारी के बावजूद एक अग्रवर्ती कम्पनी में पहुंचे और अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना कारगर ढंग से तोपखाने से गोलाबारी शुरू कर दी और इससे तथा इन्फैन्ट्री के मार्टर दोनों से उक्त मोर्चे पर कब्जा करने की शत्रु की सारी कोशिश नाकामयाब हुई।

इस कार्यवाही में मेजर पहलाद टोरो ने साहस, पहल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

7. मेजर वीरेन्द्र कुमार भटनागर (आई०सी०—8251), 63वीं केवलरी।

मेजर वीरेन्द्र कुमार भटनागर पूर्वी क्षेत्र में दाऊदपुर से मधुरिया की तरफ आगे बढ़ते समय 63वीं कैवलरी की एक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 8 दिसम्बर, 1971 को आगे बढ़ने वाली टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए उनकी स्क्वाड्रन को वाजितपुर और मधुरिया में टैंक और आर्टिलरी की मदद से लड़ रही शत्रु की इंफैन्ट्री कम्पनी से कड़ा मुकाबला करना पड़ा। मेजर भटनागर ने अपनी स्क्वाड्रन का चतुरता और सूझ-बूझ से संचलन किया और हर मौके पर अपनी टुकड़ियों को साहस के साथ शत्रु को घेर लेने के लिए प्रेरित किया और इस तरह उन्होंने शत्रु को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। इस लड़ाई में शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा।

आद्योपान्त मेजर वीरेन्द्र कुमार भटनागर ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

8. मेजर राम लाल वर्मा (आई०सी०—18712), राजपूताना राइफल्स।

पूर्वी क्षेत्र के तेलीखाली स्थान के मोर्चे राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन के कब्जे में थे। शत्रु की सेना ने बार-बार इन मोर्चों पर हमले करने शुरू कर दिए। मेजर राम लाल वर्मा एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, वे बिना किसी आड़ के एक खाई से दूसरी खाई में गए और अपने जवानों को डटे रहने की प्रेरणा दी। इस तरह इन्होंने उदाहरणीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया। इन्होंने तोपखाने से भी चतुर्य और सही ढंग से गोलीबारी करवाई और शत्रु के हमलों को विफल कर दिया।

इस कार्यवाही में मेजर राम लाल वर्मा ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. मेजर गुरचरन सिंह प्रीत (आई०सी०—20646), सिख लाइट इंफैन्ट्री।

मेजर गुरचरन सिंह प्रीत को जो मिली जुली सेना की कमान कर रहे थे, पूर्वी क्षेत्र के दुर्गापुर स्थित शत्रु के मोर्चों पर दबाव डालने का काम सौंपा गया था। शत्रु के भारी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने अपने जवानों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और ये शत्रु को चारों ओर से घेर लेने में सफल हुए। शत्रु ने जबरदस्त जवाबी हमला किया, परन्तु मेजर प्रीत ने तेजी से अपनी स्थिति को बदला और वे जवानों के बीच रहे। इस प्रकार उन्होंने शत्रु को पीछे धकेलने में सफलता पाई। इससे शत्रु पूरी तरह से होश हवास खो बैठा और अपने मोर्चे छोड़कर जल्दी से पीछे हट गया।

इस कार्यवाही में मेजर गुरचरन सिंह प्रीत ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

10. मेजर कल्लिआनपुर कृष्णाजी राव (आई०सी०—14662), ब्रिगेड आफ गार्ड्स। (मरणोपरान्त)

मेजर कल्लिआनपुर, कृष्णाजी राव उस ब्रिगेड आफ गार्ड्स जिसे पूर्वी क्षेत्र में तैनात किया गया था, वे एक बटालियन के कम्पनी कमान्डर थे। शत्रु पर हमला करते समय इन्होंने लक्ष्य पर कब्जा करके शत्रु पर संगीनों से हमले का नेतृत्व किया। बंकर से बंकर लड़ते हुए, अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना और अपने गंभीर घावों का विचार न करते हुए वे अपनी सेना को प्रेरणा और उत्साह देते रहे और इस प्रकार उन्होंने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। घावों के कारण बाद में वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, मेजर कल्लिआनपुर कृष्णाजी राव ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

11. मेजर रणजीत सिंह (आई० सी०—11504), गढ़वाल राइफल्स।

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया के दौरान गढ़वाल राइफल्स पूर्वी क्षेत्र में नियोजित थी। मेजर रणजीत सिंह इसकी एक बटालियन में कम्पनी कमांडर थे। उन्होंने शत्रु की पोजीशन पर कब्जा करने के लिए, अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया। उन्होंने महसूस किया कि सामने से आगे की तरफ बढ़ने में खतरा है, इसलिए मेजर रणजीत सिंह अपनी कम्पनी को बगल से ले गए और शत्रु पर हमला कर दिया। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना वे बंकर से बंकर लड़ते हुए अपनी कम्पनी को आगे ले गए। इन्होंने खुद उस मशीन गन पर हमला करके उसे बरबाद कर दिया जो इनकी कम्पनी को जानी नुकसान पहुंचा रही थी और जिसने इनके आक्रमण को रोक दिया था। इस तरह लक्ष्य को जीतने में इनका योगदान रहा।

इस कार्यवाही में मेजर रणजीत सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

12. मेजर अशोक राज कोछड़ (एस०एस०—19750),
ब्रिगेड आफ गार्डस ।

5/6 दिसम्बर 1971 की रात को, मेजर अशोक राज कोछड़, ब्रिगेड आफ गार्ड्स की एक बटालियन की कम्पनी की कमान कर रहे थे । इन्हें पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु के अच्छी तरह रक्षित एक मोर्चे पर हमला करने का काम सौंपा गया था । हमले के दौरान शत्रु की मंझली मशीन गन ने तीव्र और अचूक गोलाबारी करके हमले के वेग को कम कर दिया । मेजर कोछड़ ने कम्पनी के आक्रमण की दिशा को बदल डाला जिससे शत्रु घबराहट में उस पोजीशन को छोड़कर भाग गया और पीछे काफी हथियार गोलाबारूद और उपस्कर भी छोड़ दिया ।

इस कार्यवाही में, मेजर अशोक राज कोछड़ ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

13. मेजर शेर सिंह ग्रेवाल (आई०सी०—14009),
पंजाब रेजिमेन्ट ।

10 दिसम्बर, 1971 की रात को मेजर शेर सिंह ग्रेवाल, पंजाब रेजिमेन्ट की बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे जिसको पुंछ क्षेत्र में, शत्रु के एक ठिकाने पर हमला करने का काम सौंपा गया था । शत्रु के प्रभावी गोलाबारी की परवाह किए बिना और इस कार्यवाही में जख्मी हो जाने पर भी, दृढ़-निश्चय से इन्होंने अपने जवानों का नेतृत्व किया और लक्ष्य पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में मेजर शेर सिंह ग्रेवाल ने साहस, दृढ़-निश्चय, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

14. मेजर नारायण सिंह कोक (आई० सी०—14488),
सिख रेजिमेन्ट ।

3 दिसम्बर, 1971 को अमृतसर क्षेत्र में एक सीमा चौकी पर शत्रु की कम्पनी ने हमला कर दिया जिसकी सुरक्षा का काम एक इंफैन्ट्री प्लाटून कर रही थी । गोलाबारी के कारण कम्पनी और कम्पनी हैडक्वार्टर के बीच टेलीफोन संचार व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई । मेजर नारायण सिंह कोक शीघ्रता से 10 जवानों की गश्त लेकर प्लाटून के ठिकाने से संपर्क बनाने के लिए तीव्र तोपखाने और मार्टर गोलाबारी के बीच आगे बढ़े । वहां पहुंचने के बाद वे घायल जवानों को और शत्रु से जीते हुए उपस्कर को वापस ले आए ।

इस कार्यवाही में मेजर नारायण सिंह कोक ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

15. मेजर जगतार सिंह विर्क (आई०सी०—19923),
आर्टिलरी रेजिमेंट ।

4 दिसम्बर, 1971 की रात को मेजर जगतार सिंह विर्क उस इंफैन्ट्री कम्पनी के साथ अग्रिम परीक्षण अफसर थे जिसने पश्चिमी क्षेत्र में झंडी माले पर कब्जा किया । जब कम्पनी लक्ष्य पर पहुंच कर स्थिर हो रही थी, उस वक्त शत्रु ने पूरी ताकत से तोपखाने से भारी और प्रभावी गोलाबारी से जवाबी हमला कर दिया । मेजर विर्क अपनी जान की परवाह किए बिना खुले में आगये और अपने तोपखाने से अचूक गोलाबारी शुरू कर दी । शत्रु के हमले को पीछे धकेलना इन्हीं के कारण सम्भव हुआ ।

इस कार्यवाही में मेजर जगतार सिंह विर्क ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

16. मेजर श्री कुमार नारायण (एम०आर०—1498),
सेना चिकित्सा कोर ।

दिसम्बर 1971 में राजस्थान क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया के दौरान मेजर श्री कुमार नारायण ने असाधारण कर्त्तव्य-निष्ठा और व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया । इन्होंने शत्रु की भारी गोलाबारी और हवाई आक्रमण के बीच काफी तादाद में गम्भीर रूप से जख्मियों की शल्य चिकित्सा करके उन्हें पुनर्जीवन दिया । यह काम वे कई घंटे तक करते रहे । इसमें उन्होंने असीम शक्ति, अत्याधिक सहनशक्ति और निस्वार्थ सेवा दिखाई ।

आद्योपान्त मेजर श्री कुमार नारायण ने साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

17. मेजर सुरेश यशवंत रेगे (आई०सी०—7306),
आर्टिलरी रेजिमेन्ट ।

6 दिसम्बर, 1971 को शकरगढ़ क्षेत्र में जमीन पर आगे बढ़ने वाली अपनी सेना के आगे-आगे हवाई जहाज उड़ते हुए, मेजर सुरेश यशवंत रेगे को आगे बढ़ते हुए शत्रु के टैंक दिखाई दिये । उन्होंने अपने तोपखाने से उन पर गोलाबारी करवा कर शत्रु के दो टैंकों को नुकसान पहुंचाया । हालांकि उनके अपने हवाई जहाज को क्षति पहुंची थी फिर भी वे तोपखाने से उस वक्त तक गोलाबारी करवाते रहे जब तक कि शत्रु पीछे नहीं हट गया । बाद में 16 दिसम्बर, 1971 को जब वे विमान वाहित मिशन पर जा रहे थे तो शत्रु के हवाई जहाजों ने इनके जहाज को रोका यद्यपि इनका जहाज क्षतिग्रस्त था फिर भी वे शत्रु के जहाज से बचते हुये, अपने मिशन को पूरा करने तक डटे रहे ।

इस कार्यवाही में मेजर सुरेश यशवंत रेगे ने साहस, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

18. मेजर सुशील कुमार सेखरी (आई०सी०—13019),
आर्टिलरी रेजिमेन्ट ।

1971 की पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया के दौरान मेजर सुशील कुमार सेखरी, एक स्वतन्त्र आर्टिलरी ब्रिगेड के गोलाबारी निदेशक केन्द्र के इंचार्ज थे । पहले चार दिनों में इन्होंने केन्द्र पर साठ घंटे तक लगातार प्रबंध सम्भाला और बड़े प्रभावी ढंग से तोपों की गोलाबारी को नियंत्रित किया। इन्हीं के प्रयत्नों के कारण, डेरा बाबा नानक मोर्चे को जीतना और बाद में होने वाले जवाबी हमलों को असफल करना, संभव हुआ ।

आद्योपान्त मेजर सुशील कुमार सेखरी ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

19. मेजर कोदंड करिअप्पा करम्बया (आई०सी०-11019), मराठा लाइट इन्फैन्ट्री ।

4 दिसम्बर, 1971 को, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री बटालियन के सैकंड-इन-कमान मेजर कोदंड करिअप्पा करुम्बया, उस कम्पनी के साथ थे जिसने पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला किया । जैसे ही आक्रमण जोरों पर था शत्रु ने भारी जबरदस्त मशीन गन से गोलाबारी शुरू कर दी । अपनी जान की परवाह किए बिना मेजर करुम्बया अपने जवानों को, उत्साह और जोश दिलाते हुये, लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़े और इस दौरान इन्होंने शत्रु को काफी नुकसान पहुंचाया ।

इस कार्यवाही में मेजर कोदंड करिअप्पा करुम्बया ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

20. मेजर जनक राज राजपूत (आई०सी०-19272), राजपूताना राइफल्स ।

10 दिसम्बर, 1971 को मेजर जनक राज राजपूत, राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे । इस कम्पनी को राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन के एक ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । शत्रु की मशीन गन और मार्टर की भारी गोलाबारी के कारण, कम्पनी का आक्रमण रुक गया था । निर्भय होकर मेजर जनक राज राजपूत ने अपने जवानों को लेकर लक्ष्य पर हमला कर दिया और दुश्मन की मशीन गन को बरबाद कर दिया। इनके इस कार्य से इनकी कमान को प्रेरणा मिली और लक्ष्य जीतना संभव हुआ ।

इस कार्रवाई में, मेजर जनक राज राजपूत ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

21. मेजर नरेश शर्मा (आई०सी०-14439) कुमाऊं रेजिमेंट ।

8 दिसम्बर, 1971 को, पूर्वी क्षेत्र में एक स्थान में दुश्मन के मोर्चों पर हमले के दौरान, मेजर नरेश शर्मा कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे । दुश्मन के भारी प्रतिरोध और स्वयं जख्मी हो जाने के बावजूद भी इन्होंने अपने जवानों को आगे बढ़ने और लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए जोश और उत्साह दिलाया ।

इस कार्यवाही में मेजर नरेश शर्मा ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

22. मेजर सुभाष चन्द्र शर्मा (आई०सी०-22672) राजपूताना राइफल्स ।

जब दुश्मन ने पूर्वी क्षेत्र में हमारी एक सीमा बासु चौकी पर हमला किया और कमांडिंग अफसर जख्मी हो गया, तो मेजर सुभाष चन्द्र शर्मा आगे आये और उन्होंने अपने जवानों को दुश्मन के खिलाफ लड़ने और हमले को विफल करने की प्रेरणा दी ।

इस कार्रवाई में मेजर सुभाष चन्द्र शर्मा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

23. मेजर ओम प्रकाश कोहली (एस०एस०-19586) गार्डस ब्रिगेड ।

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया में, मेजर ओम प्रकाश कोहली ब्रिगे आफ गार्डस की एक बटालियन की कम्पनी की कमान कर रहे थे । इस कम्पनी को पूर्व क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था । एक रेल की लाइन के तंग अग्रभाग पर हमला करते समय, दुश्मन की मशीन गन और प्रतिक्षेपरहित (आर०सी०एल०) गन के भारी और प्रभावी गोलाबारी से, हमला रुक गया । अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना, मेजर कोहली ने अपने जवानों को, हमला जारी रखने के लिए जोश और उत्साह दिलाया और दुश्मन को भारी जानी नुकसान पहुंचा कर, लक्ष्य पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में मेजर ओम प्रकाश कोहली ने साहस, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

24. मेजर कैलाश नाथ (आई० सी०-8460) आर्टिलरी रेजिमेंट

जब दुश्मन ने, पंजाब रेजिमेंट की बटालियन के कब्जे में एक रक्षात्मक ठिकाने पर जोरदार हमला किया, उस समय मेजर कैलाश नाथ इस बटालियन की सहायता करने वाली एक बैटरी के कमांडर थे । इन्होंने प्रेक्षण-चौकी का प्रबन्ध संभाला और दुश्मन पर अचूक और प्रभावी गोलाबारी करवा कर, आक्रमण को विफल कर दिया । दुश्मन की भारी गोलीबारी और छोटे हथियारों की गोलीबारी के बीच, वे रक्षित क्षेत्र में एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते जाते रहे और इस प्रकार गोलाबारी का निर्देशन करते रहे और दुश्मन को काफी जानी नुकसान पहुंचाया ।

इस कार्रवाई में मेजर कैलाश नाथ ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

25. मेजर संतोष चौहान (आई० सी०-20402), कुमाऊं रेजिमेंट ।

17 दिसम्बर, 1971 को मेजर सन्तोष चौहान कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे । इस कम्पनी ने शकरगढ़ क्षेत्र में दुश्मन के कुछ ठिकानों पर कब्जा कर लिया था । दुश्मन ने इस ठिकाने पर पूरी ताकत से तोपखाने की भारी एवं अचूक गोलाबारी की सहायता से जवाबी हमला किया । भारी मात्रा में हो रही गोलाबारी की परवाह किए बिना, मेजर संतोष चौहान, एक खाई से दूसरी खाई में जाकर अपने जवानों को जमे रहने का उत्साह दिलाते रहे और दुश्मन का हमला विफल कर दिया ।

इस कार्रवाई में मेजर सन्तोष चौहान ने, साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

26. मेजर सुरेन्द्र कुमार भारद्वाज (आई० सी०-7364) आर्मी आर्डनेंस कोर ।

जब सेना की एक विशेष रेलगाड़ी, अमृतसर क्षेत्र में मीडियम रेजिमेंट को ले जा रही थी, तब एक डिब्बे में आग लग गई । इस

डिब्बे में ले जाया जा रहा ट्रैक्टर और उसके साथ रखा गोलाबारूद पूरी तरह जल गया, और गोलाबारूद पूरे रास्ते में एक दम खतरनाक हालत में बिखर गया। रास्ता फिर से शुरू करने के लिए, रास्ते में से और उसके आसपास से सजीव गोलाबारूद हटाना अत्यावश्यक था। मेजर सुरेन्द्र कुमार भारद्वाज ने भारी निजी खतरा उठाकर तमाम सजीव राउंड, फ्यूज और उनके दूसरे हिस्से हटाए।

इस कार्रवाई में मेजर सुरेन्द्र कुमार भारद्वाज ने, साहस, दृढ़निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

27. मेजर तीरथ सिंह (आई० सी० 13931) (मरणोपरान्त)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री।

11 दिसम्बर 1971 की रात को, मेजर तीरथ सिंह, सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इस कम्पनी ने पश्चिमी क्षेत्र में दुस्सी बन्द जंक्शन पर, कब्जा कर लिया था। शत्रु ने दो जवाबी हमले किए, लेकिन मेजर तीरथ सिंह के प्रेरणादायक नेतृत्व में दोनों हमले विफल कर दिए गए। शत्रु ने तीसरा हमला पूरी ताकत से किया, उसे भी विफल कर दिया गया। लेकिन इस कार्यवाही में मेजर तीरथ सिंह, गम्भीर रूप से जख्मी हुए और घटनास्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हुए।

आद्योपान्त मेजर तीरथ सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

28. मेजर सुशील कुमार सिक्का (आई० सी०-8232), इंजीनियर कोर।

6 दिसम्बर, 1971 को मेजर सुशील कुमार सिक्का को पश्चिमी क्षेत्र में, लोहारा मेहलवान—लसर कलां क्षेत्र में शत्रु की रक्षात्मक सुरन्गों की रचना और गहराई मालूम करने का काम सौंपा गया था। इस काम के लिए इन्होंने 9 और 10 दिसम्बर, 1971 को रातों को दो टोह लगाने वाली गश्तों का नेतृत्व किया। शत्रु की तोपों और छोटे हथियारों की गोलाबारी की परवाह किए बिना, वे सुरंग क्षेत्र में 600 गज तक अन्दर घुस गए और महत्वपूर्ण जानकारी लेकर लौटे।

इस कार्यवाही में, मेजर सुशील कुमार सिक्का ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

29. कैप्टन रविन्दर सिंह देवल (आई० सी०-16714), 17वां हार्स।

15 दिसम्बर, 1671 की रात कैप्टन रविन्दर सिंह देवल उस 17वें हार्स टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे जो बसन्तर नदी को इंफैन्ट्री द्वारा बनाए गए पुल पदाधार से जा रही थी। शत्रु की भारी गोलाबारी की परवाह न करते हुए ये मरज चाक वाले शत्रु के सुदृढ़ मोर्चे को नष्ट करके सुरन्ग क्षेत्र में से होकर आगे बढ़े। घोर अन्धियारी रात होने पर भी ये अपने स्क्वाड्रन को पुल-पदाधार तक ले आए। 16 दिसम्बर, 1971 की सुबह टैंकों की लड़ाई में कैप्टन देवल ने अनेक जवाबी हमलों को विफल कर दिया। जब स्वयं इनके टैंक पर एक गोला लगा और वह जलने लगा तो अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना और शत्रु की गोलाबारी के बावजूद इन्होंने अपने ड्राइवर को जलते हुए टैंक से बाहर निकाला और उसे सुरक्षित स्थान पर ले आए।

इस कार्यवाही में कैप्टन रविन्दर सिंह देवल ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

30. कैप्टन कैलाश चन्द्र शर्मा (आई० सी०-22304), आर्टिलरी।

कैप्टन कैलाश चन्द्र शर्मा जेसलमेर में वायुसेना केन्द्र पर स्थल सम्पर्क अफसर थे। अपनी ड्यूटी के अलावा, इन्होंने वायुसेना आभूचना (इन्टैलिजेन्स) अफसर और वायु फोटो इन्टरप्रेटर के काम भी बहुत ही कुशलता से निभाये। इन्होंने पायलटों को निदेश ही नहीं दिए वरन् बाद में कार्यवाही से लौटने पर उनसे यह भी जानकारी हासिल की कि उन्होंने क्या क्या काम किए। इन सब कामों को इन्होंने बड़ी मेहनत से किया। साथ ही इन्होंने पायलटों के साथ अच्छा सम्पर्क बनाए रखा और जमीनी हालात को हर समय समझने में उनकी मदद की जिससे वहां क्या कार्यवाही करनी है इसका निर्णय लेने में पायलटों को कम समय लगा।

आद्योपान्त कैप्टन कैलाश चन्द्र शर्मा ने व्यावसायिक चातुर्य और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

31. कैप्टन बाबू खां (एस० एस०-20071), ग्रेनेडियस।

कैप्टन बाबू खां को राजस्थान क्षेत्र के रलनोर क्षेत्र में शत्रु के रक्षित मोर्चों की टोह लेने का काम सौंपा गया था। रलनौर से थोड़ी दूर पहले इनका शत्रु की अगली प्लाटून से मुठभेड़ हो गई और शत्रु थोड़ी देर तक मुकाबला करने के बाद पीछे हट गया। जब ये और आगे बढ़े तो शत्रु ने भारी मार्टर और मशीनगन से गोलीबारी शुरू कर दी जिसके कारण इनकी प्लाटून को रेत के टीले पर मोर्चा जमाना पड़ा। इसके थोड़ी देर बाद शत्रु ने मझौली तोपखाने की मदद से इस प्लाटून पर हमला किया। इन्होंने अपने सैन्य दल का हौसला बढ़ाया और शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचाते हुए उसके हमले को पीछे धकेल दिया। इसके बाद इन्होंने वहां पर अपना पक्का मोर्चा स्थापित किया और पीछे की टुकड़ियों को सूचनाएं भिजवाई जिससे रलनोर पर बाद में होने वाले हमलों में और उस पर कब्जा करने में बड़ी मदद मिली।

इस कार्यवाही में कैप्टन बाबू खां ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

32. कैप्टन प्रवीणकिशोर जौहरी (मरणोपरान्त) (आई० सी० 23382), 5वीं गोरखा राइफल।

कैप्टन प्रवीण किशोर जौहरी पूर्वी क्षेत्र के अतग्राम स्थान पर शत्रु के मोर्चों पर हमले के दौरान 5वीं गोरखा राइफल की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। शत्रु के तोपखाने और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के कारण इनका हमला रुक गया। हालांकि इनके पेट पर मशीनगन की गोलियों की बौछार पड़ी फिर भी अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना और घावों की चिन्ता न करते हुए इन्होंने हमले का नेतृत्व किया और

जवानों को अपने पीछे आने के लिए प्रोत्साहित किया। इन्होंने स्वयं शत्रु के एक बंकर पर हमला किया और उस के तीन जवानों को मार कर उसे नष्ट कर दिया। लक्ष्य पर कब्जा करने के पश्चात वे घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में कैप्टन प्रवीण किशोर जौहरी ने साहस, संकल्प और नेतृत्व का परिचय दिया।

33. कैप्टन सपू मैथ्यूज (आई० सी०-18664), आर्टिलरी।

16 दिसम्बर, 1671 को कैप्टन सपू मैथ्यूज एक अन्य अफसर के साथ पश्चिमी क्षेत्र में हवाई उड़ान मिशन से लौट रहे थे। शत्रु ने इनके हवाई जहाज पर मशीन गन से गोली चलवाई जिससे विमान चलाने वाला अफसर गम्भीर रूप से घायल हो गया और पैट्रोल की टंकी में छेद हो गया। कैप्टन मैथ्यूज ने बड़ी सूझ-बूझ से काम लेकर विमान का नियन्त्रण संभाल लिया और बड़ी चतुराई से पास के नदी तल में विमान को उतार लिया। तोपखाने और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के बावजूद ये घायल अफसर को लगभग 100 गज की दूरी पर सुरक्षित स्थान पर ले गए और फिर अपने साथी की सहायता का प्रबन्ध करने के लिए दौड़े।

इस कायवाही में कैप्टन सपू मैथ्यूज ने साहस, व्यावसायिक चातुर्य और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

34. कैप्टन अप्पावरप्पू लक्ष्मीनरसिंहा शर्मा (एम० आर०"2612), सेना चिकित्सा कोर।

जब शत्रु ने पूर्वी क्षेत्र में हमारी एक सीमावर्ती चौकी पर हमला किया और उसे भारी जानी नुकसान पहुंचाया तो कैप्टन अप्पावरप्पू लक्ष्मीनरसिंहा शर्मा ने प्रतिकूल परिस्थितियों में घायलों की लगातार सेवा की। जब इन्हें यह मालूम पड़ा कि अग्रवर्ती कम्पनियों में दो जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं और शत्रु की भीषण गोलाबारी के कारण उन्हें वहां से नहीं निकाला जा सकता, तो अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना ये चिकित्सा का झोला लेकर आगे गए और घायलों को आवश्यक चिकित्सा सहायता दी।

आद्योपान्त कैप्टन अप्पावरप्पू लक्ष्मीनरसिंहा शर्मा ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

35. कैप्टन मदन मोहन शमराव गडगकर (आई० सी०-19131), आर्टिलरी।

कैप्टन मदन मोहन शमराव गडगकर पश्चिमी क्षेत्र में "चकरा" ठिकाने पर हमले के दौरान ग्रेनेडियर की एक बटालियन की एक कम्पनी में अग्रिम प्रेक्षक अफसर थे। इन्होंने सुरंगक्षेत्र में विरचना और प्रहार के दौरान लक्ष्य पर तोपखाने से दुरुस्त और कारगर गोलाबारी करवाई जिससे प्रहार करने वाले सैन्यदल में कम से कम हताहत हुए और लक्ष्य पर पहुंच सके। लक्ष्य पर 3 घन्टे तक होने वाली भीषण लड़ाई के दौरान ये हमेशा कम्पनी कमान्डर के साथ रहे और कई लक्ष्यों पर गोलाबारी करवाई जिससे हमले में सफलता मिली। जब शत्रु जवाबी हमले की तैयारी कर रहा था, तो ये निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना और शत्रु के तोपखाने एवं मार्टर की भारी गोलाबारी के बावजूद खुले में चले गए और तोपखाने से दुरुस्त गोलाबारी करवाई जिससे शत्रु का काफी जानी नुकसान हुआ और वह तितर-बितर होने के लिए विवश हो गया।

इस कार्यवाही मे कैप्टन मदन मोहन शमराव गडगकर ने साहस, संकल्प और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

36. कैप्टन गिरजेश प्रताप सिंह (आई० सी०-21768), सिगनल कोर।

18 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन गिरजेश प्रताप सिंह को पश्चिमी क्षेत्र में आड़ी तक 25 किलोमीटर की दूरी में टेलीफोन लाइन बिछाने का काम सौंपा गया था। यह लाइन संक्रियात्मक रास्ते के साथ-साथ बिछी हुई थी और इस पर बार-बार हवाई हमले और लगातार गोलाबारी हो रही थी। इससे यह लाइन अनेक स्थानों पर बार-बार कट जाती थी। बमबारी और गोलाबारी की परवाह किए बिना इन्होंने अपने जवानों को प्रेरणा दी और उनका हौसला बढ़ाया जिससे वे लगातार 36 घन्टे तक रात दिन काम करते रहे। इनके इन प्रयत्नों से संचार लाइन हमेशा ठीक रह सकी।

इस कार्यवाही में कैप्टन गिरजेश प्रताप सिंह ने साहस, संकल्प, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

37. कैप्टन विष्णु लक्ष्मण वाडोडकर (आई० सी०-22128) आर्टिलरी।

8 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन विष्णु लक्ष्मण वाडोडकर जम्मू और कश्मीर रायफल की एक बटालियन की उस कम्पनी में अग्रिम-प्रेक्षक अफसर थे जिसने पश्चिमी क्षेत्र में एक ठिकाने पर हमला किया। शत्रु के घने और दुरुस्त गोलाबारी ने तकरीबन इनका हमला रुक गया। ऐसे समय कैप्टन वाडोडकर एक पोजीशन से दूसरी पोजीशन पर गए और अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना शत्रु की पोजीशनों को पूरी तरह बे असर कर दिया। बाद में शत्रु ने इन पर जवाबी हमला किया तो ये उसे भी नाकाम-याब करने में सफल रहे।

इस कार्यवाही में कैप्टन विष्णु लक्ष्मण वाडोडकर ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

38. कैप्टन यादव मुखर्जी (आई० सी०-21068), आर्मी आर्डनेन्स कोर।

5 दिसम्बर, 1971 को अखनूर के एक गोलाबारूद स्थल में शत्रु की बमबारी के कारण आग लग गई। इससे गोलाबारूद के दूसरे बड़े क्षेत्रों में भी आग लगने का खतरा पैदा हो गया। कैप्टन यादव मुखर्जी अपने जीवन की तनिक परवाह किए बिना उस क्षेत्र में गए और आग पर काबू पाने के लिए सात घन्टों तक जूझते रहे। कैप्टन मुखर्जी के लगातार प्रयत्नों से एक भारी खतरा टल गया।

इस कार्यवाही में कैप्टन यादव मुखर्जी ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

39. कैप्टन रमेश चन्द्र डबराल (एस० एस०-22223), आर्टिलरी।

11 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन रमेशचन्द्र डबराल को हमारे उन टैंकों को हवाई खतरों से बचाने का काम सौंपा गया था जो शकरगढ़ क्षेत्र के कारी नदी क्षेत्र में फंस गए थे। रात के समय ऊबड़ खाबड़ इलाके से अपने सैन्यदलों को ले जाकर इन्होंने अपनी तोपों को उस क्षेत्र में कारगर ढंग से लगाया और जब शत्रु के विमानों ने 12 दिसम्बर, 1971 की सुबह हमारे टैंकों पर हमला किया तो इन्होंने उन पर गोलियां चलाईं। इनकी गोलाबारी इतनी सही थी कि शत्रु के विमान उस क्षेत्र से उड़ कर दूर चले गए और हमारे टैंकों को कोई नुकसान न पहुंच सका।

इस कार्यवाही में कैप्टन रमेश चन्द्र डबराल ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

40. कैप्टन मल्कियत सिंह दुल्लत (आई० सी०-15949), आर्टिलरी।

4 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन मल्कियत सिंह दुल्लत को शत्रु के उन टैंकों पर हमला करने का काम सौंपा गया था जिनकी पूर्वी क्षेत्र में दरसाना पर हमारे हमले में रुकावट डालने की सम्भावना थी। दिखाव कम होने के कारण इन्हे विमान निचाई पर उड़ाना पड़ा जिससे इनके विमान पर मशीनगन से भारी गोली-बारी हुई। हालांकि इनके विमान को क्षति पहुंची थी, परन्तु इसकी ओर ध्यान न देकर और बिना झिझके इन्होंने शत्रु के टैंकों का पता लगाया और उन पर प्रभावी हमला किया। इस तरह मिशन को पूरा करने में इन्होंने बहुत अंशों तक सहायता की।

इस कार्यवाही में कैप्टन मल्कियत सिंह दुल्लत ने साहस, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

41. कैप्टन टेक चन्द भारद्वाज (एस० एस०-20880), पैराशूट रेजिमेंट।

11 दिसम्बर, 1971 की रात में पूर्वी क्षेत्र में तंगाइल ठिकाने में पुंगली पुल पर पैराशूट रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा हवाई-हमले के बाद कैप्टन टेक चन्द भारद्वाज को जो एक खासमिशन नेतृत्व कर रहें थे, उत्तर की ओर 10 किलोमीटर के क्षेत्र पर कब्जा करने और शत्रु के जवाबी हमलों की पूर्व सूचना देने का काम सौंपा गया था। उस क्षेत्र पर शत्रु की प्लाटून ने कब्जा कर रखा था और उसके पास मझौली मशीनगन थी। इनके पास केवल थोड़ी इन्फैन्ट्री और इंजीनियरी थें जिन्हे एक एक मीडियम (मझौली) मशीनगम और प्रतिक्षेपरहित (आर० सी० एल०) गन की टुकड़ी की मदद मिल रही थी। कैप्टन टेक चन्द भारद्वाज ने अपनी सेना को चतुराई से नियोजित किया, जिसके परिणामस्वरूप शत्रु ने वह स्थान छोड़ दिया और वहां कैप्टन टेक चन्द भारद्वाज का कब्जा हो गया। शत्रु ने और कुमुक मगाई और अपनी कम्पनियों से इस स्थान पर हमला कर दिया। जब इन्हें मालूम पड़ा कि शत्रु ताकतवर है और उसके सामने डटे रहना मुश्किल है तो इन्होंने अपनी सेना को पीछे हटा लिया और घात लगाई। शत्रु इनका पीछा कर ही रहा था, वह इनके घेरे में आ गया और उसे भारी जानी नुक्सान पहुंचा। इसके पश्चात इनकी टुकड़ी पीछे हट गई और बटालियन से जा मिली 15/16 दिसम्बर, 1971 की रात में ढाका की तरफ बढ़ते हुए, कैप्टन भारद्वाज को धावा करने वाली टुकड़ी का नेतृत्व करने और शत्रु से मुकाबला करने का आदेश दिया गया। पुल को पार करते समय इनकी टुकड़ी पर छोटे हथियारों की भारी ओर सही गोली बारी होने लगी। उन्होंने: दूसरी तरफ से शत्रु पर गोलीबारी की और उसे भारी जानी नुक्सान पहुंचाया।

इस कार्यवाही में कैप्टन टेक चन्द भारद्वाज ने साहस, संकल्प और नेतृत्व का परिचय दिया।

42. कैप्टन कुप्पूस्वामी चन्द्रशेखर (आई० सी० 23427), मद्रास रेजिमेन्ट।

5 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन कुप्पूस्वामी चन्द्रशेखर को पश्चिमी क्षेत्र में कलसिआं खुर्द पर कब्जा करने और कब्जा बनाए रखने के आदेश दिए गए। शत्रु के कड़े मुकाबले के बावजूद इन्होंने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। शत्रु ने वह जवाबी हमले किए परन्तू कैप्टन कुप्पूस्वामी चन्द्रशेखर के प्रेरक नेतृत्व के कारण विफल कर दिए गए।

इस कार्यवाही में कैप्टन कुप्पूस्वामी चन्द्रशेखर ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

43. कैप्टन लालगुडी नारायणस्वामी सुन्द्रा राजन (एस० एस०-19509), आर्टिलरी।

11 दिसम्बर, 1971 की रात को कैप्टन लालगुडी नारायण-स्वामी सुन्द्रा राजन पश्चिमी क्षेत्र में फतेहपुर चौकी पर हमले के दौरान सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी में अग्रवर्ती प्रेक्षण अफसर थे। जब शत्रु को चौकी से हाथ धोना पड़ा तो उसने बड़ी संख्या में जवानों को लेकर भारी तोपखाने की गोलाबारी की मदद से बार-बार जवाबी हमले किए। कैप्टन राजन अपनी सुरक्षा की ओर ध्यान दिए बिना प्रहार करने वाले शत्रु का प्रेक्षण करते हुए और उस पर कारगर गोलाबारी करवाते हुए, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहे। इस प्रकार मुख्यतय: इनके प्रयत्नों की वजह से ही शत्रु के हमले विफल कर दिए गए।

इस कार्यवाही में कैप्टन लालगुडी नाराणस्वामी सुन्द्रा राजन ने साहस, संकल्प और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

44. कैप्टन श्रीकान्त नागेश धर्माधिकारी (टी० ए०-41367), हवाई रक्षा रेजिमेन्ट (टी० ए०)।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान कैप्टन श्रीकान्त नागेश धर्माधिकारी एक हवाई रक्षा रेजिमेन्ट में ट्रूप कमांडर थे और इन्हें राजस्थान क्षेत्र में ओखा चौकी को हवाई हमलों से बचाने का काम सौंपा गया था। 5 और 9 दिसम्बर, 1971 को इस चौकी पर शत्रु के विमानों ने हमले किए। कैप्टन

धर्माधिकारी ने अपने सैन्यदलों की गोलीबारी का दक्षता और कुशलता से नियन्त्रण किया और उसे सही दिशा दी जिससे इन्होंने शत्रु के दो विमान मार गिराए।

इस कार्यवाही में कैप्टन श्रीकान्त नागेश धर्माधिकारी ने साहस, व्यावसायिक कुशलता और नेतृत्व का परिचय दिया।

45. कैप्टन प्रमोद कुमार चोपड़ा (आई० सी०-15898), आर्टिलरी।

13 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन प्रमोद कुमार चोपड़ा पश्चिमी क्षेत्र में नयाछोर पर हमले के दौरान सिख रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी में अग्रवर्ती-प्रेक्षण अफसर थे। इनकी हमले की गति शत्रु के प्रभावी और भारी गोलाबारी के कारण रुक गई। अपनी सुरक्षा की ओर ध्यान दिए बिना कैप्टन प्रमोद कुमार चोपड़ा आगे बढ़े और एक सुविधाजनक स्थान पर मोर्चा जमाते हुए जहां पर भारी गोलाबारी हो रही थी और वहां से इन्होंने शत्रु के हथियारों को बेअसर करने के लिए तोपखाने से सही गोलाबारी करवाई। इस प्रकार कम्पनी आगे हमला कर सकी।

इस कार्यवाही में कैप्टन प्रमोद कुमार चोपड़ा ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

46. कैप्टन शेखर दत्त (एस० एस०-19877), आर्टिलरी।

15 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन शेखर दत्त पश्चिमी क्षेत्र में नयाछोर पर हमले के दौरान एक बख्तरबन्द स्क्वाड्रन में अग्रवर्ती प्रेक्षण अफसर थे। इस हमले में इनका टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और गतिहीन हो गया। कैप्टन दत्त भारी गोलाबारी से बिना झिझके टैंक से बाहर निकल आए और एक सुविधाजनक स्थान पर पहुंचे, यहां से इन्होंने तोपखाने से सही और प्रभावी गोलाबारी करवाई।

इस कार्यवाही में कैप्टन शेखर दत्त ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

47. कैप्टन भजन सिंह कतवाल (मरणोपरान्त)
(आई० सी०-22658)
आर्टिलरी।

17 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन भजन सिंह कतवाल मद्रास रेजिमेन्ट की एक बटालियन में प्रेक्षण चौकी अफसर थे और पश्चिमी सैक्टर में हिंगोरों तार की एक रक्षात्मक मोर्चे पर कब्जा किए हुए थे। तड़के सवेरे ही शत्रु ने भारी संख्या में तोपखाने की मदद से इस मोर्चे पर हमला किया परन्तु उसके हमले को विफल कर दिया गया। तब शत्रु ने और भी अधिक संख्या में इन पर दुबारा प्रहार किया और अग्रवर्ती रक्षित इलाकों पर कब्जा कर लिया। हमारे सैन्यदलों नजदीक होने के कारण शत्रु पर तोपखाने से गोलाबारी नहीं की जा सकती थी इसलिए कैप्टन भजन सिंह कतवाल ने कुछ जवानों को लेकर हमला कर रहे शत्रु पर प्रहार किया। इस प्रक्रिया में इनके मस्तक पर गोली लगी, जिसके परिणामस्वरूप इन्होंने वीर गति पाई।

इस कार्यवाही में कैप्टन भजन सिंह कतवाल ने साहस और नेतृत्व शक्ति का परिचय दिया।

48. कैप्टन वीर नाथ (आई० सी०-23317), सिख लाइट इन्फैन्ट्री।

11 दिसम्बर 1971 को शत्रु के चार सेबर विमानों ने राजस्थान क्षेत्र में "परखे जी वेरी" रेलवे स्टेशन पर हमला किया जहां रात में गोलाबारूद और दूसरा सामान उतारा गया था कुछ गोलाबारूद में आग लग गई और वह फटने लगा। कैप्टन वीर नाथ जो सामान उतारने वाली टोली के इंचार्ज थे, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना गोलाबारूद के उन बक्सों और सामान को सुरक्षित स्थान पर हटाने के लिए दौड़े जो अभी तक जला नहीं था। इस दौरान एक मझौले तोपखाने का गोला फटने के कारण ये गम्भीर रूप से घायल हो गए।

इस कार्यवाही में कैप्टन वीर नाथ ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

49. कैप्टन एडवर्ड रथनकुमार मुथुमनि डेविड (एम० आर०-8498), सेना चिकित्सा कोर।

8 दिसम्बर, 1971 को सिख लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी जब परखत अली की ओर आगे बढ़ रही थी तो शत्रु की भारी और कारगर गोलीबारी से हमारे काफी सैनिक हताहत हुए। शत्रु के प्रभावी गोलीबारी के कारण घायलों को निकालना बहुत ही कठिन था। कैप्टन डेविड इस बटालियन में मैडिकल अफसर थे। इन्होंने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना एक जीप ली और ऐसे स्थान पर पहुंचे जो अग्रवर्ती सैन्यदलों से केवल 400 गज दूर था। वहां ये उतरे और शत्रु की लगातार गोलाबारी के बावजूद प्राथमिक चिकित्सा करने के लिए आगे बढ़े। इसके बाद घायलों को वहां से निकालने के लिए जीप पर ले आए।

इस कार्यवाही में कैप्टन एडवर्ड रथनकुमार मुथुमनि डेविड ने साहस, पहलशक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

50. कैप्टन रनशेर सिंह राणावत (आई० सी०-19420), गार्डस ब्रिगेड।

कैप्टन रनशेर सिंह राणावत पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के सुदृढ़ मोर्चे पर हमले के दौरान गार्डस ब्रिगेड की एक बटालियन में थे। प्रहार के दौरान एक कम्पनी कमाण्डर हल्की मशीन गन की बौछार से घायल हो गए। कैप्टन राणावत को जब शत्रु के उन बंकरों की जानकारी हो गई जहां से की जाने वाली गोलीबारी हमले में कारगर तौर पर बाधा डाल रही थी तो निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना ये आगे की ओर झपटे और हालांकि गोली लगने से ये घायल हो गए थे फिर भी इन्होंने तीन बंकरों को बेअसर कर दिया।

इस कार्यवाही में कैप्टन रनशेर सिंह राणावत ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

51. कैप्टन बलबीर सिंह (एस० एस०-21116),
पंजाब रेजिमेन्ट ।

कैप्टन बलबीर सिंह पंजाब रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एस कम्पनी की कमान कर रहे थे जो पूर्वी क्षेत्र में रक्षित मोर्चे में जमी हुई थी । जब शत्रु की इन्फैन्ट्री ने टैंकों की मदद से इस मोर्चे पर हमला किया तो निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना और भारी तोपखाने, टैंक और छोटे हथियारों की गोलीबारी के बावजूद खाई-खाई जाकर इन्होंने जवानों का हौसला बढ़ाया और सही गोलीबारी करवाई ।

इनके कुशल नेतृत्व में कम्पनी ने शत्रु के हमल को विफल कर दिया और उसे भारी जानी नुकसान पहुंचाया ।

इस कार्यवाही में कैप्टन बलबीर सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

52. कैप्टन पुरुषोत्तम लाल बावा
(आई० सी०-20903)
पैराशूट रेजिमेन्ट ।

7 दिसम्बर 1971 को कैप्टन पुरुषोत्तम लाल बावा उस टोली के इंचार्ज थे जिसे राजस्थान क्षेत्र में कचरा और विरवाह पर छापा मारने का आदेश दिया गया । जब इनकी टोली शत्रु की पंक्ति के पीछे चल रही थी तो शत्रु की एक मंझौली मशीन गन ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी जिससे भारी जानी नुकसान पहुंचा । कैप्टेन बावा ने मशीनगन चौकी पर तुरन्त हमला किया जिससे शत्रु इतना घबरा गया कि वह वहां से भाग खड़ा हुआ । इसी तरह 16 दिसम्बर 1971 को जब इन्हें यह मालूम पड़ा कि उनकी एक टुकड़ी का सम्पर्क टूट गया है तो इन्होंने नियन्त्रण सेट लिया और शत्रु के क्षेत्र में अन्दर घुस गए और दुबारा संचार सम्पर्क कायम करने के लिए ये वहां चौबीस घन्टे तक रहे ।

इस कार्यवाही में कैप्टन पुरुषोत्तम लाल बावा ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

53. कैप्टन श्री प्रकाश माधव नायक
(एम० एस०-8393)
सेना चिकित्सा कोर ।

पश्चिमी क्षेत्र में साहजरा पर हमले के दौरान 5वीं गोरखा रायफल्स की एक बटालियन में कैप्टन श्री प्रकाश माधव नायक मेडिकल अफसर थे । इन्होंने घायलों को तुरन्त डाक्टरी सहायता दी और उन्हें जल्दी से रणक्षेत्र से हटाया । भारी और स्वचालित हथियारों से गोलीबारी के बावजूद इन्होंने बिना झिझके ड्यूटी पूरी की । घायलों के प्रति तुरन्त ध्यान देने से इनकी बटालियन के जवानों को प्रेरणा मिली ।

आद्योपान्त कैप्टन श्री प्रकाश माधव नायक ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

54. कैप्टन हरबंश सिंह संधु (एस० एस०-22335)
आर्टिलरी ।

कैप्टन हरबंश सिंह पश्चिमी क्षेत्र में एक प्रमुख रेडार स्टेशन की रक्षा के लिए लगाई गई तोपों की कमान कर रहे थे । इस रेडार स्टेशन पर शत्रु ने दिन में और रात में 17 भारी हवाई हमले किए । हमलों के दौरान कैप्टन संधु एक से दूसरे तोपखाने पर जाकर अपने जवानों को प्रेरणा देते रहे और इन्होंने कारगर विमान भेदी गोलीबारी करवाई । यह प्रमुखयत: इनके प्रेरक नेतृत्व और प्रयत्न थे जिनकी वजह से इनके जवान इस प्रमुख रेडार स्टेशन पर बार बार होने वाले हमलों को विफल कर सके और स्टेशन को पूरी तरह काम करने की हालत में रख सके ।

आद्योपान्त कैप्टन हरबंश सिंह संधु ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

55. कैप्टन राहुल कार (आई० सी०-19120)
इंजीनियरस ।

कैप्टन राहुल कार इंजीनियर्स की उस ध्वंस टोली के प्रभारी थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में एक रेल पुल को नष्ट करने का काम सौंपा गया था । 11 दिसम्बर 1971 को इस पुल के उड़ाने के लिए वे अपनी टोली को शत्रु के इलाके के काफी अन्दर तक ले गए । जब वे उस पुल के पास पहुंचने वाले थे तो उनकी टोली पर शत्रु की भारी गोलाबारी पड़ी । बिना झिझके इन्होंने अपनी टोली को शत्रु पर गोलीबारी करने का आदेश दिया और स्वयं तीन सैपरों को लेकर पुल की ओर गए और अपना कार्य सम्पन्न किया ।

इस कार्यवाही में कैप्टन राहुल कार ने साहस नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

56. कैप्टन अनूप कुमार (आई० सी०-20752)
गार्ड्स ब्रिगेड ।

गार्ड्स ब्रिगेड की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के कब्जे में आई एक चौकी को साफ करने का काम सौंपा गया था । उस चौकी पर शत्रु की बहुत अच्छी मोर्चाबन्दी थी और उसके सैनिक काफी संख्या में वहां मौजूद थे । कैप्टन अनूप कुमार अपनी कम्पनी को लेकर आगे बढ़े । कम्पनी पर शत्रु के छोटे हथियारों और तोपखाने की भारी गोलीबारी की बौछार पड़ी । उन्होंने जवाबी हमले के लिए कम्पनी का साहस के साथ नेतृत्व किया । गम्भीर रूप से घायल होने पर भी वह शत्रु की एक हलकी मशीनगन को शान्त करने में सफल हुए और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने जवानों को निदशन करते रहे और उत्साहित करते रहे । शत्रु तेज हमले के कारण घबरा गया और भारी जानी नुकसान के बाद चौकी छोड़ कर भाग खड़ा हुआ ।

इस कार्यवाही में कैप्टन अनूप कुमार ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

57. कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह मान
(एस० एस०-19825)
गार्डस ब्रिगेड ।

कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह मान पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक रक्षित मोर्चे पर हमला करते समय गार्डस ब्रिगेड की एक बटालियन के प्लाटून कमांडर थे । अपनी प्लाटून का नेतृत्व करते हुए उन्होंने शत्रु के बीसरी ठिकानों पर पीछे से हमला किया । इससे शत्रु घबरा गया और अपने मोर्चों से पीछे हटने लगा । कैप्टन मान ने

भागते हुए शत्रु का पीछा किया और जीप में बैठे हुए भागने की कोशिश करते हुए शत्रु के सैनिकों को मारने में सफल हुए। इस कार्यवाही में वह एक स्नाइपर द्वारा घायल हो गए। परन्तु फिर भी बिना झिझके उन्होंने स्नाइपर के ठिकाने पर हमला कर दिया और उसे अपनी स्टेनगन की बौछार से मार डाला।

इस कार्यवाही में कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह मान ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

58. कैप्टन ब्रतिन्द्र बैनर्जी (आई० सी०-23371)
इंजीनियर्स।

4 दिसम्बर 1971 को कैप्टन ब्रतिन्द्र बैनर्जी को पूर्वी क्षेत्र में एक सड़क के निर्माण हेतु टोह लेने का आदेश दिया गया। इस क्षेत्र में तैनात हमारी सेना के आगे बढ़ने के लिए इस सड़क का निर्माण बहुत महत्वपूर्ण था। इस बात के बावजूद कि शत्रु अभी इस इलाके में सक्रिय था कैप्टन बैनर्जी के अपने दल का साहस के साथ नेतृत्व किया। उनके दल पर शत्रु के स्नाइपरों ने कई बार गोली चलाई। एक बार तो उन पर शत्रु के हवाई जहाजों ने भी गोलीबारी की पर उन्होंने बिना किसी हिचक के इस कार्य को पूरा किया और अपने हाथ बहुत कीमती सूचनाएं लाए।

इस कार्यवाही में कैप्टन ब्रतिन्द्र बैनर्जी ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

59. कैप्टन हितेश कुमार मेहता (मरणोपरान्त)
(आई० सी०-23102)
गोरखा राइफल्स।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान कैप्टन हितेश कुमार मेहता जनरल आफिसर कमांडिंग के ए०-डी०-सी थे। अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त वह स्टाफ आफिसर का कार्य-भार भी सम्भाले हुए थे और साथ ही वह रोवर रेडियो सेट की देखभाल भी कर रहे थे। 16 दिसम्बर 1971 को ढाका स्थित पाकिस्तानी सेना के चीफ को एक जरूरी सन्देश पहुंचाने के लिए इन्होंने अपनी सेवा अर्पित की। जब वे ढाका में थे तब भी इन्होंने पाकिस्तानी सेना के एक अफसर के साथ जाकर भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के लिए वह सन्देश ले जाने के लिए अपनी सेवायें अर्पित कीं जिसमें कहा गया था कि आत्मसमर्पण स्वीकार हो गया है गोलाबारी बन्द की जाए। इसी कार्य के दौरान उन पर पाकिस्तानी टैंक की मशीनगन की गोली लगी और वे वहां पर ही वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में कैप्टन हितेश कुमार मेहता ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

60. कैप्टन राजेन्द्र राव ताम्बे (एम० एस०-8430)
सेना चिकित्सा कोर।

पाकिस्तान के विरुद्ध दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान कैप्टन राजेन्द्र राव ताम्बे मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की उस बटालियन के रेजिमेन्टल मैडिकल अफसर थे जो पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की मोर्चाबन्दी पर हमले कर रही थी। प्रहारक कम्पनी पर शत्रु के तोपखाने और मशीनगन की भारी गोलाबारी की बौछार पड़ी और कम्पनी को काफी नुक्सान हुआ। रेजिमेन्टल एड पोस्ट पर भी भारी गोलाबारी हुई। कैप्टन राजेन्द्र राव ताम्बे विचलित हुए बिना लगातार घायलों को डाकटरी सहायता देते रहे। वह जख्मियों की देखभाल के लिए लड़ाई के मैदान के बौछार वाले इलाके में बढ़ते ही गए और इस तरह उन्होंने काफी जानें बचाईं।

इस कार्यवाही में कैप्टन राजेन्द्र राव ताम्बे ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

61. लैफ्टिनेन्ट रायदुर्ग रामा मूर्ति
(एस० एस०-21456)
इंजीनियर्स।

लेफ्टिनेन्ट रायदुर्ग रामा मूर्ति, इंजीनियर्स रेजिमेन्ट की उस प्लाटून की कमान कर रहे थे जो पूर्वी क्षेत्र में एक रक्षित इलाके की हिफाजत कर रही थी। शत्रु ने इस इलाके पर भारी संख्या में तोपखाने सहित रात को हमला कर दिया। लेफ्टिनेन्ट रामा मूर्ति की प्लाटून को शत्रु के हमले का सारा जोर सहना पड़ा। इन्होंने अपने जवानों को स्वयं अपनी मिसाल देकर डटकर रहने को प्रोत्साहित किया। हमला नाकाम कर दिया गया और शत्रु को भारी जानी क्षति पहुंची।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट रायदुर्ग रामा मूर्ति ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

62. लेफ्टिनेन्ट नारायण पिल्ले चन्द्रशेखरण पिल्ले
(आई० सी०-25031),
इंजीनियर्स।

7 दिसम्बर1971 को लेफ्टिनेन्ट नारायण पिल्ले चन्द्रशेखरण पिल्ले को शकरगढ़ क्षेत्र में शत्रु के सुरंग को तोड़ने का आदेश दिया गया। ताकि उसमें से गाड़ी ले जाने का रास्ता बन जाए। उन्होंने दिन की रोशनी में शत्रु की भारी और अचूक गोलबारी के बावजूद अपने जवानों का सकुशल नेतृत्व किया और वे शत्रु के इलाके में घुस कर 750 गज लम्बी सुरंग क्षेत्र को तोड़ने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट नारायण पिल्ले चन्द्रशेखरण पिल्ले ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

63. लेफ्टिनेन्ट धर्म वीर सिंह मियां (एम० एस०-22181),
5वीं गोरखा रायफल्स।

5 दिसम्बर, 1971 को लेफ्टिनेन्ट धर्म वीर सिंह मियां, 5वीं गोरखा रायफल्स की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। उन्हें शत्रु की एक सुरक्षित जगह पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद लेफ्टिनेन्ट मियां अपनी निजी मिसाल देकर जवानों का हौसला बढ़ाते हुए और शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचाने के बाद उस स्थान पर कब्जा करने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट धर्म वीर सिंह मियां ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

64. लेफ्टिनेन्ट लालमणि सिंह (एस० एस०-22408)
8वीं गोरखा रायफल्स ।

लेफ्टिनेन्ट लालमणि सिंह, 8वीं गोरखा रायफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे । जिसे आदेश दिया गया था कि वह डेरा बाबा नानक क्षेत्र में स्थित एक चौकी से शत्रु को हटा कर उसे खाली कराने का काम सौंपा गया था । जैसे ही कम्पनी के जवान अपने लक्ष्य की ओर बढ़े शत्रु ने भारी और अचूक गोलाबारी शुरू कर दी । लेफ्टिनेन्ट लालमणि सिंह आगे बढ़ते गए और शत्रु के बंकर को शान्त करने में सफल हुए । तब वह अपने जवानों का हौसला बढ़ाते रहे और उन्हें लक्ष्य पर ले गए और उस पर कब्जा करने में सफल हुए ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट लालमणि सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

65. लेफ्टिनेन्ट जी० डी-सोज़ा (एस० एस०-22116),
इंजानियर्स ।

14 दिसम्बर 1971 को लेफ्टिनेन्ट जी० डि-सोजा को पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु के एक सुरंग क्षेत्र को साफ करने का आदेश दिया गया । सुरंगों की खोज करते समय उन्होंने सुरंगों के बीच में एक खाली जगह देखी जहां सुरंगें बिखरी पड़ी थीं । तोपखाने और मार्टर की लगातार गोलबारी के बावजूद लेफ्टिनेन्ट डि०-सोजा ने 53 सुरंगों को बेअसर कर दिया और खाली जगह को उसी रात साफ करने में सफल हुए ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट जी० डि-सोज़ा ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

66. लेफ्टिनेन्ट राकेश कुमार सूद (एम० एस०-8477)
सेना चिकित्सा कोर ।

लेफ्टिनेन्ट राकेश कुमार सूद, डेरा बाबा नानक क्षेत्र में डोगरा रेजिमेन्ट की एक बटालियन के रेजिमेन्टल मैडिकल आफिसर थे । इस इलाके में शत्रु ने मोर्चेबन्दी का जाल बिछाया हुआ था । लक्ष्य पर कब्जा करने के बाद बटालियन को शत्रु की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा । अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, लेफ्टिनेन्ट सूद ने एक बंकर से दूसरे बंकर में जाकर घायल जवानों को प्रथम उपचार देकर राहत पहुंचाई । इस तरह मौके पर डाक्टरी सहायता देकर उन्होंने काफी जानें बचाई ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट राकेश कुमार सूद ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

67. लेफ्टिनेन्ट सुरेश राजन (आई० सी०-23002)
सिगनल कोर ।

15 दिसम्बर 1971 को हैडक्वार्टर्स 54 आर्टिलरी ब्रिगेड से 70 मीडियम रेजिमेन्ट को सुरंग क्षेत्र में से गुजरकर जाने वाली फायर आर्डर (आदेश) लाइन थरकावल के पास शत्रु की भारी गोलाबारी के कारण कट गई थी । लेफ्टिनेन्ट सुरेश राजन अपनी टोली सहित थरकावल की ओर गए और भारी गोलाबारी के बावजूद लाइन की स्वयं ही मरम्मत करके संचार व्यवस्था को दोबारा चालू किया । सारी संक्रिया के दौरान वे दिन और रात में बाहर रहे और इस बात का पूरा ध्यान रखा कि ब्रिगेड की संचार व्यवस्था जो कि 15-20 कि० मीटर में फैली हुई थी ठीक बनी रहे । आर्टिलरी ब्रिगेड की सारी सफलता केवल संचार व्यवस्था के सुचारु रूप से बने रहने की वजह से हुई ।

आद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट सुरेश राजन ने साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

68. लेफ्टिनेन्ट कसूला प्रभाकर रेड्डी
(आई० सी०-23051),
इंजीनियर्स ।

7 दिसम्बर 1971 को लेफ्टिनेन्ट कसूला प्रभाकर रेड्डी स्वतन्त्र प्रहार फील्ड कम्पनी की एक प्लाटून के कमाण्डर थे जिसे पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु के सुरंग क्षेत्र को तोड़ने की जिम्मेदारी दी गई थी । जैसे ही इंजीनियर्स टोली ने अपना कार्य शुरू किया, शत्रु ने तोपखाने से जबरदस्त एवं अचूक गोलाबारी शुरू कर दी । बिना किसी के भय के लेफ्टिनेन्ट रेड्डी ने अपनी टोली की सहायता से थोड़े ही समय में 600 गज तक के इलाके में फैले सुरंग क्षेत्र को साफ कर दिया ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कसूला प्रभाकर रेड्डी ने साहस, नेतृत्व एवं कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

69. लेफ्टिनेन्ट दरानीकोटा उदय शंकर
(एस० एस०-21772)
मद्रास रेजिमेन्ट ।

12 दिसम्बर 1971 को लेफ्टिनेन्ट दरानीकोटा उदय शंकर पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर हमले के समय, मद्रास रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । जैसे ही प्लाटून अपने लक्ष्य की ओर बढ़ी, उस पर शत्रु की भारी गोलाबारी शुरू हो गई । । लेफ्टिनेन्ट उदय शंकर की प्लाटून के काफी सैनिक हताहत हुए । पर विचलित हुए बिना और अपनी जान की परवाह किए बिना, उन्होंने अपनी प्लाटून के साथ शत्रु के नजदीकी बंकर पर हमला कर दिया और भीषण लड़ाई के बाद अपने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया । शत्रु घबराहट में चौकी को छोड़कर भाग निकला । शत्रु अपने पीछे 2 हल्की मशीनगन, दो रायफलें और काफी मात्रा में गोलाबारूद भी छोड़ गया ।

इस कार्यवाही में लेफ्टिमेंट दरानीकोटा उदय शंकर ने साहस, नेतृत्व एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

70. लेफ्टिमेन्ट रमेश प्रसाद सिंह (आई० सी०-24980)
इंजीनियर्स ।

15 दिसम्बर 1971 की रात को लेफ्टिनेन्ट रमेश प्रसाद सिंह को पश्चिमी क्षेत्र में बसन्तार नदी के पास शत्रु के सुरंग क्षेत्र को भेदने (ब्रीचिंग) की जिम्मेदारी सौंपी गई थी । रात के अंधेरे और शत्रु की जबरदस्त गोलाबारी के कारण गलियारे बनाने वाली ट्राली को ठीक दिशा में आगे बढ़ना कठिन हो रहा

था । मगर लेफ्टिनेन्ट रमेश प्रसाद सिंह अपनी जान की परवाह किये बिना उन ट्रालों के आगे आगे चल कर टार्च से उन्हें दिशा दिखाते रहे। इस तरह इन्होंने सुरंग क्षेत्र को जल्दी भेदने (ब्रीचिंग) करने में सफलता पाई।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट रमेश प्रसाद सिंह ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

71. सेकण्ड लेफ्टिमेन्ट नरेन्द्र कुमार व्यास (आई० सी०-23925), गोरखा रायफल्स ।

14 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र कुमार व्यास गोरखा रायफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ मार्टर गोलीबारी के नियन्त्रक थे । इस कम्पनी को पश्चिमी क्षेत्र में चत्तराना पर कब्जा कर लेने के बाद इसी इलाके में इसी बटालियन की एक और कम्पनी से संपर्क बनाने का आदेश दिया गया था । इन्होंने इस कम्पनी से संपर्क बनाने के लिये अपनी गश्ती पार्टी को साथ लिया । रास्ते में एक मुठभेड के दौरान इस पार्टी ने शत्रु के दो जवानों को मार दिया और दो को जिसमें शत्रु की कम्पनी का कमांडर भी शामिल था कैदी बना लिया । जैसे ही सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट व्यास अपनी बटालियन के ठिकाने की ओर वापस जा रहे थे इन्होंने शत्रु को अपनी कम्पनी के ठिकाने पर जवाबी हमले की तैयारी में पाया । तुरन्त ही इन्होंने अपने मार्टरों से गोलीबारी शुरु करवा दी और शत्रु की हमला करने वाली पंक्ति को तोड़ दिया।

इस कार्रवाई में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र कुमार व्यास ने साहस नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

72. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट धर्मवीर रेटू (एस०एस०-23027), राजपूताना राइफल्स ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट धर्म वीर रेटू पश्चिमी क्षेत्र में राजपूताना रायफल्स के एक बटालियन की कमांडो प्लाटून की कमान कर रहे थे । इस प्लाटून को शत्रु की सुरक्षा पंक्ति के पीछे सड़क पर रोक लगाने का कार्य सौंपा गया था। इस रोक का उद्देश्य शत्रु की आने वाली कुमुक को काटना और पीछे हटने के रास्ते को बन्द करना था । उन्होंने इस कार्य को बहुत ही अच्छे ढंग से संगठित और कार्यान्वित किया और भागने की कोशिश करने वाले शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया।

इस कार्यवाही में सेकन्ड लेफ्टिनेन्ट धर्मवीर रेटू ने साहस नेतृत्व एवं कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

73. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कृष्ण कुमार शर्मा (आई० सी०-23294) (मरणोपरान्त) पंजाब रेजिमेन्ट ।

5 दिसम्बर 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कृष्ण कुमार शर्मा पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमले के दौरान एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । जैसे ही वे शत्रु की ओर बढ़े शत्रु के छोटे हथियार की मार से उनका बाजू जख्मी हो गया । मगर फिर भी बिना किसी डर के उन्होंने स्वयं शत्रु पर जवाबी हमला किया और शत्रु की लाइट मशीन गन चौकी को शान्त किया। ऐसा करते समय उन पर शत्रु की छोटी मशीन गन से फिर एक बौछार पड़ी और उसके कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस कार्रवाही से सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कृष्ण कुमार शर्मा ने साहस दृढ़-निश्चय और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

74. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुशल कुमार चौधरी (आई०सी०-24842), सिख रेजिमेन्ट ।

3 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने पश्चिमी क्षेत्र में हमारी सीमा चौकी पुल कंजरी पर तोपखाना और मशीन गन की गोलीबारी की मदद से हमला कर दिया । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुशल कुमार चौधरी उस समय अपनी चौकी से बाहर गश्त के लिये गए हुए थे। वापस आकर उन्होंने देखा कि उनकी चौकी पर हमला हो चुका है। अपूर्व साहस, सूझ-बूझ और अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना उन्होंने अपनी गश्त को लेकर शत्रु पर जवाबी हमला कर दिया । इनके बहादुराना कार्य से शत्रु घबराकर भाग खड़ा हुआ । शत्रु का इस कार्रवाही में काफी जानी नुकसान हुआ ।

इस कार्रवाई में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुशल कुमार चौधरी ने साहस, नेतृत्व एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

75. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र सिंह ग्रेवाल (आई०सी०-21509), इंजीनियर्स ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र सिंह ग्रेवाल जे० एण्ड के० रायफल्स की एक बटालियन की एक प्लाटून में थे । इस प्लाटून को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । रास्ते में प्लाटून को शत्रु की सुरंगें लगी हुई मिलीं। जैसे ही सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट ग्रेवाल अपने जवानों को लेकर सुरंगों को साफ करने लगे, शत्रु ने उस स्थान पर अचूक और भारी गोलाबारी शुरू कर दी । बिना किसी झिझक के सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट ग्रेवाल आगे बढ़े और अपनी जान की परवाह किए बिना सुरंगों को साफ किया और आगे बढ़ने पर इनकी टोली को शत्रु की मुख्य सुरंगें दिखाई दीं। एक बार फिर उन्होंने स्वयं ही सुरंगों के बीच से रास्ता साफ किया और शत्रु की गोलाबारी में भी अपने जवानों का नेतृत्व किया।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र सिंह ग्रेवाल ने साहस नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

76. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट हरीशचन्द्र महरोत्रा (एस०एस०-23790) इंजीनियर्स ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट हरीश चन्द्र महरोत्रा को शकरगढ़ क्षेत्र में, शत्रु के सुरंग क्षेत्र में से गाड़ियों के लिये एक गलियारे बनाने का आदेश दिया गया था । वे टैंक ट्राल के साथ वाले छः सैपरों के के इंचार्ज थे । ट्राल गलियारे बनाने के बाद उन्होंने अपनी टोली के साथ सुरंग को साफ करना शुरू किया । इस बीच शत्रु ने उस टोली पर तोपखाने और हवाई जहाजों से गोलीबारी शुरू कर दी। 250 पौण्ड का एक बम तो टोली से केवल 100 फुट से भी कम दूरी पर गिरा । मगर फट न सका । शत्रु की सख्त गोलाबारी

और अनफटे बम के फटने के खतरे से डरे बिना सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट महरोत्रा ने अपने जवानों को काम पर लगाए रखा और 90 मिनट से कम समय में उन्होंने 750 गज लम्बे गाड़ियों के गलियारे को पूरा कर दिया ।

इस कार्य में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट हरीश चन्द्र महरोत्रा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

77. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रशान्त कुमार गुप्ता (आई०सी०-25223) गार्डस ब्रिगेड ।

6 दिसम्बर 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रशान्त कुमार गुप्ता ने छम्ब क्षेत्र में अपनी प्लाटून के साथ शत्रु के तीन टैंक नष्ट किये और इंफैन्ट्री बटालियन द्वारा रक्षित इलाके पर शत्रु प्रहार को विफल कर दिया । फिर दोबारा 9 दिसम्बर 1971 को ये शत्रु की भारी गोलाबारी में से अपने प्लाटून को ले गये और छम्ब क्रासिंग से दूर खड़े शत्रु के तीन और टैंक नष्ट किए ।

इस सारी कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रशान्त कुमार गुप्ता ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

78. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नगेन्द्र पाल सिंह (एस० एस०-23129) इंजीनियर्स ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नगेन्द्र पाल सिंह को शकरगढ़ क्षेत्र में बसन्तार नदी तक टोह लगाये और रास्ते को सीधा करने का आदेश दिया गया । इलाका बहुत ही खराब था और नालों एवं सुरंगों से भरपूर था । शत्रु ने इनकी टोली पर तोपखाना और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी शुरू कर दी । इन्होंने बिना किसी झिझक के उस कार्य को जारी रखा और निर्धारित समय से पहले ही अपने कार्य को पूरा किया । इस तरह इन्होंने पुल-पदाधार का निर्माण कार्य में काफी योगदान दिया ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नगेन्द्र पाल सिंह ने साहस, नेतृत्व एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

79. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट गोविन्द राय गांवकर (एस०एस०-23956) आर्टिलरी ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट गोविन्द राय गांवकर उस सेना के साथ प्रेक्षण चौकी अफसर थे । जिसे पूर्वी क्षेत्र में शत्रु को अपनी सुरक्षा पंक्तियों से बाहर निकलने या अन्दर आने की रोकथाम का और शत्रु का जानी नुकसान पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था । कारगर गोलाबारी से इन्होंने शत्रु के तकरीबन 31 जवान मारे । बाद में इनके ठिकाने पर शत्रु ने भारी संख्या में तोपखाने की सहायता से हमला कर दिया । मगर इन्होंने अपने ठिकानों पर शत्रु के कब्जा करने के सभी प्रयत्न विफल कर दिये ।

आद्योपान्त सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट गोविन्द राय गांवकर ने साहस, व्यावसायिक कौशल और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

80. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट तेजिंदर सिंह संधू (एस० एस०-23438), इंजीनियर्स ।

8 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट तेजिंदर सिंह संधू एक इंजीनियर्स रेजिमेन्ट की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । इन्हें पूर्वी क्षेत्र में जमालपुर के पास सड़क से पुल बनाने की जगह तक 6 कि० मी० लम्बा रास्ता बनाने का कार्यभार सौंपा गया था । इन्होंने लगातार 36 घंटे तक काम करके उस कठिन इलाके में भी सड़क निर्माण काम को पूरा किया और इस तरह हमारी काफी सेना शत्रु के पीछे पहुंच सकी ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट तेजिंदर सिंह संधू ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

81. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह (एस०एस०-23867), 1ली, गोरखा रायफल्स ।

9 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह 1ली गोरखा रायफल्स की एक बटालियन के एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । इन्हें पश्चिमी क्षेत्र में एक गांव से शत्रु को खदेड़ने का काम दिया गया था । इन्होंने यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया । शत्रु सुरंग क्षेत्र के पीछे हट गया और इस प्लाटून पर मशीनगन और तोपखाने से भारी गोलीबारी शुरू कर दी । मगर सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह शत्रु की गोलाबारी से विचलित नहीं हुए और शत्रु के सुरंग क्षेत्र में घुस गए और सौंपे गये कार्य को पूरा किया ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट कुलदीप सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

82. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट दीपक राज (आई० सी०-25141), डोगरा रेजिमन्ट ।

14 दिसम्बर, 1971 को सेकिण्ड लेफ्टिनेन्ट दीपक राज डोगरा रेजिमेन्ट की एक बटालियन के एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । इन्हें पश्चिमी क्षेत्र में एक गांव पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था । शत्रु की भारी गोलाबारी की परवाह किये बिना इन्होंने अपने जवानों का नेतृत्व किया और उस गांव पर कब्जा कर लिया । इस कार्यवाही के दौरान इनकी एक कार्मिक वाहक बख्तरबन्द गाड़ी पर गोली लगी और उसमें आग लग गई । मगर ये अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना उस गाड़ी में घुस गये और अपने तीन जख्मी जवानों को बाहर निकाल लाये ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट दीपक राज ने साहस) नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

83. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र सिंह अहलावत (आई० सी०-25103), ग्रेनेडियर्स ।

8 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र सिंह अहलावत को शकरगढ़ क्षेत्र में शत्रु की एक मंझोली मशीन गन बंकर को बरबाद करने का कार्यभार सौंपा गया था । इन्होंने अपनी गश्ती पार्टी का बड़े साहस के साथ नेतृत्व किया

और शत्रु को जानी नुकसान पहुंचाकर उस मशीनगन पर कब्जा किया ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरेन्द्र सिंह अहलावत ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

84. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरसिंह बहादुर सिंह (एस०एस०-23704) कुमाऊं रेजिमेन्ट ।

5 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरसिंह बहादुर सिंह कुमाऊं रेजिमेन्ट की एक बटालियन के एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । इनकी कम्पनी को पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला करने का कार्यभार सौंपा गया था। जैसे ही हमला बढ़ता गया शत्रु ने हमले को रोकने के लिये भारी मशीनगन और मार्टर से गोलाबारी शुरू कर दी । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सिंह अपनी जान की परवाह न करके फौरन ही शत्रु की मशीनगन बंकर की ओर दौड़े और उसे नष्ट कर दिया । इनको देखकर इनके जवानों ने इनका साथ दिया और लक्ष्य पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट नरसिंह बहादुर सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

85. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुरिन्दर सिंह (एस०एस०-23523), सिख रेजिमेन्ट ।

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान सेकिण्ड लेफ्टिनेन्ट सुरिन्दर सिंह, अमृतशहर क्षेत्र में एक चौकी की कमान कर रहे थे । 5-6 दिसम्बर, 1971 की रात को तकरीबन 200 पाकिस्तानी फौजियों ने इस चौकी पर हमला कर दिया । शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाने के बाद यह हमला नाकाम कर दिया गया । शत्रु ने अपनी सेना को पुनर्गठित करके हमारी चौकी पर भारी गोलाबारी करने के बाद दोबारा हमला कर दिया । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुरिन्दर सिंह ने अपनी आर्टिलरी से अचूक गोला बारी करवाई । इससे शत्रु का हमला विफल हो गया और शत्रु की सेना के अगले सोपानक को झाड़ियों और बोल्डरों के पीछे छुपने पर मजबूर कर दिया । इस स्थिति का लाभ उठाकर सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुरिन्दर सिंह अपने कुछ जवानों को चौकी से बाहर लाये और शत्रु पर बगल से राय-फल और मशीनगन से अचानक गोलीबारी शुरू कर दी । इस अचानक आक्रमक कार्यवाही से शत्रु भौचक्का रह गया । शत्रु का भारी जानी नुकसान हुआ और वह अपने पीछे हथियार, गोलाबारूद छोड़कर पीछे हट गया ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुरिन्दर सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

86. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सरबजीत सिंह बरार (आई० सी०-24677), सिख रेजिमेन्ट ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सरबजीत सिंह बरार अमृतशहर क्षेत्र में एक चौकी की कमान कर रहे थे । 5/6 दिसम्बर, 1971 की रात को शत्रु ने इस चौकी पर और एक साथ वाली दूसरी चौकी "दस्या मन्सूर" पर एक साथ हमला कर दिया । बहादुरी से लड़कर हमारे जवानों ने शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया और हमले को विफल कर दिया । शत्रु ने पुनर्गठन करके आर्टिलरी की सहायता से इस चौकी पर दोबारा हमला कर दिया । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट बरार ने स्वयं आर्टिलरी से गोलाबारी करवा कर शत्रु को काफी नुकसान पहुंचाया । इसके बावजूद हमारी तार की मोर्चाबन्दी के बीच 30 गज तक घुस आने में सफल रहा । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट बरार ने तुरन्त ही खतरे वाली चौकी पर कुमुक पहुंचाई और छोटी मशीनगन को अपने हाथ में ले लिया । अपनी जान की परवाह न करके इन्होंने शत्रु पर अचूक गोलियां चलाई । इस बहादुराना कार्यवाही से जवानों को शत्रु से लड़ने का प्रोत्साहन मिला । शत्रु का हमला नाकाम कर दिया गया और उसे भारी जानी नुकसान भी हुआ ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सरबजीत सिंह बरार ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

87. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह (एस० एस०-24284), शिन्दें हार्स ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह अमृतशहर क्षेत्र में आर्मर्ड रेजिमेन्ट की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे । 10 दिसम्बर, 1971 को दोपहर में होने वाली टैंकों की लड़ाई के बाद हमारे टैंकों की अगली स्क्वाड्रन को शत्रु से छीने गए इलाके में नामक्कोट-नूरकोट अक्ष पर ठहरने का आदेश दिया गया था । रात के समय अपने टैंकों की रक्षा के लिये एक प्लाटून को नामक्कोट से स्क्वाड्रन की तरफ जाने का आदेश दिया गया । शत्रु की भारी गोलाबारी के कारण हमारी प्लाटून के इंफैन्ट्री अफसर घायल हो गए और कुछ जवान भी मारे गए । इससे प्लाटून की गति रुक गई । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह को प्लाटून को टैंक स्क्वाड्रन की तरफ तेजी से ले जाने का हुक्म दिया गया । अपनी जान की परवाह किए बिना, वे न केवल अपनी प्लाटून को स्क्वाड्रन की जगह ले गए बल्कि घायलों को भी तुरन्त निकाल लाए । बाद की संक्रियाओं के दौरान भी, स्वेच्छा से घायलों की निकासी के लिये ये तैयार हुए । शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच भी ये एम्बुलैंस कारों को ले गए और सफलता से घायलों को ऐसी जगह में से ले गए, जहां से अभी शत्रु निकाला नहीं जा सकता था ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट राजेन्द्र सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

88. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुधीर कुमार बेदी (आई०सी०-25436), राजपूत रेजिमेंन्ट ।

पूर्वी क्षेत्र में हमारी रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान से कण्ड लेफ्टिनेन्ट सुधीर कुमार बेदी पाचागढ़ क्षेत्र में इंफैन्ट्री के एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । शत्रु को एक ठिकाने से निकालते समय, सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुधीर कुमार बेदी और उनकी प्लाटून शत्रु की मशीनगन की भारी और अचूक गोलीबारी में आ गई । यद्यपि ये गम्भीर रूप से घायल हो गए थे पर फिर भी इन्होंने

शत्रु के कड़े मुकाबले की परवाह न की और अपने जवानों का नेतृत्व किया और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुए।

इस कार्यवाही से सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुधीर कुमार बेदी ने साहस, और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

89. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट जौन जामा (एस०एस०-23881), असम रेजिमेन्ट।

16 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट जौन जामा पश्चिमी क्षेत्र में एक सुरक्षित इलाके में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। शत्रु ने भारी संख्या में टैंकों और तोपखाने की सहायता से इस इलाके पर हमला कर दिया। बिना किसी झिझक के अपने जवानों का होसला बढ़ाने के लिये एक खाई से दूसरी खाई में गए। साथ ही साथ इन्होंने अपने मोर्टर और तोपखाने की गोलीबारी का निर्देशन करते हुए शत्रु के दो हमलों को विफल कर दिया।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट जौन जामा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

90. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट यशवन्त नायडू (एस०एस०-23605), मराठा लाइट इंफैन्ट्री।

3 दिसम्बर, 1971 को, सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट यशवन्त नायडू आग वाले एक प्लाटून के कमाण्डर थे। इन्हें पूर्वी क्षेत्र में दिनाजपुर के इलाके में अपनी सुरक्षा संक्रियाओं के तौर पर शत्रु की एक चौकी पर हमला करने का कार्यभार सौंपा गया था।

आक्रमण करने वाली सेना शत्रु की भारी और अचूक मशीनगन गोलीबारी की लपेट में आ गई। आक्रमण को विफल होता देखकर वे फौरन ही प्लाटून के पीछे की तरफ गए और पीछे के जवानों को लाकर भारी संख्या में, शत्रु पर दोबारा हमला कर दिया। इस कार्यवाही में वे गम्भीर रूप से घायल हो गय और लक्ष्य के करीब गिर गए। इतना होने पर भी वे लक्ष्य पर कब्जा करने के लिये अपने जवानों को प्रोत्साहन देते रहे।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट यशवन्त नायडू ने साहस, पहल और नेतृत्व का परिचय दिया।

91. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट मानस कुमार बन्दोपाध्याय (एस० एस०-23713), मद्रास रेजिमेन्ट।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट मानस कुमार बन्दोपाध्याय मद्रास रेजिमेन्ट की उस बटालियन की एक कम्पनी के नेतृत्व करने वाली प्लाटून के कमाँडर थे, जिसे पूर्वी क्षेत्र में हमारी रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान दीनाजपुर के इलाके में एक नहर पर बने पुल पर कब्जा करने का आदेश था। इनकी प्लाटून पर पुल की दूसरी ओर से शत्रु के छोटे हथियारों की भारी गोलीबारी हुई। बिना किसी झिझक के इन्होंने अपने जवानों को इकट्ठा किया और इन्हें उस पुल पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जिस पर शत्रु की गोलियों की भारी बौछार पड़ रही थी। इससे शत्रु घबरा गया और अपने ठिकाने को छोड़ गया। हमारी सेना ने पुल पर सही हालत में कब्जा कर लिया। इसके बाद शत्रु ने तीन बार फिर जवाबी हमला किया मगर इस अफसर के प्रेरणादायक नेतृत्व के कारण सभी हमले विफल कर दिए गए।

सेकन्ड लेफ्टिनेन्ट मानस कुमार बन्दोपाध्याय ने साहस, और नेतृत्व का परिचय दिया।

92. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट तेजा सिंह बेदी (आई० सी०-25065), गोरखा रायफल्स।

12/13 दिसम्बर, 1971 की रात को, ग्यारह गोरखा रायफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में, इच्छामती नदी पर शत्रु की सुरक्षा पंक्ति में घुसपैठ करने का काम सौंपा गया था सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट तेजा सिंह बेदी एक प्लाटून की कमान कर रहें थे, उन्हें सबसे पहले घुसपैठ करने और सुदृढ़ मोर्चा बनाने का आदेश दिया गया। इन्होंने अपनी प्लाटून का बड़ी चतुराई से नेतृत्व करके वहाँ सुदृढ़ मोर्चा बनाया, फिर इन्होंने देखा कि वे तो शत्रु की बटालियन हैडक्वार्टर के नजदीक हैं। तब इन्हें शत्रु के बटालियन हैडक्वार्टर का घेरा डालने और ज्यादा से ज्यादा शत्रु के जवानों को कैदी बनाने का आदेश दिया गया। इन्होंने फिर अपनी प्लाटून का साहस और चतुराई से नेतृत्व किया और शत्रु पर हमला करके उसे काफी जानी नुकसान पहुंचाया। शत्रु की फौज के बटालियन कमाँडर और उसके जवानों को पकड़ लिया।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट तेजासिंह बेदी ने साहस, पहल और नेतृत्व का परिचय दिया।

93. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट रणजीत सिंह बनयाल (एस०एस०-24132) पंजाब रेजिमेन्ट।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट रणजीत सिंह बनयाल, पंजाब रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। इन्हें पूर्वी क्षेत्र में अपनी रक्षात्मक संक्रियाओं के सिलसिले में घतालपुर-शमशेरनगर रास्ते पर पाकिस्तान के एक अड्डे को नष्ट करने का कार्य सौंपा गया था। इन्होंने अपने जवानों को बड़े साहस, और बहादुरी से नेतृत्व किया और शत्रु की मशीनगन की गोलाबारी से विचलित हुए बिना शत्रु के मोर्चों पर धावा बोल कर उसका सफाया कर दिया।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट रणजीत सिंह बनयाल ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

94. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट विजय कुमार चौपड़ा (एस०एस०-22886) सिख लाइट इंफैन्ट्री।

13 दिसम्बर, 1971 को पूर्वी क्षेत्र में टांगिल ढाका अक्ष पर "मिर्जापुर" के ठिकाने से शत्रु के छोटे हथियारों और मार्टर गोलीबारी के कारण सिख लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन की अगली कम्पनी की गति रूक गई थी। सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट विजय कुमार चौपड़ा को अपनी दो टुकड़ियों को लेकर शत्रु पर हमला करने का आदेश दिया गया। शत्रु के कारगर गोलीबारी के

बावजूद, इन्होंने अपनी टुकड़ियों को इकट्ठा किया और शत्रु पर जबरदस्त हमला कर दिया । इससे शत्रु घबरा गया और हमारी सेना ने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट विजय कुमार चौपड़ा ने साहस, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

95. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट दिगविजय सिंह (एस० एस०-24303), राजपूत रेजिमेन्ट ।

सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट दिगविजय सिंह राजपूत रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी के उस अगले प्लाटून की कमान कर रहे थे, जिसे पूर्वी क्षेत्र में, खुशियारा नदी पर एक रेल पुल से शत्रु को खदेड़ने का कार्य सौंपा गया था । जैसे ही प्लाटून पुल के दूसरे सिरे पर पहुंची, शत्रु ने छोटे हथियारों से ध्वंसकारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिस से प्लाटून की गति तकरीबन रुक गई । सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट दिगविजय सिंह आगे बढ़े और स्वयं ही शत्रु की नजदीकी मशीनगन बंकर पर जवाबी हमले का नेतृत्व किया । इस तरह शत्रु की मशीनगन को शान्त करने में सफल हुए । उनके इस कार्य से जवानों को शत्रु से मुकाबला करने की प्रेरणा मिली ।

इस कार्यवाही में सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट दिगविजय सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

96. सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुन्दर सिंह (एस० एस०-23600), आर्मर्ड कोर ।

पाकिस्तान के विरुद्ध 1971 की संक्रियाओं के दौरान सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुन्दर सिंह ने पीरगंज-बोगरा क्षेत्र में शत्रु के खिलाफ कई आक्रमण संक्रियाओं में हिस्सा लिया ।

7 दिसम्बर, 1971 को, जब इनकी टुकड़ी को शत्रु के ठिकाने पर प्रहार करने का आदेश मिला, तो इन्होंने अपने जवानों का बड़ी योग्यता से मार्ग दर्शन किया और शत्रु की गाड़ियों के एक काफ्वाय पर ऐसी घात लगाई कि शत्रु बुरी तरह घबरा गया और भारी जानी नुकसान उठाने के बाद भाग खड़ा हुआ । उसी रात जब शत्रु ने जवाबी हमला किया तो सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुन्दर सिंह ने शत्रु पर टैंकों से भारी और अचूक गोलाबारी करके शत्रु का हमला विफल कर दिया ।

11 दिसम्बर, 1971 को सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुन्दर सिंह की कमान में लड़ने वाले जवानों ने जैसे ही शत्रु के ठिकानों पर हमला किया, तो इन पर शत्रु ने तोपों और टैंकों से भारी गोलाबारी कर दी । किन्तु बिना झिझक के, इन्होंने स्वयं ही लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए हमले का नेतृत्व किया । 14 दिसम्बर, 1971 को इनके जवानों को सड़क पर रोक का कार्य दिया गया । इन्होंने भागते हुए शत्रु का भारी जानी नुकसान किया और 15 कैदी भी बनाए ।

आद्योपान्त सेकण्ड लेफ्टिनेन्ट सुन्दर सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

97. जे० सी०-34378, सूबेदार विक्टर सिक्वेरा, पैराशूट रेजिमेंन्ट ।

11 दिसम्बर, 1971 को सूबेदार विक्टर सिक्वेरा अपने 18 पैराट्रूपरों के साथ पूर्वी क्षेत्र में पैराशूट से उतरते समय शत्रु से घिरे हुए इलाके में जा गिरे । शत्रु गोलीबारी से डरे बिना, इन्होंने अपने जवानों को इकट्ठा किया और शत्रु पर हमला करके उसे भारी जानी नुकसान पहुचाया और उसे पीछे हटने पर विवश कर दिया । सेना के मुख्य अंग से संपर्क बनाने से पहले इन्होंने शत्रु के दो और मोर्चों पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार विक्टर सिक्वेरा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

98. जे० सी०-41380, सूबेदार मोहन सिंह, कुमाऊं रेजिमेन्ट ।

15 दिसम्बर, 1971 को सूबेदार मोहन सिंह एक ऐसी प्लाटून की कमान कर रहे थे जिस पर पश्चिमी क्षेत्र में कुकियाल माझा गांव में जांच पड़ताल करते हुए शत्रु के छोटे हथियारों की गोलीबारी का सामना करना पड़ा । इसके बाद, सूबेदार मोहन सिंह ने तेज और जबरदस्त हमला करके शत्रु के ठिकाने को रौंद दिया और भागते हुए शत्रु का पीछा किया । शत्रु के दूसरे ठिकानों से अचूक गोलीबारी शुरू हो गई और इससे हमारी सेना की गति रुक गई । जब हमारे सैन्य दल अपना दबाव कायम न रख सके तो वे, उस गांव में पीछे हट गये और शत्रु के उन ठिकानों को नष्ट कर दिया जोकि हमारी सेना की कार्यवाही में रुकावट बने हुए थे ।

इस कार्यवाही में सूबेदार मोहन सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

99. जे० सी०-32525, सूबेदार ज्ञान सिंह, सिगनल कोर ।

सूबेदार ज्ञान सिंह 1971 में पूर्वी क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान कमान सिगनल रेजिमेन्ट के ट्रांसमिटर स्टेशन के प्रभारी थे । हवाई हमलों के विरुद्ध बचाव के लिए कमान के अन्तर्गत फार्मेशन और यूनिटों के बढ़ जाने के कारण अतिरिक्त उच्च और मध्यम शक्ति वाले ट्रांसमिटरों को लगाना था और दूसरे लगाये गये ट्रांसमिटरों को बनाये गये नये विसर्जन पड़ावों में हटा कर ले जाना था । ये विसर्जन पड़ाव 70 एकड़ दलदली भूमि में फैले हुए थे । कृत्रिम पैर लगा होने के कारण अपनी शारीरिक अक्षमता का ध्यान न रखते हुए ये हर ऐसी जगह पर लंगड़ाते हुए गए जहां कोई काम करना था । इनके दक्ष और समर्थ व्यावसायिक निदेशन के अन्तर्गत सारा काम निश्चित समय में पूरा हो गया । इसके बाद सूबेदार ज्ञान सिंह ने अथक काम किया ताकि सारी संक्रियाओं के दौरान रेडियो सम्पर्क की कार्यक्षमता ऊंचे दर्जे की बनी रही ।

आद्योपान्त सूबेदार ज्ञान सिंह ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

100. जे० सी० -43026, सूबेदार पेमसिंह भाटी, राजपूत रेजिमेन्ट ।

सूबेदार पेमसिंह भाटी, दिनाजपुर और रंगपुर क्षेत्र में शत्रु ठिकानों पर हमला करने वाली कम्पनी की एक प्लाटून के कमांडर

थे । शत्रु के मजबूत किलाबंद बंकर की गोलाबारी से इनकी प्लाटून का आगे बढ़ना रुक गया था। प्रतिक्षेपरहित (रिकायललैस) गन से बंकर को तोड़ने के उनके सारे प्रयत्न असफल रहे । निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना, उन्होंने अपने एक सेक्शन के जवान से हल्की मशीनगन लेकर बगल म थाम ली और फायर करते हुए शत्रु के बंकर की ओर अकेले ही झपट पड़े । जब वह बंकर से 15 गज की दूरी पर थे उनके चेहरे और छाती पर शत्रु की गोलियों की एक बौछार पड़ी । बेहोश होने से पहले उन्होंने शत्रु के बंकर में एक 77 हथगोला फैंका जिससे बंकर में आग लग गई और वह नष्ट हो गया ।

इस संक्रिया में, सूबेदार पेम सिंह भाटी ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

101. जे० सी० 37184 सूबेदार अभे राम,
राजपूताना रायफल्स ।

15 दिसम्बर 1971 को पूर्वी क्षेत्र में खरखरिया पर कब्जा करने के लिये होने वाली लड़ाई के दौरान सूबेदार अभे राम शत्रु के ऐसे क्षेत्र में रेंग कर गये जहां भारी मशीन गन की गोलियों की बौछार हो रही थी । ये इस क्षेत्र को पार कर भारी मशीन गन बंकर तक पहुंच गए जहां पर इन्होंने बंकर के तीनों जवानों को मार दिया और उस गन को खामोश कर दिया । उनके इस काम से अपनी टुकड़ियां काफी हताहत होने से बच गई और लक्ष्य पर कब्जा करने में सफलता मिली ।

इस कार्यवाही में सूबेदार अभे राम ने साहस और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

102. जे० सी०-17110 सूबेदार दौलत राव गोविन्दराव फदतारे
मराठा लाइट इंफेन्ट्री । (मरणोपरान्त)

7 दिसम्बर 1971 को मराठा लाइट इंफन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र के कान्तानगर पुल के आर-पार शत्रु के मोर्चों पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था । हमले के दौरान शत्रु ने तेज और दुरुस्त गोलाबारी की जिससे भारी जानी नुकसान हुआ । इस तथ्य के बावजूद कि इनके प्लाटून के काफी जवान मार दिये गये थे या घायल हो गये थे । सूबेदार दौलतराव गोविन्दराव फदतारे ने शत्रु पर धावा कर दिया और मरने से पूर्व इन्होंने गुत्थमगुत्था लड़ाई में शत्रु के चार जवानों को मार डाला ।

इस संक्रिया में सूबेदार दौलतराव गोविन्द राव फदतारे ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति सबसे बड़ी कुर्बानी दी।

103. जे० सी०-30375 सूबेदार जोगिन्दर सिंह
पंजाब रेजिमेन्ट ।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान पूर्वी क्षेत्र में शमशेरनगर मोलवी बाजार अक्ष पर शत्रु की चौकी को नष्ट करने का काम पंजाब रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी को सौंपा गया था जिसकी सूबेदार जोगिन्दर सिंह की कमान कर रहे थे उन्हें सड़क के पूर्वी इलाकों पर कब्जा करने का आदेश दिया गया । जैसे ही इनकी प्लाटून आगे बढ़ी शत्रु की मशीनगन ने गोलीबारी करना शुरू कर दिया । सूबेदार जोगिन्दर सिंह ने अपनी प्लाटून की आड़ लेकर शत्रु पर गोली चलाने का आदेश दिया । वह स्वयं शत्रु के बंकरों की ओर रेंग कर गए और हथगोला फैंक कर बंकर को नष्ट कर दिया । इसके बाद वे रेंगते हुए मशीनगन चौकी तक गए और शत्रु को अपने हथियार सहित आत्म समर्पण करने के लिये मजबूर कर दिया ।

इस संक्रिया में सूबेदार जोगिन्दर सिंह ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

104. जे० सी०-22029 सूबेदार कालिका सिंह
राजपूत रेजिमेन्ट ।

14 दिसम्बर 1971 को राजपूत रेजिमेन्ट की बटालियन को पूर्वी क्षेत्र के कोलाबिल स्थानों से शत्रु का सफाया करने का काम सौंपा गया था । सूबेदार कालिका सिंह प्रहार करने वाली कम्पनी के सेकण्ड-इन-कमांड थे । प्रहार करने वाली इंफैन्ट्री पर छोटे हथियारों और आर्टिलरी की तेज और सही गोलाबारी के बीच आ गई और भारी जानी नुकसान हुआ । कम्पनी कमांडर के घायल हो जाने के कारण हमला सफल नहीं हो रहा था । ऐसे समय सूबेदार का कालिका सिंह ने नियंत्रण संभाला और कम्पनी को इकट्ठा करके हमले का नेतृत्व करते हुए लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में सूबेदार कालिका सिंह ने साहस पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया ।

105. जे० सी०-60559 सूबेदार लक्ष्मी दत्त पाठक
कुमाऊं रेजिमेन्ट ।

14 दिसम्बर 1971 को कुमाऊं रेजिमेन्ट के एक बटालियन की एक कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में मैना-माटी छावनी के नजदीक रक्षित इलाके पर कब्जा करने वाली दूसरी कम्पनी को कुमुक भेजने का आदेश दिया गया था । सूबेदार लक्ष्मी दत्त पाठक जिस प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे उस पर बाजू से शत्रु की पोजीशनों से भारी गोलाबारी और मंझोली मशीनगन से गोलियों की बौछार की गई । यद्यपि सूबेदार पाठक मशीनगन की बौछार से गम्भीर रूप से घायल हो गये थे परन्तु वह आगे बढ़ने वाले प्लाटून का नेतृत्व करके संभावित जवाबी हमला होने से काफी पहले ही कम्पनी को कुमुक भेजने में सफल हो गए ।

इस कार्यवाही में सूबेदार लक्ष्मीदत्त पाठक ने नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

106. जे० सी०-36464 सूबेदार विष्णु जादव
मराठा लाइट इंफैन्ट्री ।

9 दिसम्बर 1971 को मराठा लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन पूर्वी क्षेत्र के पहाड़ी ठिकानों में दक्षिणी वर्रा और बड़ा छेंगराम पर शत्रु की खाई-बन्दियों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । बड़ा छेंगराम पर हमले के दौरान शत्रु की भारी आर्टिलरी और मशीनगन की गोलीबारी के कारण अगली

टुकड़ियों की गति रुक गई थी। अगली प्लाटून की कमान करने वाले सूबेदार विष्णु जादव अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना शत्रु के बंकरों की तरफ रेंग कर गए और अपने ग्रुपों को हुताहत करने वाली मशीन गनों में से एक को खामोश करने में सफल हो गये। उनकी इस कार्यवाही से कम्पनी को अपने लक्ष्य पर कब्जा करने में सफलता मिली।

इस कार्यवाही में सूबेदार विष्णु जादव ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

107. जे० सी०-44886 नायब सूबेदार तरथा बहादुर गुरंग गोरखा रायफल्स। (मरणोपरान्त)

नायब सूबेदार तरथा बहादुर गुरंग गोरखा रायफल्स की एक बटालियन के एक प्लाटून कमांडर थे। उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपनी प्लाटून का नेतृत्व करके पूर्वी क्षेत्र में दो अच्छी तरह किलाबंद की हुई शत्रु की चौकियों पर सफलता पूर्वक हमले किए। अपने निजी उदाहरण से उन्होंने अपने जवानों को शत्रु के नजदीक लाने में प्रेरणा देकर आमने सामने हुई मुठभेड़ के बाद अपने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। ऐसा करते हुए वह गंभीर रूप से घायल हो गये तथा बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

आद्योपान्त नायब सूबेदार तरथा बहादुर गुरंग ने साहस दृढ़ संकल्प और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

108. जे० सी०-13710291 नायब सूबेदार सुखदेव सिंह जम्मू और कश्मीर रायफल्स।

नायब सूबेदार सुखदेव सिंह जम्मू और कश्मीर रायफल्स की एक बटालियन के उस अगली प्लाटून की कमान कर रहे थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की चौकी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। जब वह नावों में बैठकर नदी पार कर रहे थे तो शत्रु ने अच्छी तरह किलाबंद और छद्मावरण मोर्चे से स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार सुखदेव सिंह ने नदी के दूसरे किनारे पर पहुंच कर वापसी गोलीबारी करने के लिए अपने प्लाटून को तुरन्त नियोजित करके शत्रु के विरोध के बारे में अपने कम्पनी कमांडर को सूचित किया। कम्पनी कमांडर ने शत्रु के सामने नदी पार करने की प्रभावहीनता को अनुभव करते हुए प्लाटून को वापिस जाने का आदेश दिया। नायब सूबेदार सुखदेव सिंह दो अन्य जवानों के साथ शत्रु पर गोलियां चलाते हुए नदी के दूसरे किनारे पर रह गए और अपनी प्लाटून को नावों में बैठकर नदी पार जाने की इजाजत दे दी। इसके बाद उन्होंने अपने साथ के दो जवानों को गोलियों की आड़ दी और जब वे सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए तो उन्होंने भी तैर कर नदी पार कर ली।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार सुखदेव सिंह ने साहस, नेतृत्व शक्ति और कर्तव्यपरायतणता का परिचय दिया।

109. जे० सी०-54014, नायब सूबेदार सोहन सिंह, पैराशूट रेजिमेन्ट।

नायब सूबेदार सोहन सिंह, ने राजस्थान क्षेत्र में चाचरों पर किए जाने वाले कमांडो छापे में हिस्सा लिया। इस छापे के दौरान, चौकी का सफाया, करते समय उन्हें गोली लगी जिससे उनकी टांग में घाव हो गया। घायल होते हुए भी उन्होंने उस बैरक पर जहां से गोलियां चलाई जा रही थी धावा कर दिया और शत्रु को जीवित पकड़ लिया।

इस प्रक्रिया में नायब सूबेदार सोहन सिंह ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

110. जे० सी०-45599, नायब सूबेदार रति राम, आर्टिलरी रेजिमेन्ट।

नायब सूबेदार रति राम उस हवाई सुरक्षा सेक्शन की कमान कर रहे थे, जिसे पठानकोट क्षेत्र में एक पैट्रोल डिपो और हवाई अड्डे की रक्षा का कार्य सौंपा गया था। कई बार शत्रु के हवाई जहाज अपने लक्ष्य पर हमला करने के प्रयत्न में नायब सूबेदार रति राम के सैक्शन की तरफ से विमान-भेदी स्क्रीन में दाखिल भी नहीं हो पाए। शुरू से आखिर तक इन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना कारगर तौर पर अपना दायित्व निभाया और अपने जवानों को प्रोत्साहित किया।

इस तरह नायब सूबेदार रति राम ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

111. जे० सी०-46535, नायब सूबेदार हरदयाल सिंह, पंजाब रेजिमेन्ट।

6 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को नायब सूबेदार हरदयाल सिंह कारगिल क्षेत्र में शत्रु के ठिकाने पर हमला करने वाली पंजाब रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी के मार्टर गोलीबारी नियन्त्रक थे। इन्होंने प्रहार करने वाली अगली टुकड़ियों के साथ काफी आगे बढ़ कर प्रभावी और दुरुस्त आर्टिलरी और मार्टर गोलीबारी करवाई जिससे लक्ष्य पर कब्जा करने में काफी सहायता मिली।

इस कार्यवाही में, नायब सूबेदार हरदयाल सिंह ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

112. जे० सी०-44960, नायब सूबेदार उमराव सिंह, राजपूत रेजिमेन्ट।

नायब सूबेदार उमराव सिंह राजपूत रेजिमेन्ट की एक बटालियन के कमान अफसर की टोली में थे। राजस्थान क्षेत्र में खिनसार पर बटालियन द्वारा किए गए हमले के दौरान यह टोली एकाएक शत्रु की टुकड़ी के सामने आ गई। इन्होंने शत्रु को घेरने के लिये अपनी टोली को नियोजित करके शत्रु पर संगीन से धावा किया और शत्रु की पूरी टोली का संहार किया। खतरे के बावजूद, इनके साहस, निजी सुरक्षा की परवाह न करने और तुरन्त कार्यवाही करने के कारण शत्रु पूरी तरह से बरबाद हो गया।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार उमराव सिंह, ने पहलशक्ति, साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

113. जे० सी०-57891, नायब सूबेदार दीन दयाल यादव, आर्मी आर्डनेंस कोर ।

5 दिसम्बर, 1971 को, शत्रु की बमबारी के कारण अखनूर के गोलाबारूद केन्द्र में भारी आग लग गई थी । इस आग से उन दूसरे इलाकों को भी संकट पैदा हो गया जहां काफी मात्रा में गोलाबारूद रखा हुआ था । नायब सूबेदार दीन दयाल यादव ने अपनी जान को जोखिम में डालकर आठ घंटे से भी अधिक समय तक आग बुझा कर गोलाबारूद बरबाद होने से बचा लिया ।

इस कार्यवाही में, नायब सूबेदार दीन दयाल यादव, ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

114. जे० सी०-45837 नायब सूबेदार कवल सिंह, इंजीनियर्स कोर ।

4 दिसम्बर, 1971 को, नायब सूबेदार कवल सिंह को पठानकोट हवाई अड्डे में शत्रु के अनफटे बमों को नष्ट करने का काम सौंपा गया था । 7 और 8 दिसम्बर को इन्होंने स्वयं तीन टाइम बमों के फ्यूज निकाले । इन्होंने साहस के साथ ये खतरनाक काम करके हवाई अड्डे को हवाई जहाजों के आने जाने के लिए सुरक्षित रखा ।

आद्योपान्त नायब सूबेदार कवल सिंह ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

115. जे० सी०-55212 नायब सूबेदार जागीर सिंह थिन्ड, आर्टिलरी रेजिमेन्ट ।

11 दिसम्बर 1971 को नायब सूबेदार जागीर सिंह थिन्ड को हमारे उन टैंकों को हवाई हमलों से बचाने का काम सौंपा गया था, जो पश्चिमी क्षेत्र में करीर नदी की दलदल में फंस गए थे । इस काम के लिए गनों को रात में ही, बिना पर्याप्त साधनों के और शत्रु की आर्टिलरी की लगातार गोलाबारी के बावजूद काफी ऊबड़-खाबड़ इलाके से निकाल कर ले जाना था । इन रुकावटों के होते हुए भी इन्होंने सुबह होने तक गनों को ठिकाने पर लगवा दिया ।

इस कार्यवाही में, नायब सूबेदार जागीर सिंह थिन्ड ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

116. जे० सी०-2743028 नाब सूबेदार भीकू जागू शिरके, मराठा लाइट इंफैन्ट्री ।

9 दिसम्बर, 1971 को नायब सूबेदार भीकू जागू शिरके ने पूर्वी क्षेत्र में जमालपुर इलाके के शत्रु के मोर्चों के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए मराठा लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन के एक गश्ती दल का नेतृत्व किया । गश्तीदल का काफी कौशल के साथ और अपनी जान की परवाह किए बिना नेतृत्व करते हुए, इन्होंने शत्रु के मोर्चों में घुसपैठ की और महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त करके वापस आ गए ।

इस कार्यवाही में, नायब सूबेदार भीकू जागू शिरके ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

117. जे० सी० -2636074 नायब सूबेदार फूल सिंह, ग्रेनेडियर्स ।

13 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को नायब सूबेदार फूल सिंह ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन के गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे । इन्हें पश्चिमी क्षेत्र में शकरगढ़ के शत्रु के मोर्चों से एक सैनिक को बन्दी बनाने का काम सौंपा गया था । जैसे ही वे शत्रु के मोर्चों के नजदीक पहुंचे । उसने भारी और प्रभावी गोलीबारी कर दी । ये बिना विचलित हुए, अपनी जान की तनिक परवाह किए, शत्रु के सैनिक को बन्दी बना कर और साथ ही अपने गश्ती दल को सुरक्षित वापस ले आए ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार फूल सिंह ने साहस और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

118. जे० सी०-62026 नायब सूबेदार किक्कर सिंह, सिख रेजिमेन्ट ।

17 दिसम्बर, 1971 को नायब सूबेदार किक्कर सिंह को, जो कि सिख रेजिमेन्ट की बटालियन की एक कम्पनी के मार्टर गोली बारी नियंत्रक थे, पश्चिमी क्षेत्र में पुल-कंजरी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया । इस पूरी कार्यवाही में इन्होंने दुरुस्त और प्रभावी मार्टर गोलीदारी करवा कर शत्रु के बार-बार जवाबी हमलों को नाकाम कर दिया । शत्रु के कुछ जवानों ने घुसपैठ करके दो बंकरों पर कब्जा कर लिया, ये रेंगते हुए गए और बंकरों में हथगोले फैंके और शत्रु के दो जवानों को मार उसे पराजित कर दिया ।

इस कार्यवाही म, नायब सूबेदार किक्कर सिंह ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

119. जे० सी०-58267 नायब सूबेदार शिवाजी यादव, मराठा लाइट इंफैन्ट्री ।

6 दिसम्बर 1971 को नायब सूबेदार शिवाजी यादव, पश्चिमी क्षेत्र में तूर पर हमला करने वाली मराठा लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी में थे । बाद में शत्रु से जो मुठभेड़ हुई उसमें इन के हाथ में गोली लग गई जब ये अपने गम्भीर रूप से घायल कम्पनी कमांडर की परिचर्या कर रहे थे । अपनी चोट का ध्यान न रख कर और अपने कम्पनी कमांडर की परिचर्या करते हुए, इन्होंने अपने जवानों को लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए प्रोत्साहित करके और निजी रूप से नेतृत्व करके हमले का दबाव बराबर बनाए रखा ।

इस कार्यवाही में, नायब सूबेदार शिवाजी यादव ने साहस, पहल शक्ति और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

120. 1150153 हवलदार (गनर) राम चंदर, आर्टिलरी रेजिमेन्ट ।

1971 में, पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, हवलदार (गनर) राम चंदर, पूर्वी क्षेत्र में एक मंझौली गन के इन्चार्ज थे । एक दिन इनकी गन पोजीशन पर, शत्रु की घुसपैठ

करने वाली टोली ने अपनी मशीनगन से फायर शुरू कर दिया। लेकिन बिना डरे हवलदार (गनर) राम चंदर ने अपनी हल्की मशीन गन से शत्रु पर गोली चलानी शुरू कर दी।

इस कार्यवाही में हवलदार (गनर) राम चन्दर ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

121. 13651411 हवलदार राम प्रसन्न पाण्डे,
गार्ड्स ब्रिगेड।

13 दिसम्बर 1971 को गार्ड्स ब्रिगेड की एक बटालियन के हवलदार राम प्रसन्न पाण्डे, पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु के ठिकाने पर हमला करने वाली प्लाटून के अगले सेक्शन कमांडर थे। जब शत्रु ने अपनी मशीनगन से गोलियां चला कर इनके हमले को रोक दिया तब ये अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना शत्रु की मशीनगन चौकी पर झपटे और उसे शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में, हवलदार राम प्रसन्न पाण्डे ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का जो परिचय दिया उसके परिणामस्वरूप शत्रु के क्षेत्र पर कब्जा किया जा सका।

122. 2551333 हवलदार शान्थैया,
मद्रास रेजीमेंट।

6 दिसम्बर, 1971 को हवलदार शान्थैया, मद्रास रेजिमेन्ट की एक बटालियन में एक प्लाटून हवलदार थे। पश्चिमी क्षेत्र में "कालसियां खुर्द" ग्राम पर शत्रु को कब्जा करने से रोकने की जिम्मेदारी इनकी प्लाटून को सौंपी गई थी। इस ठिकाने पर शत्रु ने भारी तोपखाने की सहायता से बड़ी संख्या में हमला कर दिया और ग्राम के बिल्कुल पास पहुंच गया। ऐसी परिस्थिति में, अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किये बिना हवलदार शान्थैया, हल्की मशीनगन लेकर ग्राम के बगल में गये और वहां से लगातार गोलियां चलाकर शत्रु के प्रहार को समाप्त कर दिया।

इस कार्यवाही में हवलदार शान्थैया से साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

123. 1400172 हवलदार मनी राम, (मरणोपरान्त)
55वीं इंजीनियर्स रेजिमेंट।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया के दौरान, पश्चिमी क्षेत्र के "दाओक" स्थान में हमारे एक मोर्चे पर शत्रु के शीघ्र हमले की आशंका से 4 और 5 दिसम्बर, 1971 को उस मोर्चे पर फौरन सुरंगें बिछाने का आदेश दिया गया। हवलदार मनी राम और इंजीनियर रेजिमेन्ट के चार सैपरों को, उस मोर्चे की रक्षा में लगी अपनी इंफैन्ट्री यूनिट की टास्क फोर्स के साथ मिल कर सुरंगें बिछाने का काम सौंपा गया। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना हवलदार मनी राम ने सुरंगें बिछाने का काम कराया। 5 दिसम्बर, 1971 को हवलदार मनी राम तथा चार सैपरों को शत्रु का गोला लगा जिसके कारण तीन सैपर तो तुरन्त शहीद हो गये और ये बुरी तरह जख्मी हो गये। बाद में घावों के कारण ये भी वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, हवलदार मनी राम ने साहस और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

124. 4435716 हवलदार दर्शन सिंह,
सिख लाइट इंफैन्ट्री।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान हवलदार दर्शन सिंह की प्लाटून को अम्बाला हवाई अड्डे पर तैनात किया गया था। एक दिन एक ब्लास्ट पेन में फायर अलार्म सुनकर हवलदार दर्शन सिंह, 8 सैनिकों को लेकर तेजी से पेन क्षेत्र की ओर गये। ब्लास्ट पेन पर पड़े छद्मावरण जाल में आग लग गई थी। इन्होंने कुछ सैनिकों को आग बुझाने के लिये कहा और बाकी सैनिकों को लेकर पेन पर चढ़ गये और छद्मावरण जाल को अलग कर दिया। जलता हुआ नेट, हवाई जहाज की नोक में उलझ गया। ऐसी परिस्थिति में अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना ये एक हवाई जहाज पर चढ़ गये और जाल को अलग कर दिया और एस० यू०-16 हवाई जहाज को बर्बाद होने से बचा लिया। इस कार्यवाही में ये जलने से जख्मी हो गए।

इस कार्यवाही में हवलदार दर्शन सिंह ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

125. 1158746 हवलदार (गनर) हीरा सिंह,
आर्टीलरी रेजिमेन्ट।

हवलदार (गनर) हीरा सिंह, हवाई रक्षा रेजिमेन्ट की उस हवाई रक्षा गन की कमान कर रहे थे जिसे पश्चिमी क्षेत्र में कोर हैडक्वार्टर की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 7 दिसम्बर 1971 को शत्रु के तीन मिग 19 हवाई जहाजों ने कोर हैडक्वार्टर पर हमला कर दिया। हवलदार (गनर) हीरा सिंह ने अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना, शत्रु के बहुत नीची उड़ान भरकर बौछार करने वाले एक हवाई जहाज पर अपनी गन से लगातार फायर करके, उसे मार गिराया। उनकी इस बहादुराना कार्यवाही से कोर हैडक्वार्टर बर्बाद होने से बच गया।

इस कार्यवाही में, हवलदार (गनर) हीरा सिंह ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

126. 7027364 हवलदार (ड्राइवर) (रिकवरी) मोहम्मद हनीफ मियां,
आर्मर्ड कोर।

6 दिसम्बर 1971 को हवलदार (ड्राइवर) (रिकवरी) मोहम्मद हनीफ मियां को, छम्ब क्षेत्र में अग्रवर्ती रक्षित इलाकों में से दो टैंकों को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया था। शत्रु की लगातार गोलाबारी और छोटे हथियारों से चलाई जा रही गोलियों से बेपरवाह होकर और यह जानकर कि शत्रु ने पीछे से घेर लिया है, इन्होंने अपना काम पूरा किया और टैंकों को सलामती से मुनावर तवी नदी के पार ले आए।

इस कार्यवाही में हवलदार मोहम्मद हनीफ मियां ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

127. 9404678 हवलदार बीर बहादुर तामंग,
11वीं गोरखा रायफल्स।

6 दिसम्बर को, हवलदार बीर बहादुर तामंग, 11वीं गोरखा रायफल्स की एक बटालियन में उस सैक्शन के कमांडर थे जिस

पूर्वी क्षेत्र में "मुजफ्फरगंज" पर हमला करने का काम सौंपा गया था। हमले के दौरान ये शत्रु के एक बंकर के नजदीक गए और उसमें दो हथगोले फैंक कर तीन सिपाहियों को मार दिया जिससे हमारे सैनिकों को आगे बढ़ने में आसानी हो गई।

इस कार्यवाही में हवलदार बीर बहादुर तामंग ने साहस का परिचय दिया।

128. 5736598 हवलदार चित्र बहादुर गुरंग,
8वीं गोरखा रायफल्स।

हवलदार चित्र बहादुर गुरंग, पश्चिमी क्षेत्र में तैनात 8वीं गोरखा रायफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी में प्लाटून कमांडर थे। डेरा बाबा नानक क्षेत्र में 5 और 6 दिसम्बर 1971 को "मरदाना" पर कब्जा करने और 16 और 17 दिसम्बर 1971 को "बालाठोर" पर धावा बोलने के दौरान उनकी प्लाटून बिजली की सी तेजी से आगे बढ़ी जिससे शत्रु के होश उड़ गए और वह भाग खड़ा हुआ।

इन कार्यवाहियों में हवलदार चित्र बहादुर गुरंग ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

129. 2846960 हवलदार गुमान सिंह,
राजपूताना रायफल्स।

17 दिसम्बर 1971 को हवलदार गुमान सिंह, राजस्थान क्षेत्र के पाकिस्तानी भाग में काफी भीतर तक जाकर टोह करने वाले गश्ती दल के साथ थे। गश्तीदल कमांडर ने, हवलदार गुमान सिंह को शत्रु के घात स्थल का पता लगाने का काम सौंपा। जब इनकी टोली शत्रु के घात स्थल से लगभग 300 से 600 गज की दूरी पर थी कि शत्रु ने अपने स्वचालित हथियारों से गोलाबारी शुरू कर दी। हवलदार गुमान सिंह ने फौरन इस कार्यवाही की सूचना गश्तीदल कमांडर को दी और जवाबी गोलाबारी की। बाद में शत्रु के लगातार गोलाबारी के बावजूद ये उसके एक मरे हुए जवान के शरीर से "पहचान डिस्क" भी साथ लाए।

इस कार्यवाही में हवलदार गुमान सिंह ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

130. 2748787 हवलदार मनोहर राने, **(मरणोपरान्त)**
मराठा लाइट इंफैन्ट्री।

मराठा लाइट इंफैन्ट्री के हवलदार मनोहर राने, पूर्वी क्षेत्र के "पाचागढ़" स्थान में शत्रु के एक मजबूत ठिकाने पर हमला करने वाली प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। शत्रु ने अपने ठिकाने पर लगी मशीनगन से तीव्र गोलीबारी करके इनके हमले को रोक दिया। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना हवलदार मनोहर राने, रेंग कर एक मंझोली मशीन गन के बंकर तक गए, उसमें एक हथगोला फैंका और उसे शान्त कर दिया। जब ये दूसरी मशीनगन के बंकर की ओर जा रहे थे कि उन्हें मशीनगन की एक बौछार लगी और ये तत्काल वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, हवलदार मनोहर राने ने साहस का परिचय दिया और सबसे बड़ी कुर्बानी दी।

131. 1168922 हवलदार मुन्नाथुकत्तिल वाडेक्केचेरेइल सवेस्टियन थामस,
आर्टिलरी रेजिमेन्ट।

7 दिसम्बर 1971 को हवलदार मुन्नाथुकत्तिल वाडेक्केचेरेइल सवेस्टियन थामस, हवाई रक्षा बैटरी की एक टुकड़ी के इंचार्ज थे। इन की गन पर शत्रु के दो मिग-19 हवाई जहाजों ने हमला कर दिया। बिना डरे इन्होंने कुछ सैनिकों की मदद से केवल आठ राउण्ड फायर करके शत्रु के एक हवाई जहाज को मार गिराया।

इस कार्यवाही में हवलदार मुन्नाथुकत्तिल वाडेक्केचेरेइल सवेस्टियन थामस ने साहस, कर्त्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व का परिचय दिया।

132. 1148622 हवलदार (गनर) सुरेशचन्द्र गोस्वामी,
हवाई रक्षा रेजिमेन्ट (प्रादेशिक सेना)।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान हवलदार सुरेश चन्द्र गोस्वामी हमारी सीमा चौकी के पास तैनात एक गन-टुकड़ी के कमांडर थे। पश्चिमी बंगाल में कालिन्दी नदी के किनारे स्थित शमशेर नगर के पास हमारी सीमा चौकी की ओर एक पाकिस्तानी गन बोट आ गई। उसे देखते ही हवलदार सुरेशचन्द्र गोस्वामी ने अपने जवानों को सावधान कर दिया। शत्रु की गन बोट से गोली चलाते ही इन्होंने भी अपनी गनों से उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। जैसे ही शत्रु की गनबोट में एक गोला लगा उसने अपनी मुख्य गनों और एक भारी मशीन गन से गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन इससे हवलदार सुरेश चन्द्र गोस्वामी डरे नहीं और इन्होंने बहुत से उच्च विस्फोटक और कवचभेदी बम चलाये जिससे शत्रु की गनबोट को नुकसान पहुंचा और उसके 6 जवानों को मार दिया। शत्रु की क्षतिग्रस्त बोट धीरे-धीरे अपने अड्डे पर वापस लौटने लगी पर रास्ते ही में डूब गई।

इस कार्यवाही में हवलदार सुरेश चन्द्र गोस्वामी ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

133. 4142336 हवलदार लक्ष्मी नारायण,
कुमाऊं रेजिमेंट।

9 दिसम्बर 1971 को राजस्थान क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान हवलदार लक्ष्मी नारायण, कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी में प्रतिक्षेपरहित (आर सी ए) गन टुकड़ी की कमान कर रहे थे। शत्रु ने अपने मोर्चों से आर्टिलरी, मार्टर और मंझोली मशीनगनों से तीव्र गोलाबारी करके इनकी टुकड़ी की आगे बढ़ने की गति रोक दी। ऐसी परिस्थिति में अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना हवलदार लक्ष्मी नारायण, अपनी प्रतिक्षेप-परहित-गन-टुकड़ी को खुले में ले आए और अपनी गन से फायर डालकर शत्रु की एक जीप बर्बाद कर दी। इससे इनका सैन्यदल खुले में से हटकर अधिक उपयुक्त और सुरक्षित मोर्चे जमा सका।

इस कार्यवाही में हवलदार लक्ष्मी नारायण ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

134. 255568 हवलदार अप्पू कुट्टन, (**मरणोपरान्त**)
मद्रास रेजिमेंट ।

17 दिसम्बर, 1971 को हवलदार अप्पू कुट्टन मद्रास रेजिमेन्ट की बटालियन की उस कम्पनी में प्लाटून हवलदार थे जो पश्चिमी क्षेत्र में "लालिअल" पर कब्जा किए हुए थी। जब शत्रु ने इस पोजीशन पर जवाबी हमला करके इनके प्लाटून कमांडर को घायल कर दिया, तब हवलदार अप्पू कुट्टन ने उस प्लाटून की कमान सम्भाली और शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद खाई खाई जाकर अपने जवानों को प्रेरणा दी और प्रोत्साहित किया और आखिर में वे शत्रु को खदेड़ने में सफल हुए ।

इस कार्यवाही में हवलदार अप्पू कुट्टन ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

135. 4436302 हवलदार अजीत सिंह,
सिख लाइट रेजिमेन्ट ।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, 15 दिसम्बर, 1971 को बाड़मेर-नया छोर, रेलवे स्टेशन के साथ-साथ आगे बढ़ने वाली सिख लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन को "परछे-जी-वेरी" क्षेत्र पर कब्जा करने का आदेश मिला । हमले के पहले दौर में ऐक्टिंग प्लाटून कमांडर हवलदार अजीत सिंह ने अपने सैनिकों का नेतृत्व करके शत्रु को भगा दिया । दूसरे दौर में शत्रु की भारी गोलाबारी और सुरंग-क्षेत्र के कारण एक कम्पनी का आगे बढ़ना रुक गया । उस कम्पनी की मदद के लिए एक दूसरी कम्पनी को भेजा गया जिसमें हवलदार अजीत सिंह प्लाटून कमांडर थे । आगे बढ़ते समय अगला प्रेक्षण अफसर घायल हो गया । अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना हवलदार अजीत सिंह सुरंग क्षेत्र में गये और घायल अफसर को पीछे ले आए ।

इस कार्यवाही में हवलदार अजीत सिंह ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

136. 4539188 हवलदार भगवान वाधमारे,
महार रेजीमेन्ट ।

5 दिसम्बर, 1971 को महार रेजीमेन्ट की एक बटालियन को पुंछ क्षेत्र में "थानपीर" पर दुबारा कब्जा करने का कार्य सौंपा गया था । जब यह बटालियन एक संकरे रास्ते वाली पहाड़ी के साथ-साथ आगे बढ़ रही थी तब शत्रु ने अपने बंकर में लगी मशीन गन से भारी गोलीबारी शुरू करके उसके बढ़ाव को रोक दिया । ऐसी परिस्थिति में हवलदार वाधमारे, अपनी मशीन गन टुकड़ी को लेकर बगल में गए और वहाँ से शत्रु के बंकर पर गोलीबारी करने लगे, जिससे शत्रु का ध्यान बट गया । इसके परिणामस्वरूप हमारे सैन्यदलों को शत्रु की चौकी तक पहुंचने का मौका मिल गया । हमारी बटालियन को आगे बढ़ते देखकर शत्रु डर गया और बहुत सारा गोलाबारूद छोड़कर भाग गया ।

इस कार्यवाही में हवलदार भगवान वाधमारे ने साहस, पहल-शक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

137. 9135822 लाँस हवलदार कुंगा स्टेनेइन,
लद्दाख स्काउट ।

लाँस हवलदार कुंगा स्टैनेइन, परतापुर क्षेत्र के रक्षित इलाके में चालुंका कामप्लेक्स पर कब्जा करने के लिए हमारी हमला करने वाली सेना में चल गोलाबारी नियंत्रक थे । वह संक्रिया चार दिन से भी अधिक चली । इस संक्रिया में शत्रु के तेज गोलाबारी के बावजूद इन्होंने मार्टर से कारगर गोलीबारी करने में दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया । उसके परिणामस्वरूप संक्रिया में सफलता मिली ।

इस कार्यवाही में लाँस हवलदार कुंगा स्टैनेइन ने साहस, पहलशक्ति और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

138. 4146924 लाँस हवलदार दीवान सिंह,
कुमाऊं रेजीमेंट ।

लाँस हवलदार दीवान सिंह, कुमाऊं रेजीमेंट की एक बटालियन में सेक्शन कमाँडर थे । इनके सेक्शन को राजस्थान क्षेत्र में गदरा अक्ष पर शत्रु की चौकी पर हमला करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी । हमले के दौरान इन्होंने दृढ़-निश्चय और साहस के साथ अपने सैनिकों का नेतृत्व किया । शत्रु के छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने शत्रु की मंझौली मशीन गन चौकी पर धावा बोल दिया और हथगोले से उसे ध्वस्त कर दिया । इस कार्यवाही से प्रोत्साहित होकर इनके सैनिकों ने उस चौकी पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में लाँस हवलदार दीवान सिंह ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

139. 2649480 लाँस हवलदार अफजल अलीम वार्सी,
ग्रेनेडियर्स (**मरणोपरान्त**)

8 दिसम्बर, 1971 की रात में ग्रेनेडियर्स की बटालियन के हवलदार अफजल अलीम वार्सी पश्चिमी क्षेत्र के "नरूर" क्षेत्र में शत्रु की चौकी पर हमले के दौरान अपने सैक्शन का नेतृत्व कर रहे थे । इनके नेतृत्व में सेक्शन ने उसकी चौकी पर न केवल कब्जा किया बल्कि भागते शत्रु से हथियार और गोलाबारूद भी छीन लिया । बाद में, 14 दिसम्बर, 1971 की रात में "शकरगढ़" पर हमले के दौरान इनके सेक्शन के बहुत से सैनिक हताहत हो गये । शत्रु की गोलाबारी पर ध्यान दिए बिना और अपनी सुरक्षा से बेपरवाह होकर हवलदार अफजल अलीम वार्सी ने हताहतों की सहायता की और अपनी देखरेख में उन्हें वहाँ से हटवाया । ऐसा करते हुए इन्हें एक गोले की किरचें लगी, जिसके परिणामस्वरूप वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इन कार्यवाहियों में लाँस हवलदार अफजल अलीम वार्सी ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

140. 1421561 लाँस हवलदार फुमन लाल,
59वीं इंजीनियर रेजिमेन्ट ।

11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 1971 के बीच लाँस हवलदार फुमन लाल, पूर्वी क्षेत्र में जमालपुर के पास ब्रह्मपुत्र नदी में गश्त

लगाने वाले एक नौका की कमान कर रहे थे। नदी के पार हमारे जमाव की तैयारी की जरूरत को समझ कर हवलदार फुमन लाल और उनकी टोली ने लगभग 40 घंटें तक लगातार गाड़ियों को पार उतारा।

इन कार्यवाहियों में लांस हवलदार फुमन लाल ने कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

141. 11088874 लांस हवलदार सीता राम,
आर्टिलरी रेजिमेंट।

6 दिसम्बर, 1971 को चण्डीगढ़ पर जब शत्रु ने हवाई हमला कर दिया तब हवाई रक्षा रेजिमेंट (प्रादेशिक सेना) की टुकड़ी की कमान कर रहे लांस हवलदार बहादुर सीता राम ने अंधेरे के बावजूद शत्रु के हवाई जहाज को देख लिया। उन्होंने शत्रु के हवाई जहाज को अपनी तोपों की मार के अन्दर आने दिया। ज्योंही जहाज मार के अन्दर आया उन्होंने अपनी तोखखाने की टुकड़ी को गोलीबारी करने का आदेश दिया और पहले ही तीन गोलों में जहाज को मार गिराया।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार सीता राम ने व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

142. 4142194 लांस हवलदार विट्ठल सावंत,
मराठा लाइट इंफैन्ट्री।

10 दिसम्बर 1971 को पश्चिमी क्षेत्र में "नैनाकोट" के पास जब शत्रु ने अपनी मंझौली मशीन गन ठिकाने से गोलाबारी करके मराठा लाइट इंफैंट्री की बटालियन की एक कम्पनी को आगे बढ़ने से रोक दिया तब उस ठिकाने का सफाया करने का काम एक राकेट लांचर डिटेचमेंट टुकड़ी के साथ लांस हवलदार विट्ठल सावंत को सौंपा गया। आदेश पाते ही लांस हवलदार विट्ठल सावंत एक राकेट प्रक्षेपक टुकड़ी को लेकर शत्रु के बंकर के करीब गये और उस पर राकेट चलाने का आदेश दिया और हथगोला फैंकने के लिए खुद झपट कर बंकर तक गये। इन की इस कार्यवाही से शत्रु चकित रह गया और बड़ी मात्रा में गोलाबारूद और उपस्कर छोड़कर भाग गया।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार विट्ठल सावंत ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

143. 2845764 लांस हवलदार जसवंत सिंह राठौर,
राजपूताना रायफल्स।

14 और 15 दिसम्बर की रात में लांस हवलदार जसवंत सिंह राठौर, राजपूताना रायफल्स की एक बटालियन की उस "छापा-मार सेना" में शामिल थे जिसने राजस्थान क्षेत्र में शत्रु के इलाके में 21 किलोमीटर भीतर घुसकर उसके तोपखाने के ठिकाने पर छापा मारा था। लांस हवलदार जब अपने राकेट प्रक्षेपक के साथ शत्रु के तोपखाने की ओर जा रहे थे कि शत्रु ने इन पर गोली चला दी। लेकिन बिना किसी डर के छिपकर शत्रु के ठिकाने में 150 गज भीतर घुस गये और उसकी दो फील्डगनों को बर्बाद कर दिया।

इस कार्यवाही के दौरान, लांस हवलदार जसवंत सिंह राठौर ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

144. 1421552 लांस हवलदार नन्द बल्लभ,
57वीं इन्जीनियर रेजिमेंट।

12 और 13 दिसम्बर 1971 की रात में राजस्थान क्षेत्र में नयाछोर की लड़ाई के दौरान हमारे दो टैंक क्षतिग्रस्त हो गये। अपने टैंकों को निकालने के लिए सुरंग क्षेत्र में "निरापद गली" बनाना जरूरी था। शत्रु की गोलीबारी के बावजूद, लांस हवलदार नन्द बल्लभ की टोली ने रात ही में सारा काम पूरा कर लिया जिससे टैंकों को निकाल कर लाया जा सका।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार नन्द बल्लभ ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

145. 1515902 लांस हवलदार हरनाम सिंह,
104वीं इंजीनियर रेजिमेंट।

पश्चिमी क्षेत्र में 9 और 10 दिसम्बर, 1971 की रात में संक्रियाओं के दौरान लांस हवलदार हरनाम सिंह उस टोह-टोली में शामिल थे जिसे लालूचक सुरंग क्षेत्र में वह गली साफ करने का काम सौंपा गया था जिसमें सुरंग फटने से हमारा एक टैंक फूंक गया था। शत्रु की आर्टिलरी, टैंक और मशीन गन की गोलीबारी के बावजूद लांस हवलदार हरनाम सिंह ने एक और अफसर की मदद से सुरंग क्षेत्र में अपने क्षतिग्रस्त टैंक तक पहुंचने के लिए गली साफ की और बख्तर बंद पुनरापि गाड़ी की, टैंक निकालने में सहायता की।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार हरनाम सिंह ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

146. 2840867 लांस हवलदार छोटे सिंह,
राजपूताना रायफल्स।

15 दिसम्बर, 1971 को लांस हवलदार छोटे सिंह राजपूताना रायफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी में उस सेक्शन की कमान कर रहे थे जो "ललियाल जंगल" में शत्रु की तलाश कर रहा था। कम्पनी के कार्यवाही शुरू करते ही उस पर शत्रु ने हल्की मशीन गन से गोलाबारी शुरू कर दी। ऐसी परिस्थिति में लांस हवलदार छोटे सिंह, ने शत्रु की मशीन गन ठिकाने पर धावा करके कब्जा कर लिया। हालांकि ये किरच लगने से जख्मी हो गये थे तो भी अपने सेक्शन के आने तक शत्रु के कैदियों की चौकसी करते रहे।

इस कार्यवाही में, लांस हवलदार छोटे सिंह ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

147. 6275350 लांस हवलदार कमला प्रसाद सिंह,
11वीं इंफैन्ट्री डिवीजन मिगनल रेजिमेन्ट।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की जाने वाली संक्रियाओं के दौरान, लांस हवलदार कमला प्रसाद सिंह, उस लाइन टुकड़ी के इंचार्ज थे जिसे राजस्थान क्षेत्र में इंफैन्ट्री ब्रिगेड हैडक्वार्टर में लाइन

बिछाने और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शत्रु की सुरंगों, उसकी गोलाबारी, तोड़फोड़ की कार्यवाही और हवाई हमले के कारण इनकी टुकड़ी के काम में बार-बार रुकावट होती थी। ऐसी परिस्थिति में भी अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना इन्होंने ब्रिगेड हैडक्वार्टर में लाइन बिछाने और उसकी देखभाल का कार्य पूरा किया और संचार व्यवस्था को कायम रखा।

आद्योपान्त लांस हवलदार कमला प्रसाद सिंह ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

148. 1023142 दफादार रूप सिंह, (मरणोपरान्त)
1 हार्स।

13 दिसम्बर, 1971 को दफादार रूप सिंह, पश्चिमी क्षेत्र में "शाहबाजपुर" पर हमला करने वाली स्किनर्स हार्स स्क्वाड्रन में अगले टैंक कर्मीदल के कमांडर थे। हालांकि इनका टैंक शत्रु की गोली से क्षतिग्रस्त हो गया था तो भी वे वापस लौटने का आदेश मिलने तक शत्रु से टक्कर लेते रहे। बाद में 13 दिसम्बर, 1971 को बियन नदी पार करते समय ये सबसे आगे चल रहे थे कि इन पर शत्रु का गोला लगा और इनका टैंक पूरी तरह नष्ट हो गया। तब इन्होंने सभी कर्मीदल को बाहर निकाला। इस काम को करते समय ये शत्रु की गोलाबारी से जख्मी हो गए और तुरन्त वीरगति को प्राप्त हुए।

इन कार्यवाहियों में दफादार रूप सिंह ने साहस, और नेतृत्व का परिचय दिया और उससे बड़ी कुर्बानी दी।

149. 1025140 दफादार रामप्पा पुरुषोत्तम,
16वीं कैवलरी।

14 दिसम्बर, 1971 को दफादार रामप्पा पुरुषोत्तम, एक कैवलरी स्क्वाड्रन के साथ शकरगढ़ क्षेत्र में ऐसे सुरंग क्षेत्र को पार करने की कोशिश में थे, जिसे शत्रु ने अच्छी तरह अपनी गोलीबारी की आड़ में ले रखा था। आगे बढ़ने के दौरान शत्रु ने इनके टैंक पर आघात कर दिया। उसी समय एक सुरंग के फटने से इनके ट्रूप लीडर का टैंक भी गतिहीन हो गया। ऐसी परिस्थिति में अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किये बिना दफादार रामप्पा पुरुषोत्तम अपने क्षतिग्रस्त टैंक में आगे बढ़े और ट्रूप लीडर के टैंक को खतरे से बाहर निकाल लिया। इसी दौरान इनके टैंक पर शत्रु ने दुबारा आघात कर दिया।

इस कार्यवाही में, दफादार रामप्पा पुरुषोत्तम ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

150. 1028406 दफादार बसाखा सिंह,
आर्मर्ड कोर।

7 दिसम्बर, 1971 को पूर्वी क्षेत्र में पीरगंज पर आर्मर्ड रेजिमेन्ट की स्क्वाड्रन के प्रहार के दौरान शत्रु ने अपनी मंझोली मशीनगन से गोलीबारी करके हमारी इंफैन्ट्री को आगे बढ़ने से रोक दिया। अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किये बिना स्क्वाड्रन के अगले ट्रूप लीडर दफादार बसाखा सिंह अपने टैंक से नीचे उतरे और रेंग कर मशीन गन पोस्ट तक गये और उसे हथगोले से बर्बाद कर दिया। ये बंकर में से खुद मशीन गन को उठा लाये। 14 दिसम्बर, 1971 को बोगरा के दक्षिण में सड़क रोक लगाने के लिए जब इनका स्क्वाड्रन दुबारा आगे बढ़ रहा था तब दफादार बसाखा सिंह के टैंक पर शत्रु ने आघात करके इन्हें घायल कर दिया। इसके बावजूद इन्होंने अपने बाकी दो टैंकों को आगे बढ़ने का आदेश दिया। इन्होंने खुद वहाँ से हटाये जाने से इन्कार कर दिया और टैंक के बचे हुए कर्मी दल की मदद से टैंक की मरम्मत की। ये टैंक को खुद चलाकर हार्बर में ले आये और इस के बाद मरहम पट्टी के लिए रेजिमेन्ट की सहायता चौकी पर गये।

इन कार्यवाहियों में दफादार बसाखा सिंह ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

151. 1025085 दफादार खुशाल सिंह,
17 हार्स।

16 दिसम्बर 1971 को, 17 हार्स के दफादार खुशाल सिंह, पश्चिमी क्षेत्र में बसंतार नदी के पास पुल पदाधार म तैनात थे। इस ठिकाने पर शत्रु ने बड़ी संख्या में आर्मर से जवाबी हमला कर दिया और आर्टिलरी से भी तीव्र और अचूक गोलाबारी की। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना दफादार खुशाल सिंह ने पहले स्क्वाड्रन कमांडर के टैंक को नुकसान पहुंचाने वाले शत्रु के दो टैंकों को बर्बाद कर दिया फिर अपने टैंक को उस जगह ले गये जहां इनकी स्क्वाड्रन के दूसरे टैंक घिर गये थे। इनके टैंक को देखते ही शत्रु ने उस पर गोलाबारी शुरू कर दी। उधर स्क्वाड्रन कमांडर को बच निकलने का मौका मिल गया। इस तरह ये अपने स्क्वाड्रन कमांडर को बचाने में सफल हुए। हालांकि इस काम में इनके टैंक को नुकसान पहुँचा लेकिन फिर भी दफादार खुशाल सिंह शत्रु के खदेड़े जाने तक वहां डटे रहे।

इस कार्यवाही में दफादार खुशाल सिंह ने साहस, मैत्री और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

152. 1023923 दफादार धर्म पाल,
आर्मर्ड कोर।

6 दिसम्बर 1971 को दफादार धर्म पाल, पश्चिमी क्षेत्र के "सम्बा" स्थान में एक टैंक की कमान कर रहे थे। इनके टैंक को शत्रु ने अपनी प्रतिक्षेप रहित गन से क्षतिग्रस्त कर दिया और फिर आर्टिलरी और हवाई जहाज से भी गोलीबारी की। इस सबके बावजूद दफादार धर्म पाल शत्रु पर गोले बरसाते रहे और उसके दो टैंक ध्वंसकों को नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में दफादार धर्म पाल ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

153. 1023900 दफादार रणधीर सिंह,
आर्मर्ड कोर।

दफादार रणधीर सिंह, कैवलरी के एक टैंक के कमांडर थे। इन्हें, शकरगढ़ क्षेत्र में शत्रु के सुरंग क्षेत्र में से होकर आगे बढ़ने का कार्य सौंपा गया था ताकि इनके पीछे एक आर्मर्ड रेजिमेन्ट भी

सुरंग क्षेत्र को चीरकर गुजर सके। सुरंग क्षेत्र के दूसरी तरफ पुल पदाधार कायम नहीं किया जा सका था इसलिए उस क्षेत्र पर शत्रु के आर्टिलरी और मोर्टर की गोलाबारी का भारी खतरा था। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना, दफादार रणधीर सिंह, सुरंग क्षेत्र को तब तक साफ करते रहे जब तक कि आर्मर्ड रजिमेन्ट के गुजरने लायक गलियारा न बन गया।

इस कार्यवाही में, दफादार रणधीर सिंह ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

154. 1025761 दफादार ओंकार दत्त,
4थी हार्स।

दफादार ओंकार दत्त, पश्चिमी क्षेत्र में "ठाकुर-द्वारा" में पुल पदाधार पर कार्यवाही करने वाले 4थी हार्स के अगले सैन्य दल में टैंक कमांडर थे। जब इनका टैंक पुल पदाधार के तंग हिस्से में से गुजर रहा था तो उस पर शत्रु ने बगल से टैंक से गोली चलानी शुरू कर दी। इनके टैंक ने भी कारगर जवाब दिया और पहले ही निशाने में शत्रु के टैंक को बर्बाद कर दिया।

इस कार्यवाही में दफादार ओंकार दत्त ने साहस और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

155. 1034880 लांस दफादार गुरदियाल सिंह,
1ली हार्स।

9 दिसम्बर, 1971 को शाहबाजपुर की ओर जाने वाली 1ली हार्स की एक स्क्वाड्रन को जब शत्रु ने गोलीबारी से आगे बढ़ने से रोक दिया तब एक टैंक के गनर लांस दफादार गुरदियाल सिंह ने शत्रु के टैंकों पर गोलीबारी करके उनमें, एक के बाद एक, दो टैंकों को बर्बाद कर दिया और तीसरे को क्षति पहुंचाई। इससे शत्रु भाग खड़ा हुआ और हमारा आगे बढ़ना फिर शुरू हो गया।

इस कार्यवाही में, लांस दफादार गुरदियाल सिंह ने योग्यता, साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

156. 1027614 लांस दफादार विद्याधर सिंह,
7वीं कैवलरी।

8 दिसम्बर, 1971 को लांस दफादार विद्याधर सिंह कैवलरी के उस ट्राल टैंक पर तैनात थे जिसे पश्चिमी क्षेत्र के शाह-बाजपुर क्षेत्र में, शत्रु के सुरंग क्षेत्र में से सुरंगें साफ करने का कार्य सौंपा गया था। शत्रु की भारी गोलीबारी के बावजूद इन्होंने अपना कार्य पूरा करके एक सुरक्षित गली बनाई। जब शत्रु का प्रतिरोध और कठोर हो गया तो लांस दफादार विद्याधर सिंह ने फौरन अपनी टैंक गन को घुमाकर उसकी एक प्रतिक्षेप रहित गन को ध्वस्त कर दिया।

इस कार्यवाही में, लांस दफादार विद्याधर सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

157. 4338377 नायक जीवन राम कचारी,
असम रेजिमेन्ट।

छम्ब क्षेत्र के "घोगी" इलाके में अपनी एक रक्षात्मक मोर्चे पर, असम रेजीमेंट की बटालियन की एक कम्पनी डटी हुई थी। 5 दिसम्बर, 1971 को इस मोर्चे पर शत्रु ने जबरदस्त हमला करके कुछ हिस्से पर कब्जा कर लिया और नायक जीवन राम कचारी और तीन सिपाहियों को पकड़ लिया। शत्रु के मार्ग रक्षी जब इन चारों को अपने इलाके में ले जा रहे थे, कि रास्ते ही में उन पर भारी गोलाबारी होने लगी। इससे मार्गरक्षियों का ध्यान बंट गया और इन लोगों ने मार्गरक्षियों को काबू में कर लिया और भाग निकले। नायक जीवन राम कचारी अपने सिपाहियों को साथ लेकर अपने इलाके में लौट आए।

इस कार्यवाही में नायक जीवन राम कचारी ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

158. 2848753 नायक रिसाल सिंह,
राजपूताना रायफल्स।

नायक रिसाल सिंह, राजपूताना रायफल्स की एक बटालियन में एक कम्पनी के सेक्शन कमांडर थे। 11 दिसम्बर, 1971 को राजस्थान क्षेत्र में "नयाछोड़" की लड़ाई के दौरान जब इनकी कम्पनी, चार टैंकों के साथ शत्रु के सुरंग क्षेत्र में फंस गई और उसे शत्रु की मंझौली मशीनगनों के तेज और कारगर गोलाबारी का सामना करना पड़ रहा था तब नायक रिसाल सिंह ने अपने सेक्शन के साथ शत्रु की मंझौली मशीनगन चौकी पर धावा बोल दिया। इनके जोरदार धावे से शत्रु के छक्के छूट गए और वह बहुत-सारा गोला-बारूद छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। इनकी वीरतापूर्ण कार्यवाही ही के कारण इनकी कम्पनी और टैंक—कमोबेश, शत्रु के सुरंग क्षेत्र से निकलने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में नायक रिसाल सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

159. 3349885 नायक सुखदेव सिंह,
सिख रेजीमेंट।

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान सिख रेजिमेंट की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में मोर्चाबंद सुरक्षित मोर्चा तैयार करने का काम सौंपा गया था। बटालियन जब मोर्चे तैयार कर रही थी, उसी बीच शत्रु ने उस पर मशीनगनों से गोलीबारी शुरू कर दी। इस बटालियन में नायक सुखदेव सिंह सेक्शन के कमांडर थे। इनका सैक्शन खुले में काम कर रहा था और उसे शत्रु की गोलीबारी का पूरा खतरा था। ऐसी हालत में नायक सुखदेव सिंह ने खुद एक हल्की मशीनगन से शत्रु पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे इनके सैक्शन को बिना रुकावट के मोर्चा खोदने का मौका मिल गया। नायक सुखदेव सिंह ने अचूक गोलीबारी करके शत्रु के दो मशीनगन पिलबाक्सों को खामोश कर दिया, लेकिन इसी बीच उन्हें शत्रु की मशीनगन की गोलियों की एक बौछार लगी और ये बुरी तरह घायल हो गए।

इस कार्यवाही में नायक सुखदेव सिंह ने कर्त्तव्यनिष्ठा, साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

160. 11126163 नायक प्रीतम सिंह,
आर्टिलरी रेजिमेंट ।

अम्बाला हवाई अड्डे पर हवाई सुरक्षा रेजिमेंट (प्रादेशिक सेना) की एक टुकड़ी तैनात थी । नायक प्रीतम सिंह, उस टुकड़ी के कमांडर थे । 6 दिसम्बर, 1971 की शाम को इनकी टुकड़ी ने एअर फील्ड पर हमला करने वाले शत्रु के तीन लड़ाकू हवाई जहाजों को देखा । टुकड़ी ने फौरन कारगर और अचूक गोलीबारी से शत्रु का एक हवाई जहाज मार गिराया और दो को भगा दिया ।

इस कार्यवाही में नायक प्रीतम सिंह ने साहस, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

161. 1169968 नायक सोबन सिंह,
आर्टिलरी रेजिमेंट ।

पश्चिमी क्षेत्र में मीडियम रेजिमेंट गन ठिकाने की रक्षा के लिए तैनात हवाई सुरक्षा बैटरी की एक टुकड़ी की कमान नायक सोबन सिंह कर रहे थे । 7 दिसम्बर, 1971 को इस क्षेत्र पर जब शत्रु ने हवाई हमला कर दिया तब नायक सोबन सिंह ने साहसपूर्ण पहल द्वारा अपनी गन से अचूक गोलाबारी कर शत्रु के एक मिग-19 हवाई जहाज को मार गिराया ।

इस कार्यवाही में नायक सोबन सिंह ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

162. 1324969 नायक कृष्ण पिल्लै रामकृष्ण पिल्लै ।
सैकण्ड इंजीनियर रेजिमेंट ।

11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर, 1971 के बीच नायक कृष्ण पिल्लै रामकृष्ण पिल्लै जमालपुर के पास ब्रह्मपुत्र नदी में गश्त लगाने वाले एक नौका की कमान कर रहे थे । 12 दिसम्बर, 1971 को इनकी नौका टूट गई । नदी के परली तरफ तेजी से तैयारी की जरूरत को समझकर इन्होंने फौरन कुशलता पूर्वक नौका की मरम्मत की और 16 से 18 घंटे तक गाड़ियों को पार उतारा ।

इस कार्यवाही में नायक कृष्ण पिल्लै रामकृष्ण पिल्लै ने कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

163. 6265946 नायक विट्ठल दास,
सिगनल्स कोर ।

नायक विट्ठल दास, 4 दिसम्बर, 1971 को "लाइन पार्टी" की उस टुकड़ी की कमान कर रहे थे जिसे पूर्वी क्षेत्र के "दरसाना" ठिकाने में माउण्टेन-ब्रिगेड कमांडर के "सामरिक हैडक्वार्टर" में संचार के लिए लाइनें बिछाने और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी । शत्रु की भारी तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद नायक विट्ठल दास ने लाइनें बिछाने का काम पूरा किया । साथ ही अगर कहीं शत्रु की गोलाबारी से संचार लाइनें नाकाम हो गई थीं तो उनकी मरम्मत का काम भी पूरा किया ।

इस कार्यवाही में नायक विट्ठल दास ने साहस और कर्त्तव्यपरावणता का परिचय दिया ।

164. 6867009 नायक (ड्राइवर) बीरबल सिंह,
आर्मी आर्डनेंस कोर ।

अखनूर में जिस जगह हमारे गोलाबारूद के ढेर लगे थे वहां 5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने गोलाबारी शुरू कर दी, जिससे भयंकर आग फैलने लगी । ऐसी भयंकर स्थिति में भी नायक (ड्राइवर) बीरबल सिंह, अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना आग बुझाने में जुट गये और दूसरे ढेरों को आग की लपेट में आने से बचा लिया । इन्होंने अपने साथियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें भी आग बुझाने में लगाया । इस तरह इन्होंने भारी तादाद में गोलाबारूद को भस्म होने से बचा लिया । ये सात घंटे तक आग से जूझते रहे और आखिर में उसे बुझाने में सफल हुए ।

इस कार्यवाही में नायक (ड्राइवर) बीरबल सिंह ने साहस और कर्त्तव्यपराणयता का परिचय दिया ।

165. 2647089 नायक कुमा राम,
ग्रेनेडियर्स ।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन के नायक कुमा राम उस गश्त के उपकमान अफसर थे, जिसे इस सूचना की पुष्टि करने का काम सौंपा गया था कि शत्रु ने अपना एक इलाका खाली कर दिया है । गश्त के इलाके के आस पास पहुंचते ही उस पर शत्रु ने अपनी मंझौली मशीन गन और मार्टर से भारी गोलाबारी कर दी । ऐसी परिस्थिति में एक और सैनिक को साथ लेकर नायक कुमा राम ने मंझौली मशीन गन चौकी पर धावा बोल दिया जिससे शत्रु के होश उड़ गये और उसने आत्मसमर्पण कर दिया । इस धावे में अपने साथी सैनिक को गोली लगने पर नायक कुमा राम उसे सुरक्षित स्थान पर ले गये ।

इस कार्यवाही में नायक कुमा राम ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

166. 1216659 नायक मूलचन्द यादव,
आर्टिलरी रेजिमेंट ।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, नायक मूल चन्द यादव डेरा बाबा नानक इन्क्लेव पर हमला करने वाली 9वीं गोरखा रायफल्स की एक बटालियन में बैटरी कमांडर की टोली के इंचार्ज थे । हमले के दौरान, शत्रु के आर्टिलरी, स्वचालित हथियारों और टैंकों की भारी गोलाबारी के बावजूद नायक मूल चन्द यादव ने टेलिफोन और रेडियो संचार कायम रखा शत्रु ने आर्टिलरी गोलाबारी से दो बार रेडियो एन्टेना उड़ा दिया परन्तु ऐसी परिस्थिति में भी अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किये बिना इन्होंने संचार व्यवस्था कायम रखी ।

इन कार्यवाहियों में नायक मूलचन्द यादव ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

167. 13721969 नायक इंदरजीत, (मरणोपरान्त)
जम्मू और काश्मीर रायफल्स ।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान हमारी बटालियन के रक्षित इलाके पर शत्रु ने अपनी आर्टिलरी की भारी

गोलीबारी की आड़ में बड़ी संख्या में इफैन्ट्री से हमला किया और इस तरह शत्रु जम्मू और कश्मीर रायफल्स की बटालियन के एक सेक्शन पर लगातार दबाव डालने लगा। ऐसी परिस्थिति में सैक्शन कमांडर नायक इंदरजीत सिंह खतरा उठाकर एक खाई से दूसरी खाई तक गये और अपने सैनिकों को डटे रहने और लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान इनकी छाती में गोले की किरच लग गई। घायल होने के बावजूद इन्होंने सैक्शन पर नियंत्रण कायम रखा और शत्रु पर कारगर गोलाबारी करके उसे भारी नुक्सान पहुंचाया और उसके हमले को विफल कर दिया। परन्तु घायल होने के कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, नायक इंदरजीत ने साहस का परिचय दिया और कर्त्तव्य पालन करते हुए सबसे बड़ी कुर्बानी दी।

168. 5436057 नायक हिमबहादुर गुरंग,
5वीं गोरखा रायफल्स।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान नायक हिमबहादुर गुरंग पश्चिमी क्षेत्र में शहजरा चौकी पर हमला करने वाले सेक्शन की कमान कर रहे थे। प्रहार के दौरान, अचानक शत्रु ने अपनी मशीनगन से गोलाबारी करके क्षण भर के लिए इनके सेक्शन को आगे बढ़ने से रोक दिया। नायक गुरंग ने फौरन अपने सेक्शन को गोलाबारी के लिए नियोजित किया और अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना, रेंगकर बंकर के पास गये और दो हथगोले फेंक कर हल्की मशीनगन को खामोश कर दिया।

इस कार्यवाही में नायक हिमबहादुर गुरंग ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

169. 351537 नायक मोहब्बत सिंह,
राजपूताना, रायफल्स।

1971 में, पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान राजपूताना रायफल्स की एक बटालियन के नायक मोहब्बत सिंह, जम्मू और कश्मीर क्षेत्र के "रिंग कूल्टू" इलाके में शत्रु के कब्जे वाले ठिकाने पर हमले के दौरान एक सैक्शन का नेतृत्व कर रहे थे। इस कार्यवाही में इन्होंने निजी साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया। इन्हीं की बदौलत यह संक्रिया सफल हुई और शत्रु के बहुत से सैनिक मारे गये।

इस कार्यवाही में नायक मोहब्बत सिंह ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

170. 3961568 सिपाही भागी रथ,
डोगरा रैजिमेंट।

5/6 दिसम्बर, 1971 की रात को सिपाही भागी रथ पश्चिमी क्षेत्र में डेरा बाबा नानक पुल के पूर्वी सिरे पर डोगरा रेजिमेंट की प्रहार करने वाली कम्पनी में थे। शत्रु की मंझौली मशीनगन के बंकर से अचूक गोलाबारी और तबाही करने वाली गोलियों की वजह से इनका प्रहार रुक गया। सिपाही भागी रथ ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना मंझौली मशीनगन पर धावा कर दिया और दो हथगोले फेंक कर उसे खामोश कर दिया। इससे लक्ष्य पर जल्दी कब्जा करने में सुविधा हुई।

इस कार्यवाही में सिपाही भागीरथ ने पहले, साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

171. 2755087 सिपाही नारायण मलूसरे,
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री।

सिपाही नारायण मलूसरे मराठा लाइट फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी में रेडियो आपरेटर थे। दीनाजपुर क्षेत्र में हमले के दौरान इनके कम्पनी कमांडर घायल हो गए थे और शत्रु की मंझौली मशीनगन चौकी से मुश्किल से 10 गज की दूरी पर पड़े थे। सिपाही नारायण मलूसरे गंभीर खतरा होते हुए भी अपने कम्पनी कमांडर के पास डटे रहे और मशीनगन को हथगोलों से दो बार खामोश करने की कोशिश की। परन्तु इनकी कोशिश कामयाब न हो सकी। इस पर भी ये हतोत्साहित नहीं हुए और अपनी जगह पर जमे रहे और भारी गोलाबारी के बावजूद अपने कम्पनी कमांडर को निकाल लाने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में सिपाही नारायण मलूसरे ने सराहनीय मैत्री साहस का परिचय दिया।

172. 2962388 सिपाही प्यार सिंह,
राजपूत रेजिमेंट।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की जाने वाली संक्रियाओं के दौरान सिपाही प्यार सिंह उस कम्पनी के नेतृत्व करने वाले सैक्शन में थे जिसने भुरंगमारी क्षेत्र में छापा मारा था। सिपाही प्यार सिंह शत्रु के एक बंकर तक रेंग कर पहुंच गए और उसे बेअसर करने के बाद शत्रु के दूसरे बंकर पर पहुंचे। इसी बीच शत्रु की हल्की मशीन गन की गोली से ये घायल हो गए। हालांकि इनके घावों से लगातार खून बह रहा था फिर भी सिपाही प्यार सिंह साहस के साथ आगे बढ़ते गए और एक हथगोला फेंक कर दूसरे बंकर को भी बेअसर कर दिया। अब हमारे जवान ठिकाने पर झपटे और उस पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में सिपाही प्यार सिंह ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

173. 13602388 पैराट्रूपर चैनी राम,
पैराशूट रेजिमेंट।

पैराट्रूपर चैनी राम पराशूट रेजिमेंट की एक कम्पनी में कमान अफसर के संदेशवाहक थे। 16 दिसम्बर, 1971 को ये अपने कम्पनी कमांडर के साथ पश्चिमी क्षेत्र में तैनात अपनी प्लाटून के एक ऐसे इलाके में जा रहे थे जिस पर शत्रु जबरदस्त हमला कर रहा था। रास्ते में दोनों को अचानक शत्रु के 8–10 सैनिकों ने घेर लिया। लेकिन इससे पैराट्रूपर चैनी राम घबराये नहीं और फौरन शत्रु पर पहले हथगोला फेंका, फिर अपने कम्पनी कमांडर के साथ उन पर टूट पड़े और मुठभेड़ की लड़ाई लड़कर उसके दोनों जवानों को मार दिया और चार को बन्दी बना लिया।

इस कार्यवाही में पैराट्रूपर चैनी राम ने साहस और मैत्री का परिचय दिया।

174. 13666453 गार्डसमैन रत्न लिन्गा,
गार्डस ब्रिगेड।

15 दिसम्बर, 1971 को गार्डसमैन रत्न लिन्गा, गार्डस ब्रिगेड की बटालियन की एक कम्पनी के थोड़े से जवानों को लेकर

पूर्वी क्षेत्र के "सानार" क्षेत्र में शत्रु के एक मजबूत किलाबंद ठिकाने पर कब्जा करने के लिए गए। प्रहार के दौरान शत्रु ने इन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन इससे विचलित हुए बिना अपनी जान की परवाह किये बिना ये एक बंकर से दूसरे बंकर तक शत्रु का सफाया करते चले गए और उसकी दो हल्की मशीन गनों पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में गार्डसमैन रत्न सिन्गा ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

175. 1289539 गनर दूध नाथ,
आर्टिलरी रेजिमेन्ट ।

गनर दूध नाथ पूर्वी क्षेत्र में हमारी आर्टिलरी प्रेक्षण चौकी पर तैनात मद्रास रेजिमेन्ट की एक बटालियन में रेडियो आपरेटर थे। 6 दिसम्बर, 1971 की सुबह इस चौकी पर शत्रु ने जबरदस्त हमला कर दिया और उसके एक टैंक का गोला सीधा प्रेक्षण चौकी पर आ गिरा। गोले से गनर दूध नाथ की छाती में घाव हो गया। बहुत ज्यादा खून बहने और तीव्र पीड़ा के बावजूद ये अपना काम करते रहे। इसी बीच प्रेक्षण चौकी अफसर, लगभग 500 गज की दूरी पर एक्जी पोजीशन में चले गए। लेकिन दूध नाथ ने न केवल हटाए जाने से इन्कार कर दिया बल्कि अपनी पीठ पर रेडियो सेट रखे नये ठिकाने पर गए और संचार कार्य जारी रखा।

इस कार्यवाही में गनर दूध नाथ ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

176. जी 26512 श्री प्रीतम चन्द, मिस्त्री (मरणोपरान्त)
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स ।

17 दिसम्बर, 1971 को मेन्टिनेन्स टास्क फोर्स के श्री प्रीतम चन्द मिस्त्री, जब पश्चिमी क्षेत्र में पंडगौड़-बादला-गुजरात मार्ग पर कार्य कर रहे थे तब शत्रु के हवाई जहाज ने इनकी टोली पर हमला कर दिया। इनकी टोली के दो पायनियर गोलियों की बौछार से जख्मी हो गये। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना ये एक को पास वाली पुलिया की ओट में ल गये। दूसरे पायनियर को वहां से हटाने की कोशिश करते समय इन्हें गोले की किरचें लग गईं।

इस कार्यवाही में, श्री प्रीतम चन्द मिस्त्री, ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

177. श्री सुरिन्दर नाथ खन्ना, सहायक कम्पनी कमांडर,
स्पेशल फ्रंटियर फोर्स ।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, स्पेशल फ्रन्टियर फोर्स के श्री सुरिन्दर नाथ खन्ना, पूर्वी क्षेत्र में "रंग पाड़ा" के पास एक गश्ती प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे। जैसे ही इनकी प्लाटून खुले में पहुंची कि शत्रु ने अचानक अपनी मशीनगनों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। ऐसे कठिन समय में इन्होंने असाधारण सूझबूझ और साहस के साथ अपनी गश्ती प्लाटून से शत्रु पर हमला कर दिया। इससे शत्रु के हौसले पस्त हो गए और वह मोर्चा छोड़कर भाग खड़ा हुआ। बाद में जब "बोआखाली बाजार" लूटने वाले मिजो-विरोधियों को पकड़ने का काम इन्हें सौंपा गया तब इन्होंने तेजी से बहादुराना कार्यवाही करके एक हल्की मशीनगन और कुछ गोलाबारूद के साथ विरोधियों को पकड़ा।

आद्योपान्त श्री सुरिन्दर नाथ खन्ना ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

178. श्री तिरपाल सिंह, सहायक कमांडेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

9 दिसम्बर, 1971 को श्री तिरपाल सिंह, सीमा सुरक्षा दल की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे जिसे कच्छ क्षेत्र के "नगर पारकर" स्थान में शत्रु के मजबूत किलाबन्द ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। शत्रु पर आगे बढ़कर हमला करने के लिए इन्होंने अपने जवानों को प्रेरणा दी और उनका हौसला बढ़ाया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाकर ठिकाने पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में श्री तिरपाल सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

179. श्री देविंदर सिंह, सहायक कमांडेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

1971 पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, सीमा सुरक्षा दल के सहायक कमांडेन्ट श्री देविन्दर सिंह की कमान में एक बटालियन राजस्थान क्षेत्र में तैनात थी। उस बटालियन के प्रशासन और सिगनल्स संचार के कामों की पूरी जिम्मेदारी इन्हीं पर थी। इनकी बटालियन ने इस्लामगढ़ के बाहरी क्षेत्र में कार्यवाही करके शत्रु की ऐसी दो चौकियों पर कब्जा कर लिया जहां से वह इनके प्रशासन और सिगनल संचार के कामों में रुकावट डाल रहा था। अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना श्री देविन्दर सिंह, 10 दिन तक दिन और रात लगातार काम में जुटे रहे। एक मौके पर ये चार दिन तक बिना भोजन किये और सोये, काम करते रहे। पूरे इलाके में शत्रु के सिपाही मौजूद थे फिर भी लाइन बिछाने वाली टोलियों के काम की इन्होंने देखभाल की।

आद्योपान्त श्री देविन्दर सिंह ने वृढ़-निश्चय, साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

180. श्री गुरमित सिंह सिंद्धू, सहायक कमाडेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

7 दिसम्बर, 1971 को श्री गुरमित सिंह सिंद्धू, उस गश्ती नाव "चित्रांगदा" के अफसर इंचार्ज थे जिसे भारतीय नौ सेना के जहाज "पानवेल" और गनबोट "पद्मा" और "पलाश" को पूर्वी क्षेत्र में मोंगला-हार्बर तक रास्ता दिखाने का सौंपा गया था। इस काम को इन्होंने कुशलता पूर्वक पूरा किया और "मोंगली" ही में रुक गए। उधर तीनों जलयान, चालना और खुलना पोर्ट पर हमले के लिए आगे बढ़ गए। 10 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने एक जलयान से शत्रु को साजो-सामान उतारते देख लिया। हालांकि शत्रु के बदला लेने का पूरा खतरा था तो भी इन्होंने उस जलयान पर गोलाबारी कर दी और उसमें आग लगा दी।

इस कार्यवाही में श्री गुरमित सिंह सिंद्धू ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

181. श्री किशन कुमार शर्मा, सहायक कमांडेन्ट,
सीमा सुरक्षा बल ।

कच्छ क्षेत्र के "बिआर बेट" क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन में श्री किशन कुमार शर्मा, कम्पनी कमांडर थे । 13 दिसम्बर, 1971 को इनकी कम्पनी के ठिकाने पर शत्रु के हवाई हमले के बाद एक गाड़ी पर लगे छद्मावरण जाल में बिना फटा राकेट अटका हुआ मिला । अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना श्री किशन कुमार शर्मा उस राकेट को गाड़ी से काफी दूर ले गए, जहां वह अपने आप फट गया । इस तरह मौके पर कार्यवाही करके इन्होंने गाड़ी और अपने सैनिकों को बचा लिया । 14 दिसम्बर, 1971 को इनकी कम्पनी के ठिकाने पर शत्रु ने नापाम और फास्फारस बमों से हमला कर दिया । इससे सारे इलाके में आग लग गई । ऐसी खतरनाक हालत में भी श्री किशन कुमार शर्मा ने कुशलतापूर्वक एक आर्मर्ड और बहुत सी दूसरी गाड़ियों को सुरक्षित स्थान में पहुंचा दिया ।

इस कार्यवाही में श्री किशन कुमार शर्मा ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

182. श्री नारायण सिंह चौहान, सहायक कमांडेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री नारायण सिंह चौहान, राजस्थान क्षेत्र में सीमा सुरक्षा दल की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, साथ ही अपनी एक वाह्य सीमा चौकी के इंचार्ज भी थे। इनकी आसूचना रिपोर्ट और सहायता से ही "रानी हालन" पर कब्जा करने में सफलता हुई । बाद में उस क्षेत्र में इन्होंने मोर्चे भी तैयार किए ।

इस कार्यवाही में श्री नारायण सिंह चौहान ने नेतृत्व, साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

183. श्री विश्राम सिंह, सहायक कमांडेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री विश्राम सिंह, पूर्वी क्षेत्र के "अगरदारी" स्थान में एक गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे । हमारी रक्षात्मक योजनाओं के अनुरूप इन्होंने शत्रु की मोर्चाबन्दियों का पता लगा कर उन पर हमला कर दिया और 20 से ज्यादा सैनिकों को मार दिया और बहुतों को घायल कर दिया । हालांकि शत्रु काफी तादाद में था तो भी बिना झिझके इन्होंने अपना काम सामरिक कुशलता और साहस से पूरा किया और शत्रु की महत्त्वपूर्ण सूचनाएं अपने साथ लाए ।

इस कार्यवाही में श्री विश्राम सिंह ने पहल, साहस, और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

184. श्री के० जे० ठाकुर, सहायक कमांडेन्ट,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री के० जे० ठाकुर, कच्छ क्षेत्र में हमारी एक सीमा चौकी पर अग्रवर्ती प्रेक्षण अफसर थे । 10 दिसम्बर, 1971 को शत्रु पर हमला करने वाले सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन की एक कम्पनी को नजदीक से आर्टिलरी सहायता देने का काम इन्हें सौंपा गया था । शत्रु ने अपनी मशीनगन से भारी गोलीबारी डाल कर के जब इनके हमले को रोक दिया तब श्री के० जे० ठाकुर ने अचूक और विध्वंसकारी गोलाबारी करवा कर शत्रु की मशीनगन को खामोश कर दिया और अपना हमला जारी रखा ।

इस कार्यवाही में श्री के० जे० ठाकुर ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

185. श्री यशवंत सिंह बिष्ट, सहायक कमांडेंट,
सीमा सुरक्षा दल ।

10 दिसम्बर, 1971 को सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन के श्री यशवंत सिंह बिष्ट जम्मू एवं काश्मीर के "डुडगाई" स्थान पर धावा बोलने वाली एक प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे । इन्होंने अपनी प्लाटून का सुयोग्यता और कुशलता से नेतृत्व किया और शत्रु की चौकी के बीहड़ क्षेत्र में होने के बावजूद उस पर सफलतापूर्वक धावा बोल कर उसे भारी जानी नुकसान पहुंचाया और अपनी प्लाटून को सकुशल अपने अड्डे पर वापस ले आए ।

इस कार्यवाही में श्री यशवंत सिंह बिष्ट ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया ।

186. 660211523 श्री बाबू लाल, हैड कांस्टेबल,
सीमा सुरक्षा दल ।

हैड कांस्टेबल श्री बाबू लाल ऐसी फौज के सैक्शन कमांडर थे, जिसे राजस्थान क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । आगे बढ़ते समय शत्रु की एक हल्की मशीनगन चौकी ने इनके सैक्शन को आगे नहीं बढ़ने दिया जिससे हमला जारी रखना मुश्किल हो गया । श्री बाबू लाल अकेले आगे बढ़े और लाइट मशीनगन चौकी पर ग्रेनेड फैंककर उसे खामोश कर दिया । इसके बाद चौकी पर हमला करके उस पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में श्री बाबू लाल हैड कांस्टेबल ने साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

187. 66132016 श्री कुम्भा राम, निरीक्षक
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री कुम्भा राम राजस्थान क्षेत्र में सीमा सुरक्षा दल की डोगरा रेजिमेन्ट की एक बटालियन से संबद्ध थे । 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान इस बटालियन को "तमाचीवाला टोबा", "अहमद खान का टोबा" और "मिर्जा वाला टोबा" में लगातार कई कार्यवाहियों में हिस्सा लेना पड़ा । इस तरह की हर कार्यवाही में रात के समय ऐसे रेगिस्तानी इलाके में जहां न सड़कें होती थीं न पगडंडियां उन्हें काफी दूर चलना पड़ता था । श्री कुम्भा राम ने तीनों कार्यवाहियों में स्वेच्छा से अपने को पेश किया और बटालियन का सफलतापूर्वक पथ-प्रदर्शन किया ।

इन कार्यवाहियों में निरीक्षक श्री कुम्भा राम ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

188. 66722002 श्री वीरेन्द्र लाल साहा, निरीक्षक,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री वीरेन्द्र लाल साहा सीमा सुरक्षा दल की उस कम्पनी के सैकण्ड-इन-कमान थे जिसने हमारी रक्षात्मक योजना के अन्तर्गत दीनाजपुर

क्षेत्र की सीमावर्ती बाहरी चौकी पर हमला किया। श्री धरिंद्र लाल साहा अगले सैन्य दल में थे। जब वे अपने लक्ष्य से केवल 40 गज दूर रह गए तो उनकी दोनों टांगों में गोलियां लगी। इनके घावों में से अत्याधिक खून बह रहा था परन्तु इन्होंने शत्रु के भारी गोलीबारी के बावजूद हमले का नेतृत्व किया और लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री धरिन्द्र लाल साहा ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

189. 690100996 श्री मदनलाल अरोड़ा, उपनिरीक्षक, सीमा सुरक्षा दल।

12 दिसम्बर, 1971 को सीमा सुरक्षा दल के श्री मदनलाल अरोड़ा को शत्रु के पीछे हटने के रास्तों को रोकने के लिए अपनी प्लाटून के साथ शत्रु के रक्षित मोर्चों के पीछे जाने का काम सौंपा गया था। इन्होंने अपनी प्लाटून का आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया और हालांकि ये मुख्य सेना से पूरी तरह अलग-अलग हो गए, परन्तु फिर भी, ये शत्रु को लगातार परेशान करते रहे और उसका पीछा करते रहे।

इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक श्री मदनलाल अरोड़ा ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

190. 660100184 श्री भीम सिंह, उप निरीक्षक, सीमा सुरक्षा दल।

12 दिसम्बर, 1971 को श्री भीम सिंह सीमा सुरक्षा दल की इस बटालियन के नेतृत्व करने वाली प्लाटून के कमांडर थे जिसे कच्छ क्षेत्र म "जटलाई" पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इनके आगे बढ़ने की गति शत्रु के स्वचालित और मार्टर के अचूक गोलाबारी की वजह से रुक गई। श्री भीम सिंह ने शत्रु की गोलाबारी करने के ठिकानों को ढूंढ निकाला और धावा बोलकर उन पर कब्जा कर लिया। जिसके कारण शत्रु को मजबूर होकर फौरन पीछे हटना पड़ा।

इस कार्यवाही में उप निरीक्षक श्री भीम सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

191. 660100209 श्री भाग सिंह, उप निरीक्षक, सीमा सुरक्षा दल।

12 दिसम्बर, 1971 को कच्छ क्षेत्र में "जटरा सीमा" की बाहरी चौकी पर कब्जा करने के बाद श्री भाग सिंह को उसके आगे के क्षेत्र की छानबीन करने का काम सौंपा गया था। इन्होंने इस कार्य को बुद्धिमानी, साहस और संकल्प से किया और "टोगों" तक के क्षेत्र पर सफलता पूर्वक अधिकार बनाये रखा। इससे शत्रु की जवाबी हमले की योजनाएं विफल हो गई।

इस कार्यवाही में उप-निरीक्षक श्री भाग सिंह ने साहस, नेतृत्व शक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया

192. 6814002 श्री गोकुल देव, उप-निरीक्षक, सीमा सुरक्षा दल।

4 दिसम्बर, 1971 को श्री गोकुल देव सीमा सुरक्षा दल की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे जिसे पश्चिमी क्षेत्र में "सुनेवाला खू" पर छापा मारने का आदेश दिया गया। इनके छापे को शत्रु ने भारी मशीनगन की गोलाबारी से रोक दिया। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना श्री गोकुल देव अपने जवानों को प्रोत्साहित करते हुए और उनका हौसला बढ़ाते हुए शत्रु पर झपटे। इनके निजी उदाहरण को देखकर इनके जवान इनके पीछे आ डटे और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया और साथ ही चौकी को भी हानि पहुंचाई।

इस कार्यवाही में उप निरीक्षक श्री गोकुल देव ने साहस, नेतृत्व, शक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

193. 66577064 श्री बलबीर सिंह, उप-निरीक्षक, सीमा सुरक्षा दल। (मरणोपरान्त)

सीमा सुरक्षा दल के श्री बलबीर सिंह पश्चिमी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सीमावर्ती बाहरी चौकी पर प्लाटून कमांडर थे। शत्रु ने भारी आर्टिलरी और स्वचालित हथियारों की गोलीबारी से चौकी को चारों तरफ से घेर लिया। श्री बलबीर सिंह ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न की और एक खाई से दूसरी खाई में जाकर उन्होंने अपने जवानों का हौसला बढ़ाया जिसमे वे शत्रु से 2 घंटे तक लड़ते रहे। जब शत्रु ने इन्हें पूरी तरह घेर लिया तो इन्होंने कई हथगोले फेंके जिससे शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा। इस प्रक्रिया में ये एक हल्की मशीनगन की गोली से घायल हो गए और बाद में घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में उप-निरीक्षक श्री बलबीर सिंह ने साहस और संकल्प शक्ति का परिचय दिया।

194. 67555070 श्री दरबारा सिंह, हैड कांस्टेबल, सीमा सुरक्षा दल।

हैड कांस्टेबल श्री दरबारा सिंह छम्ब क्षेत्र में मोइल सीमा बाह्य चौकी पर सीमा सुरक्षा दल के एक सैक्शन की कमान कर रहे थे। 3 दिसम्बर, 1971 को सीमा सुरक्षा दल के कार्मिकों को सीमा बाह्य चौकी से पीछे हटने का आदेश मिला। लेकिन हैड कांस्टेबल दरबारा सिंह और उनके सैक्शन ने स्वैच्छा से वहां रहकर सेना के कार्मिकों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर लड़ने का फैसला किया। लड़ाई में इस सैक्शन ने शत्रु द्वारा बार-बार किए गए हमलों को रोका और उसके बहुत से सिपाहियों को हताहत किया। हैड कांस्टेबल श्री दरबारा सिंह के कुशल नेतृत्व में यह सैक्शन अडिग रहा और जब तक उसे मुख्य ठिकाने पर पीछे हटने का आदेश न मिला, तब तक, वह चौकी पर डटा रहा।

इस कार्यवाही में हैड कांस्टेबल श्री दरबारा सिंह ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

195. 66700208 श्री अमरेन्द्र नाथ मलिक, कांस्टेबल, सीमा सुरक्षा दल। (मरणोपरान्त)

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रियाओं के दौरान कांस्टेबल श्री अमरेन्द्र नाथ मलिक पूर्वी क्षेत्र के दीनाजपुर इलाके में शत्रु की एक चौकी पर हमला करने वाली कम्पनी में थे। हमले के दौरान इस कम्पनी पर तोपखाने और मशीनगन से भारी गोलीबारी की गई पर अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए

श्री अमरेन्द्र नाथ मलिक ने तब तक हमला जारी रखा जब तक लक्ष्य से कुछ दूर गिरने से उनकी मृत्यु न हो गई। उनके इस साहसपूर्ण कृत्य से उत्साहित होकर कम्पनी ने तेजी से जोरदार हमला किया।

इस कार्यवाही में कांस्टेबल श्री अमरेन्द्र नाथ मलिक ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

196. 66276516 श्री दलबीर सिंह, कांस्टेबल, सीमा सुरक्षा दल।

3 और 4 दिसम्बर, 1971 को पश्चिमी क्षेत्र में "रनियन" चौकी पर शत्रु ने कई हमले किए। ये हमले शत्रु ने काफी तादाद में और आर्टिलरी के भारी और सही गोलाबारी की मदद से किए। एक हमले के दौरान अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए कांस्टेबल श्री दलबीर सिंह अपने बंकर से बाहर आ गए और शत्रु पर अत्यन्त निकट परास से गोलाबारी की और उसके बहुत से आदमियों को हताहत कर दिया। इन्होंने अपने साथियों में दृढ़-निश्चय, विश्वास और साहस भरा जिससे वे शत्रु के हमलों को विफल करने में कामयाब हुए।

आद्योपान्त कांस्टेबल श्री दलबीर सिंह ने साहस और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

197. 67143008 श्री पुलिकोटिल देवासी जोय, सीमा सुरक्षा दल।

सीमा सुरक्षा दल के श्री पुलिकोटिल देवासी जोय 1971 की संक्रियाओं के दौरान राजस्थान क्षेत्र में राजपूताना रायफल्स की एक बटालियन से संबद्ध थे। शत्रु के आर्टिलरी मार्टर और स्वचालित गोलाबारी के बावजूद ये हमेशा अपने उन सैन्य दलों के साथ रहे जो शत्रु की पूरी तरह रक्षित "इस्लामगढ़" और "भाई खान वाला खू" चौकियों पर कब्जा करने के लिए हमला कर रहे थे।

इस कार्यवाही में श्री पुलिकोटिल देवासी जोय ने साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

अशोक मित्र,
राष्ट्रपति के सचिव।

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 9 मार्च 1974

नियम

सं० 20/1/74-अ० भा० से० (1):—निम्नलिखित सेवाओं में रिक्तियों को भरने के लिए, 1974 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता-परीक्षा के नियम, संबंधित मंत्रालयों और भारतीय लेखा-परीक्षा और लेखा सेवा के सम्बन्ध में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की सहमति से, आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं :—

5—481GI/73

वर्ग—I

(1) भारतीय प्रशासन सेवा, और
(2) भारतीय विदेश सेवा

वर्ग—II

(1) भारतीय पुलिस सेवा, तथा
(2) दिल्ली, अंडमान तथा निकोबार, द्वीपसमूह पुलिस सेवा श्रेणी-2

वर्ग-III

(क) श्रेणी-1 की सेवाएं :—

(1) भारतीय पी० एण्ड टी० लेखा तथा वित्त सेवा,
(2) भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा,
(3) भारतीय सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सेवा,
(4) भारतीय रक्षा लेखा सेवा,
(5) भारतीय आयकर सेवा (श्रेणी-1),
(6) भारतीय आयुद्ध कारखाना सेवा, श्रेणी-1 (सहायक प्रबंधक अतकनीकी),
(7) भारतीय डाक सेवा,
(8) भारतीय रेलवे लेखा सेवा,
(9) भारतीय यातायात सेवा, और
(10) सैन्य भूमि तथा सैन्य छावनी सेवा, श्रेणी-1

(ख) श्रेणी-2 की सेवाएं :—

(1) केन्द्रीय सचिवालय सेवा अनुभाग अधिकारी ग्रेड, श्रेणी-2,
(2) भारतीय विदेश सेवा, शाखा 'ख' केन्द्रीय संवर्ग के समेकित ग्रेड-II तथा III (अनुभाग अधिकारी ग्रेड),
(3) सशस्त्र सेवा मुख्यालय सिविल सेवा, सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी ग्रेड, श्रेणी-2,
(4) सीमा शुल्क मूल्य निरूपक (एप्रेजर) सेवा क्लास-2,
(5) दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीप सिविल सेवा श्रेणी-2,
(6) गोआ, दमन तथा दीव सिविल सेवा, श्रेणी-2,
(7) पांडिचेरी सिविल सेवा, श्रेणी-2, तथा
(8) सैन्य भूमि तथा सैन्य छावनी सेवा, श्रेणी-2

उम्मीदवार उपर्युक्त सेवा संवर्गों में से किसी एक या अधिक के लिए परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है। उसे संबंधित वर्ग/वर्गों के अन्तर्गत आने वाली उन सभी सेवाओं का, जिनके लिए वह विचार किये जाने का इच्छुक है, अपने आवेदन-पत्र में उल्लेख कर देना चाहिए।

परीक्षा के अंतिम परिणाम की घोषणा होने के 10 दिन के भीतर किसी उम्मीदवार द्वारा वर्ग/वर्गों के अन्तर्गत आने वाली सेवाओं के संबंध में, जिन के लिए वह प्रतियोगिता में भाग ले रहा है,

दी गई तरजीह को बदलने के लिए उसकी याचना मंत्रिमंडल सचिवालय (कार्मिक तथा प्रशासनिक विभाग) में प्राप्त न हो जाये तो उसकी इस प्रकार की तरजीह बदलने की याचना पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा के लिखित भाग के परिणाम-स्वरूप भारतीय प्रशासन सेवा/भारतीय पुलिस सेवा के लिए व्यक्तित्व आंच के लिए अर्हता प्राप्त कर लेता है उसे अलग से मंत्रिमंडल सचिवालय (कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग) को लिखने के लिए कहा जायेगा कि वह अपनी तरजीह के क्रम में विभिन्न राज्यों में आवंटन के लिए किस राज्य के लिए विचार किया जाये ।

2. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार के लिए रिक्तियों का आरक्षण भारत सरकार के द्वारा निर्धारित विधि से किया जायेगा ।

अनुसूचित जातियों/आदिम जातियों से अभिप्राय निम्नांकित में उल्लखित जातियों/आदिम जातियों में से किसी एक से है: संविधान (अनुसूचित जातियों) आदेश, 1950; संविधान (अनुसूचित जातियों) (भाग 'ग' राज्य) आदेश, 1951; संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) आदेश, 1950 तथा संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (भाग 'ग' राज्य) आदेश 1951, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियां (आशोधन) आदेश, 1956; द्वारा यथा संशोधित, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 और पंजाब पुनर्गठन, अधिनियम, 1966 के साथ पठित, संविधान (जम्मू व काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956; संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959; संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962; संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962; संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति, 1964 तथा संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) उत्तर प्रदेश आदेश, 1967 । संविधान (गोवा दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968 और संविधान (गोआ, दमन और दीव) आदिम जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जातियां आदेश, 1970 ।

3. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा नियमों के परिशिष्ट-2 में निर्धारित विधि से लेगा ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जायेंगे ।

4. भारतीय प्रशासन सेवा आदि में भर्ती के लिए ली जाने वाली सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा की इन तीन वर्गों की सेवाओं को, यानि, (1) भारतीय प्रशासन सेवा और भारतीय विदेश सेवा । (2) भारतीय पुलिस सेवा और दिल्ली तथा अंदमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस सेवा और (3) केन्द्रीय सेवाएं, दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा, गोआ, दमन तथा दीव समूह सेवा तथा पांडिचेरी सिविल सेवा के लिए अलग अलग तीन परीक्षाएं समझा जाएगा ।

5. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का न हो या संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी न हो या कीन्या, उगान्डा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से न आया हो तो उसे ऊपर नियम 4 में उल्लिखित तीन वर्गों में से प्रत्येक की सेवाओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में अधिक से अधिक तीन बार सम्मिलित होने दिया जाएगा, परन्तु यह प्रतिबन्ध 1961 की परीक्षा से लागू है ।

नोट-1—यदि कोई उम्मीदवार किसी एक अथवा अधिक विषयों में वस्तुत: परीक्षा देता है तो उसे सेवा की प्रत्येक श्रेणी की परीक्षा में बैठा समझा जायगा, जिसमें आयोग द्वारा उसे प्रविष्ट किया जाता है, संयुक्त परीक्षा में एक बार बैठा समझा जाने पर इस नियम के परन्तुक के अधीन परीक्षा देने की उम्मीदवार को अनुमति दी गई हो ।

नोट-2—उक्त परीक्षा की वर्तमान योजना विभिन्न विषयों की पाठ्यचर्या तथा उक्त परीक्षा में कोई उम्मीदवार कितनी बार प्रतियोगिता में बैठ सकता है, इन्हें वर्ष, 1974 के बाद ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए संशोधित किया जा सकता है ।

6. (1) भारतीय प्रशासन सेवा और भारतीय पुलिस सेवा का उम्मीदवार भारत का नागरिक अवश्य हो ।

(2) अन्य सेवा के उम्मीदवार को या तो

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(च) मूल रूप से ऐसा भारतीय व्यक्ति, हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका (भूतपूर्व सीलोन) और पूर्वी अफ्रीका के कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) देशों से आया हों ।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) तथा (च) कोटियों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा दिया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

एक और शर्त यह भी है कि उपयुक्त (ग), (घ) और (ङ) कोटियों के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा में नियुक्ति के पात्र नहीं माने जाएंगे ।

परीक्षा में उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिए पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो और उसे सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र दिए जाने की शर्त के साथ, अनन्तिम (प्रोविजनल) रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है ।

7(क)(i) भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और बाकी सभी सेवाओं के लिए सिवाय ऊपर के पैरा (1) में उल्लिखित भारतीय पुलिस सेवा और दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस सेवा को छोड़कर बाकी सभी सेवाओं में उम्मीदवार के लिए यह आवश्यक है कि उसकी आयु 1 अगस्त, 1974 को 21 वर्ष पूरी हो गयी हो, किन्तु 26 वर्ष की न हुई हो

अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1948 से पहले और 1 अगस्त, 1953 के बाद नहीं हुआ हो ।

(II) भारतीय पुलिस सेवा और दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस सेवा के उम्मीदवार के लिए यह आवश्यक है कि उसकी आयु 1 अगस्त, 1974 को पूरे 20 साल की हो गई हो किन्तु 26 साल की न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1948 से पहले और 1 अगस्त, 1954 के बाद न हुआ हो ।

(ख) ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु में और भी छूट दी जा सकती है ।

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष,

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले भारत में आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और वह 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(iv) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो तथा उसने कभी फ्रांसीसी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(v) यदि उम्मीदवार अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका (भूतपूर्व सीलोन) से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही अक्तूबर, 1964 से भारत श्रीलंका (भूतपूर्व सीलोन) समझौते के अधीन, 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(vii) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र गोआ, दमन तथा दयू का रहने वाला है तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(viii) यदि उम्मीदवार कीनिया उगांडा तथा संयुक्त गण-राज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका तथा जंजीबार) से आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(ix) यदि उम्मीदवार 1 जून, 1963 या उसके बाद, बर्मा से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर, भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(x) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही 1 जून, 1963 को या उसके बाद, बर्मा से प्रत्यावर्तित होकर, भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(xi) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्य-वाही के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणाम स्वरूप निर्मुक्त हुए, तथा

(xii) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए और अनुसूचित जातियों या अनसूचित आदिम जातियों के हैं ।

(xiii) सीमा सुरक्षा दल के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो सन् 1971 के भारत-पाक संघर्ष में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग हुए और उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए, तथा

(xiv) सीमा सुरक्षा दल के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक जो सन् 1971 के भारत-पाक संघर्ष में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग हुए और उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हैं,

उपर्युक्त परिस्थितियों को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी सूरत में छूट नहीं दी जाएगी ।

8. उम्मीदवार के पास परिशिष्ट 1 में उल्लिखित विद्यालयों में से किसी एक की कोई उपाधि होनी चाहिए अथवा उसके पास परिशिष्ट 1-क में उल्लिखित अर्हताओं में से कोई एक अर्हता होनी चाहिए ।

नोट 1:—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है, पर अभी उस परीक्षा की परिणाम की सूचना न मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है । जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हता परीक्षा (क्वालीफाइंग एगजामीनेशन में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन पत्र कर सकता है बशर्ते कि अर्हता परीक्षा इस परीक्षा के आरम्भ होने से पहले समाप्त हो जाए । ऐसे उम्मीदवार को, यदि वह अन्य शर्तें पूरी करता हो, तो इस परीक्षा में बैठने दिया जाएगा । परन्तु परीक्षा में बैठने की ऐसी अनुमति अनंतिम मानी जाएगी और यदि वह अर्हता परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के आरम्भ होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के भीतर प्रस्तुत नहीं करता, तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है ।

नोट 2:—विशेष परिस्थितियों में, संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार ने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षा पास की हों जिनके स्तर को देखते हुए आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देना उचित समझे।

नोट 3:—यदि कोई उम्मीदवार अन्यथा परीक्षा में प्रवेश का पात्र हो किन्तु उसने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से उपाधि ली हो जो परिशिष्ट 1 में सम्मिलित न हो तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और आयोग, यदि उचित समझे तो, उसे परीक्षा में प्रवेश दे सकता है।

9. यदि किसी पिछली परीक्षा के परिणाम के आधार पर किसी उम्मीदवार की नियुक्ति वर्ग 1 (भारतीय प्रशासन सेवा या भारतीय विदेश सेवा) की किसी सेवा में हो जाती है तो वह इस परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं होगा।

यदि किसी पिछली परीक्षा के परिणाम के आधार पर किसी उम्मीदवार की नियुक्ति नीचे स्तम्भ (II) में उल्लिखित किसी सेवा में हो जाती है तो वह केवल उन्हीं सेवाओं के लिए इस परीक्षा में बैठने का पात्र होगा जो उक्त सेवा के सामने नीचे स्तम्भ (III) में उल्लिखित है :—

क्र० सं०	जिस सेवा में नियुक्ति हुई	जिन सेवाओं के लिए परीक्षा में बैठने का पात्र
1	2	3
1.	भारतीय पुलिस सेवा	(i) वर्ग 1 (भारतीय प्रशासन सेवा और भारतीय विदेश सेवा) (ii) वर्ग III में, केन्द्रीय सेवाएं, क्लास-I
2.	केन्द्रीय सेवाएं, क्लास-I	(i) वर्ग (भारतीय प्रशासन सेवा और भारतीय विदेश सेवा) (ii) वर्ग II में भारतीय पुलिस सेवा
3.	केन्द्रीय सेवाएं क्लास-II (जिसमें संघ राज्य क्षेत्रों की सिविल तथा पुलिस सेवाएं शामिल है)।	(i) वर्ग I (भारतीय प्रशासन सेवा और भारतीय विदेश सेवा) (ii) वर्ग II में भारतीय पुलिस सेवा (iii) वर्ग III में केन्द्रीय सेवाएं, क्लास-I।

10. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के परिशिष्ट I के अनुसार निर्धारित फीस अवश्य देनी होगी।

11. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी रूप में पहले से ही सरकारी सेवा करता हो, या वर्क चार्जड कर्मचारी हो, किन्तु अनियत न हो अथवा दिहाड़ी पर रखा हुआ न हो, उसे इस परीक्षा में बैठने से पहले अपने विभाग के अध्यक्ष की अथवा कार्यालय की अनुमति अवश्य लेनी होगी।

12. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

13. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा, जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण पत्र (सार्टिफिकेट आफ एडमिशन) नहीं होगा।

14. यदि कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए पैरवी करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

15. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग ने किसी दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलवाने अथवा जाली या फेर बदल किए हुए प्रमाणपत्र पेश करने अथवा गलत या झूठा तथ्य प्रस्तुत करने अथवा किसी तथ्य को छिपाने या परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित उपाय अपनाने, परीक्षा भवन में कोई अनुचित उपाय अपनाने, या अपनाने की चेष्टा करने अथवा परीक्षा भवन में किसी तरह का अनुचित आचरण करने के फलस्वरूप अपराधी घोषित किया है तो उसके विरुद्ध दांडिक अभियोजन के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यवाही की जा सकती है :—

(क) सदा के लिए अथवा किसी विशेष अवधि के लिए परीक्षा वारित किया जाना,

(i) आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए आयोजित किसी परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा किसी साक्षात्कार में उपस्थित होने से,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकार के अंतर्गत नौकरियों के लिए ;

(ख) यदि वह पहले से ही सरकार की सेवा में हो तो उचित नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

16. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हता अंक (Qualifying Marks) प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करे, तो उसे आयोग व्यक्तित्व परीक्षा (Personality Test) के इंटरव्यू के लिए बुलाएगा।

17. परीक्षा के बाद, आयोग उम्मीदवारों के द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम से उनकी सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों को आयोग परीक्षा के आधार पर योग्य समझेगा, उनकी उन अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति करने के लिए सिफारिश करेगा जो इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाएगी।

बशर्ते कि अनुसूचित जातियों अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की उस संख्या तक जो सामान्य मानक के आधार पर न भरी जा सकती हो, आरक्षित कोटा की कमी को

पूरा करने के लिए शिथिल किये गये मानक द्वारा, इन सेवाओं में नियुक्ति के लिए इन उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर आयोग द्वारा संस्तुत किये जा सकेंगे, ऐसा करते समय परीक्षा में मैरिट के क्रम से उनके स्थान का ध्यान नहीं रखा जायेगा ।

18. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा । आयोग परीक्षाफल के बाद में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा ।

19. उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन पत्र के समय, विभिन्न सेवाओं के लिए दी गई तरजीह पर परीक्षाफल के आधार पर नियुक्तियां करते समय उचित ध्यान दिया जाएगा ।

लेकिन शर्त यह है कि यदि किसी उम्मीदवार को किसी पिछली परीक्षा के आधार पर वर्ग I (भा० प्र० से० अथवा भा० वि० से०) के अन्तर्गत आने वाली किसी सेवा में नियुक्त किया गया है, इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर किसी अन्य सेवा में उसकी नियुक्ति पर विचार नहीं किया जाएगा ।

एक अन्य शर्त यह है कि यदि किसी उम्मीदवार को किसी पिछली परीक्षा के परिणाम के आधार पर नीचे के कालम (II) में उल्लिखित किसी एक सेवा में नियुक्त किया गया है तो इस परीक्षा परिणाम के आधार पर उसकी नियुक्ति केवल उन्हीं सेवाओं में की जा सकेगी, जो उस सेवा के सामने कालम (III) में दी गई है :—

क्रम सं०	सेवा जिसमें नियुक्ति की गई	सेवा जिसमें नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकेगा
1	2	3
1	भारतीय पुलिस सेवा	(I) वर्ग I भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय विदेश सेवा) (II) वर्ग III में दी गई क्लास I की केन्द्रीय सेवाए
2	केन्द्रीय सेवाएं क्लास-I	(I) वर्ग I (भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा) (II) वर्ग II में दी गई भारतीय पुलिस सेवा
3	केन्द्रीय सेवाएं, क्लास-II (जिसमें संघ राज्य क्षेत्र की सिविल तथा पुलिस सेवाएं शामिल हैं)	(I) वर्ग I (भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा (II) वर्ग II में दी गई भारतीय पुलिस सेवा (III) वर्ग III में दी गई क्लास I की केन्द्रीय सेवाएं ।

20. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए, कि उम्मीदवार इसमें नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है ।

21. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए, और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह संबंधित सेवा के अधिकारों के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलता पूर्वक न निभा सके । यदि सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित डाक्टरी परीक्षा के बीच किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हो कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । आयोग द्वारा व्यक्तित्व परीक्षा के लिए बुलाए गए उम्मीदवार की डाक्टरी परीक्षा करवाई की जा सकती है । डाक्टरी परीक्षा के लिए उम्मीदवार द्वारा चिकित्सा बोर्ड को कोई फीस नहीं दी जाएगी ।

नोट :—बाद में निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा ले, नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों की किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उसके लिए स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए, इसके ब्योरे इन नियमों के परिशिष्ट 4 में दिए गए हैं । रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विक्लांग सैनिकों तथा 1971 के भारत तथा पाकिस्तान के संघर्ष के दौरान विक्लांग हुए तथा विक्लांग होने के फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के सैनिकों को सेवा (ओं) की आवश्यकताओं के अनुरूप डाक्टरी जांच के स्तर में छूट दी जाएगी ।

22. (क) जिसने ऐसी महिला ऐसे पुरुष से विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो जिसका पति जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने जीवित पत्नी/पती के होते हुए किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो वह उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/होगी ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति पर अथवा जिससे विवाह किया गया हो उस पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य कारण हैं तो ऐसे व्यक्ति को ऐसे कानून से छूट दे सकती है ।

23. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सेवा में भर्ती होने से पहले ही हिन्दी का कुछ ज्ञान होना उन विभागीय परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने की दृष्टि से लाभदायक होगा जो उम्मीदवारों को सेवा में भर्ती होने के बाद देनी पड़ती है ।

24. इस परीक्षा के आधार पर जिन सेवाओं में भर्ती की जानी है उनके संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट III में दिए गए हैं ।

वी० रंगानाथन, अवर सचिव

परिशिष्ट I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(नियम 8 के अनुसार)

भारतीय विश्वविद्यालय

कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय जो भारत के केंद्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम से निगमित किया गया हो और अन्य शिक्षा संस्थायें जो संसद् के अधिनियम से स्थापित की गयी हों। अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय मान लिये जाने की घोषणा हो चुकी हो।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय।
माँडले विश्वविद्यालय

इंगलैण्ड और वेल्स के विश्वविद्यालय

बर्मिंघम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डर्हम, लीड्स, लिवरपूल, लंदन, मैंचेस्टर, आक्सफोर्ड, रीडिंग शफील्ड और वैल्स के विश्वविद्यालय।

स्काटलैण्ड के विश्वविद्यालय

एडरबीन, एडिनबरा, गलास्गो, और सैंट ऐन्ड्रयुज विश्वविद्यालय।

आयरलैण्ड के विश्वविद्यालय

डलब्रिन विश्वविद्यालय (ट्रिनिटी कालेज)।
नेशनल यूनिवर्सिटी, आयरलैंड।
क्वीन्स यनिवर्सिटी, बेलफास्ट।

पाकिस्तान के विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय।
सिंध विश्वविद्यालय।

बंगला देश के विश्वविद्यालय

ढाका विश्वविद्यालय।
राजशाही विश्वविद्यालय।

नेपाल का विश्वविद्यालय

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमाँडू।

परिशिष्ट I–क

भारत सरकार ने निम्नलिखित योग्यताओं को उन में से प्रत्येक के सामने लिखी डिग्रियों के समकक्ष मान्यता प्रदान की हैं :—

परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए अनुमोदित योग्यताओं की सूची

(नियम 8 के अनुसार)

1. शास्त्री, काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

2. फ्रांसीसी परीक्षा (Propedentique)

3. उच्च ग्राम शिक्षा की राष्ट्रीय परिषद् (नेशनल कौंसिल आफ रूरल हायर एजूकेशन) से ग्राम सेवाओं में डिप्लोमा।

4. विश्वभारतीय विश्वविद्यालय का उच्च ग्राम सेवाओं में डिप्लोमा।

5. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (आल इंडिया कौंसिल फार टेक्निकल एजूकेशन) से वाणिज्य में राष्ट्रीय डिप्लोमा।

6. केन्द्रीय सरकार के अधीन वरिष्ठ सेवाओं और पदों पर भर्ती के लिये सरकार से मान्यता अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में राष्ट्रीय डिप्लोमा।

7. श्री अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केंद्र, पाँडचेरी का "उच्च पाठ्यक्रम" यदि "पूर्व छात्र" (फुल स्टुडेंट) के रूप में यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया हो।

8. भारतीय खान विद्यालय, धनबाद के खनन इंजीनियरी में डिप्लोमा।

9. मानविकी और प्राकृतिक विज्ञानों के क्षेत्र में उपाधि-पत्र यू० एस० एस० आर० में उच्च शौषिक स्थापना में अनुप्रमाणित उपाधि-ग्रहण बिना प्रथम वैज्ञानिक शोध प्रबन्ध का पक्ष लिये हुये परन्तु राज्य की परीक्षायें पास की हों।

10. शास्त्री (अंग्रेजी विषय के साथ) या पुराना शास्त्री या अंग्रेजी सहित अतिरिक्त विषयों में विशेष, परीक्षा सहित सम्पूर्ण शास्त्री परीक्षा अर्थात् वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी की वरिष्ठ शास्त्री परीक्षा।

11. गुरुकुल विश्वविद्यालय, काँगड़ी, हरिद्वार की अलंकार डिग्री।

12. अमेरिकन युनिवर्सिटी आफ बेरुत, लेबनान द्वारा प्रदान की जाने वाली बैचलर आफ आर्टस (बी० ए०) तथा बैचलर आफ साईंस (बी० एस०) की डिग्रियाँ।

परिशिष्ट II

खण्ड I

लिखित परीक्षा की रूपरेखा

लिखित परीक्षा के विषय :—

(क) लिखित परीक्षा

(i) तीन अनिवार्य विषय (सभी सेवाओं के लिये) निबन्ध, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान, प्रत्येक विषय के पूर्णांक 150 होंगे। [नीचे खंड-II का उपखंड (अ) देखें]।

(ii) निम्नलिखित खण्ड-ii के उपखण्ड (ब) में दिये गये ऐच्छिक विषयों में से चुने गये विषय। सेवा श्रेणी-II को छोड़ (नियम 1 और 4 देखें) शेष सभी सेवाओं के उम्मीदवार, उस उप-खण्ड के उपबन्ध के अधीन, कुल 600 अंकों तक के ऐच्छिक विषय ले सकते हैं। भारतीय पुलिस सेवा दिल्ली और हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा श्रेणी-II के लिये उम्मीदवार कुल 400 अंकों तक के ऐच्छिक विषय ले सकते हैं। इन प्रश्न-पत्रों का स्तर किसी भारतीय विश्वविद्यालय की आनर्ज डिग्री की परीक्षा के स्तर के लगभग होगा; और

(iii) निम्नलिखित खण्ड-II के उपखण्ड (स) में दिये गये अतिरिक्त विषयों में से चुने गये विषय। उस उप-खंड के उपबन्ध के अधीन उम्मीदवार भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा (श्रेणी-I) के लिये कुल 400 अंकों तक के अतिरिक्त विषय ले सकते हैं। इन प्रश्न-पत्रों का स्तर ऐच्छिक विषय के लिये उप-खण्ड (क-V) में विहित स्तर से ऊंचा होगा।

(ख) ऐसे उम्मीदवार जो आयोग द्वारा व्यक्तित्व परीक्षा के साक्षात्कार के लिये [इस परिशिष्ट की सूची के भाग ( ) के अनुसार बुलाए जायेंगे] उसके लिये नीचे लिखे नम्बर होंगे :—

श्रेणी-I

	पूर्णांक
भारतीय प्रशासनिक सेवा . . .	300
भारतीय विदेश सेवा . .	400
श्रेणी-II और सभी सेवायें . . .	200

खंड II

परीक्षा के विषय

[देखिये ऊपर खंड (i) का उपखण्ड (क-i)]

(1) निबन्ध . . .	150
(2) सामान्य अंग्रेजी . .	150
(3) सामान्य-ज्ञान . . .	150

टिप्पणी :—ऊपर लिखे विषयों का पाठ्य विवरण इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग 'क' म दिया गया है।

(ब) ऐच्छिक विषय।

[देखिये ऊपर खण्ड (i) का उपखण्ड (क-ii)]

सेवा श्रेणी-II (नियम 1 और 4 देखें) के उम्मीदवार निम्न-लिखित विषयों में से किन्हीं दो विषयों को और अन्य सभी सेवाओं के उम्मीदवार किन्हीं विषयों को चुन सकते हैं :—

(1) शुद्ध गणित . . .	200
(2) अनुप्रयुक्त गणित . .	200
(3) सांख्यिकी . .	200
(4) भौतिकी . . .	200
(5) रसायन . . .	200
(6) वनस्पति-विज्ञान . .	200
(7) प्राणि विज्ञान . . .	200
(8) भू-विज्ञान . .	200
(9) भूगोल . .	200
(10) अंग्रजी साहित्य . .	200
(11) नीचे दी हुई में से एक :— आसामी, बंगाली, गजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालाम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू	200
(12) निम्नलिखित में से एक :— अरबी, चीनी, फ्रांसीसी, जर्मन, पाली, फारसी, रूसी, संस्कृत . .	200
(13) भारतीय इतिहास . .	200
(14) ब्रिटिश इतिहास . .	200
(15) यूरोपीय इतिहास . .	200
(16) विश्व इतिहास . .	200
(17) सामान्य अर्थशास्त्र . .	200
(18) राजनीति विज्ञान . .	200
(19) दर्शन-शास्त्र . . .	200
(20) मनोविज्ञान . . .	200
(21) विधि I . . .	200
(22) विधि II . . .	200
(23) विधि III . . .	200
(24) अनुप्रयुक्त यांत्रिकी . .	200
(25) समाज शास्त्र . . .	200

शर्त यह है कि विशेष विषयों पर निम्नलिखित पाबंदियां लागू होंगी :—

(i) किसी भी सेवा-वर्ग के लिये 1, 2 और 3 विषयों में से दो से अधिक विषय नहीं चुने जा सकते।

(ii) भारतीय विदेश सेवा के अतिरिक्त अन्य सेवाओं के उम्मीदवार ऊपर मद 12 के अन्तर्गत दी गई भाषाओं में से एक से अधिक न चुनें। केवल भारतीय विदेश सेवा के लिये उम्मीदवारों को इन भाषाओं में से कोई दो को चुनने की अनुमति है, लेकिन किसी भी उम्मीदवार को पाली और संस्कृत दोनों चुनने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iii) किसी भी सेवा वर्ग के लिये इतिहास के विषयों 13, 14 15 से 16 में से अधिक नहीं चुने जा सकते। लेकिन किसी भी उम्मीदवार को विश्व इतिहास और युरोपीय इति-हास दोनों चुनने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iv) संख्या 19 और 20 में उल्लिखित विषयों में से एक सेवा-वर्ग के लिये केवल एक ही विषय लिया जा सकता।

(v) किसी भी सेवा-वर्ग के लिये विधि के विषयों 21, 22 और 23 में से दो से ज्यादा नहीं चुने जा सकते।

(vi) सेवा-श्रेणी-II के लिये 24 विषय न चुना जाए।

टिप्पणी:— ऊपर लिखे विषयों का पाठ्य-विवरण इस परिशिष्ट के अनुसूची के भाग 'ख' में दिया गया है।

(ग) अतिरिक्त विषय [देखिये ऊपर खंड-I का उपखंड (क-iii)]

भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (श्रेणी-1) की प्रतियोगिता में बैठने वाले उम्मीदवार को निम्नलिखित विषयों में से कोई दो विषय भी अवश्य लेने होंगे :—

		पूर्णांक
(1)	(अ) उच्च गणित	200
	अथवा	
	(ब) उच्च अनुप्रयुक्त गणित	200
(2)	उच्च भौतिकी	200
(3)	उच्च रसायन	200
(4)	उच्च वनस्पति-विज्ञान	200
(5)	उच्च-प्राणि-विज्ञान	200
(6)	उच्च भू-विज्ञान	200
(7)	उच्च भूगोल	200
(8)	अंग्रेजी साहित्य (1798-1935)	200
(9)	(अ) भारतीय इतिहास I (चन्द्रगुप्त मौर्य से हर्ष तक')	200
	अथवा	
	(ब) भारतीय इतिहास - II महान मुगल सम्राट (1526-1707) अथवा	200
	(स) भारतीय इतिहास- III (1772 से 1950 तक)	200
(10)	(अ) उच्चतर अर्थशास्त्र	200
	अथवा	
	(ब) उच्चतर भारतीय अर्थशास्त्र	200
(11)	(अ) हाब्ज से आज तक का राजनीतिक सिद्धांत.	200
	अथवा	
	(ब) राजनीतिक संगठन और लोक-प्रशासन	200
	अथवा	
	(स) अन्तर्राष्ट्रीय संबंध	200
(12)	(अ) उच्चतर तत्मीमांसा जिसमें ज्ञान-मीमांसा भी शामिल है	200
	अथवा	
	(ब) उच्चतर मनोविज्ञान जिसमें प्रायोगिक मनोविज्ञान भी शामिल है	200
(13)	(अ) भारत की संविधान विधि	200
	अथवा	
	(ब) विधि-शास्त्र	200
(14)	(अ) अरबी साहित्य में प्रतिबिम्बित मध्ययुगीन सभ्यता (570-1650 ईस्वी)	00
	अथवा	
	(ब) फारसी साहित्य में प्रतिबिम्बित मध्ययुगीन सभ्यता (570 ईस्वी-1650 ईस्वी) .	200
	अथवा	
	(स) प्राचीन भारतीय सभ्यता और दर्शनशास्त्र . .	200
(15)	मानव-विज्ञान . .	200
(16)	उच्चतर-समाज-विज्ञान . .	200

विशिष्ट अतिरिक्त विषयों के बारे में निम्नलिखित प्रतिबंध लागू माने जायेंगे :—

(1) किसी भी उम्मीदवार को भारतीय इतिहास [(9) (क)] तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता और दर्शन [(14(ग)] दोनों ही विषयों को एक साथ लेने की अनुमति नहीं दी जायगी।

(2) किसी भी उम्मीदवार को युरोपीय (इतिहास 9(ङ) तथा अंतराष्ट्रीय संबंध [11(ग)] दोनों विषयों को एक साथ लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

टिप्पणी :—ऊपर दिये गये विषयों का पाठ्य-विवरण इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग ग' में दिया गया है।

खण्ड III

सामान्य

1. (क) ऊपर के खंड-II के उपखण्ड (क) की मदों में क्रमश: (1) और (3) के अनुसार 'निबंध' तथा 'सामान्य ज्ञान' के प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी अथवा संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भाषा में दिये जा सकते हैं, अर्थात असमिया, बंगला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालाम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु तथा उर्दू। अंग्रेजी के अतिरिक्त विकल्प रूप से किसी अन्य भाषा में उत्तर देने वाले उम्मीदवारों को वही भाषा दोनों पत्रों के लिये चुननी होगी। **विकल्प सम्पूर्ण पत्र के लिए लागू होगा न कि उसके किसी अंश के लिए।**

(ख) ऊपर के खंड के उपखण्ड (ख) की मदों (11) तथा (12) के अनुसार भाषाओं के प्रश्न पत्र को छोड़कर अन्य सभी विषयों के प्रश्नपत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिये जाने चाहिये। जब तक कि प्रश्न पत्र में अन्यथा विशिष्ट रूप से दूसरी भाषा में लिखना अपेक्षित न हो, उन भाषाओं के प्रश्न पत्रों, के उत्तर अंग्रेजी में अथवा संबंधित भाषा में दिये जा सकते हैं।

टिप्पणी-I—ऊपर दिये पैरा-I (क) में अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी भाषा में प्रश्न पत्र (ओं) के उत्तर देने के इच्छुक उम्मीदवार को आवेदन-पत्र के कालम 33 में संबंधित भाषा का नाम संबंधित प्रश्न पत्र (प्रश्न-पत्रों) के सामने देना चाहिये। यदि दिए हुए कालमों में एक या दोनों प्रश्न पत्रों के संबंध में कोई अंदराज नहीं किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि प्रश्न पत्र/प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिये जायेंगे। एक बार दिया गया विकल्प अंतिम समझा जाएगा, और परिवर्तन अथवा परिवर्धन के लिये कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा।

टिप्पणी-II—ऊपर दिये गये पैरा 1(क) में संविधान की आठवीं अनुसूची में दी गई किसी भाषा में विकल्प रूप से प्रश्न-पत्र (प्रश्न पत्रों) के उत्तर देने वाले उम्मीदवार अपने उत्तर क्रमशः निम्नलिखित लिपि में देंगे :—

भाषा	लिपि
1. असमिया	असमिया
2. बंगला	बंगला
3. गुजराती	गुजराती
4. हिंदी	देवनागरी
5. कन्नड़	कन्नड़
6. कश्मीरी	फारसी
7. मलयालम	मलयालम
8. मराठी	देवनागरी
9. उड़िया	उड़िया
10. पंजाबी	गुरुमुखी
11. संस्कृत	देवनागरी
12. सिंधी	देवनागरी अथवा अरबी
13. तमिल	तमिल
14. तेलुगु	तेलुगु
15. उर्दू	फारसी

ऊपर पैरा 1(क) में दिए गये प्रश्न (प्रश्न पत्रों) के उत्तर देने के लिये सिंधी का विकल्प देने वाले उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के कालम 33 में उस विशेष लिपि (देवनागरी या अरबी) का नाम लिखना चाहिये जिसमें वे उत्तर लिखेंगे।

2. उपरोक्त धारा II की उपधारा (क), (ख) और (ग) में दिये पत्रों के उत्तर के लिये 3 घंटे का समय दिया जाएगा।

3. उम्मीदवार को प्रश्न का उत्तर अपने हाथ से लिखना होगा। उन्हें किसी भी हालत में उनकी ओर से उत्तर लिखने के लिये किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक नम्बर (क्वालिफाईंग मार्कस) निर्धारित कर सकता है।

5. भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा वर्ग-I के लिये केवल उन्हीं उम्मीदवारों के दो अतिरिक्त प्रश्न पत्रों को जांचा और अंकित किया जाएगा जो लिखित परीक्षा के अन्य सभी विषयों में एक निश्चित अल्पाधिकतम स्तर प्राप्त करेंगे जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जाएगा।

6. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट असानी से पढ़ने लायक नहीं होगी तो उसे अन्यथा मिलने वाले कुल नम्बरों में से कुछ नम्बर काट लिये जायेंगे।

7. अनावश्यक ज्ञान के लिये नम्बर नहीं दिये जायेंगे।

8. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि अभिव्यक्ति कम-से-कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभाव पूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई है।

9. उम्मीदवारों से तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली की जानकारी की आशा की जाती है। प्रश्नों के उत्तर में जहां कहीं ऐसा आवश्यक हो, तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली का ही उपयोग किया जाएं।

अनुसूची

भाग—क

[परिशिष्ट II की धारा II की उपधारा (क) के अनुसार]

1. **निबन्ध** :—उम्मीदवारों से अंग्रेजी में एक निबन्ध लिखने की अपेक्षा की जाएगी। चुनाव के लिये कई विषय दिये जायेंगे। उनसे आशा की जाएगी कि वे निबन्ध के विषय की परिधि में ही अपने विचारों को क्रम से व्यवस्थित करें और संक्षेप में लिखें। प्रभाव पूर्ण और ठीक ठीक भावाभिव्यक्ति को प्रश्रय दिया जाएगा।

2. **सामान्य अंग्रेजी** :—प्रश्न इस प्रकार के होंगे जिनसे उम्मीदवारों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान तथा शब्दों के सुन्दर उपयोग की सामर्थ्य का पता चले। कुछ प्रश्न इस प्रकार के भी रखे जाएंगे जिससे उनकी तर्कशक्ति, उनकी निहितार्थ को ग्रहण कर सकने की सामर्थ्य तथा महत्वपूर्ण और कम महत्व वाले कार्य में अन्तर समझ सकने की योग्यता की परीक्षा हो सके। जैसाकि आमतौर पर होता है संक्षेप सार लेखन के लिए लेखांग दिए जाएंगे। संक्षिप्त एवं प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए श्रेय दिया जाएगा।

3. **सामान्य ज्ञान** :—सामायिक घटनाओं के, और ऐसी बातें जो प्रतिदिन देखते और अनुभव करते हैं, उसके वैज्ञानिक दृष्टि से ज्ञान सहित जिसकी किसी ऐसी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। इस प्रश्न पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवारों को विशेष अध्ययन के बिना ही आना चाहिए। इस प्रश्न पत्र में महात्मा गांधी के उपदेशों से संबंधित प्रश्न भी होंगे।

भाग—ख

[परिशिष्ट II के भाग II के उपभाग (ख) के अनुसार]

1. **शुद्ध गणित** :—सम्मिलित विषय होंगे (1) बीजगणित; (2) अनन्त अनुक्रम और श्रेणियों, (3) त्रिकोण मिति, (4) समीकरण के सिद्धांत, (5) दो या तीन परिमापों के विश्लेषणात्मक रेखा गणित, विश्लेषण, और (7) अवकल समीकरण।

(1) **बीजगणित** :—समुच्चयों, संघ प्रतिच्छेदन, गुणों के अंतर और कोटिपूरक। वेन आरेखों। धनात्मक पूर्ण संख्याओं के गुण वास्तविक संख्या और दशमलव द्वारा उनका निरूपण। सम्मिश्र संख्या। आंरग आरेख। कार्तीय गुणनफल, सम्बन्ध, मानचित्रण। मानचित्रण के रूप में कार्य। तुल्यता संबंध। वर्गों,

वर्गों की एकक समाकारिता । उपवर्गों, प्रासामान्य उपवर्गों । लगरेंज का प्रमेय । फो वेनियस प्रमेह्।

रिंगों और फील्डों की परिभाषाएं और उदाहरण । शून्य और होमोरफिज्मों के विभाजन । वेक्टर स्थानों ।

सारणिकों (जोड़, घटना, गुणा और मैट्रिक्स का प्रतिलोमन रेखिक समघात और असमघात समीकरण । केले-हेमिल्टन प्रमेय) ।

असमताएं । समान्तर और गुण्यन्तर माध्यों (कोची, स्वंवार्ज, होल्डर और मिनकोस्की की असमताएं;

(2) अनन्त अनुक्रम और श्रेणियों :—धारणा की सीमा । अनंत श्रेणियाँ । अभिसारी, अपसारी और दोलनी श्रेणियाँ । कौची के अभिसरणों का सिद्धांत । तुलना और अनुपात के परीक्षण । गौज की जाँच । निरपेक्ष अभिसरण और श्रेणियों का उपविन्यासा ।

(3) त्रिकोण मिति :—परिमेय सूची और उसके अनुप्रयोग के लिए डिमोवाइर का प्रमेय । प्रतिलोम गृतीय और अतिपरबलियक फलन । त्रिकोणमिति श्रेणियों के प्रसार और संकलन । अनंत गुणनफलों के संबंध में साइन और को-साइन के लिए व्यंजक ।

(4) समीकरण के सिद्धांत :—बहुपद समीकरणों के सामान्य गुण । समीकरणों के रूपान्तरण । धनाकृति और चतुधार्त के मूलों की प्रकृति । धनाकृति का गार्डन का हल । संकल्प के चतुधार्त को वर्ग भिन्नों में । मूलों के स्थनन और न्यूनतम का विभाजकों का ढंग ।

(5) दो और तीन धातों की वैश्लेषिक रेखागणित:— सरल रेखा, रेखाओं का जोड़ा, वृत्त, वृत्तों की प्रणाली, दीर्घ वृत्त । पेराबोला, हाइपरबोला, दूसरी श्रेणी के समीकरण का स्तर फाम में घटाना ।

मैदानों, सरल रेखाओं, गोला, कोन, शाकवक्रों और उनके स्पर्श रेखा और प्रसामान्य गुणों (वेक्टर तरीकों के प्रयोग की आशा है) ।

(6) विश्लेषण :—धारणा की सीमा । सांतत्वय, व्युत्पत्ति एक वास्तविक अंतर के कार्य का अवकलन । सांतत्वय, कार्यों के गुण असांतत्य के गुण । समांतर मान प्रमेयों । अपरिमित फ़ोर्मों का मूल्याकन । लांगरेज और कोची के सारण फार्मों के साथ टेलर और मैक्लोरियन के प्रमेय । एक अंतर के कार्य के न्यूनतम और अधिकतम समतलवक्रों, विचित्र, बिन्दु वक्रता, वक्र अनुरेखण । आवरणों । औशिक विभेदन । एक से अधिक वास्तविक अंतर के गाम का अवकलन ।

समाकलन के स्तर के तरीके । सातत्य कार्य की स्पष्ट समकालन रीमैन की परिभाषा । समाकलन गणित के मूल प्रमेय । समाकलन गणित के प्रथम समांतर मान प्रमेय । चापकलन, क्षेत्रकलन, परिक्रमण । ठोसों के आयतजा और आधारों और उनके प्रयोगों ।

(7) अवकलन समीकरणों :—साधारण अवकलन समीकरण का बनना । क्रम और मात्रा । रेखागणित संबंधी डी० वाई० एफ० (एक्स० वाई०) के लिए प्रमेय के पास जाने का प्रदर्शन । प्रथम क्रम रेखाकार और बिना रेखाकार समीकरण । विचित्र बिन्दुओं । विचित्र हलों । रेखाकार अवकल समीकरणों और उनके विशेष गुणों । रेखाकार अवकल समीकरण लगातार गुणांकों के साथ कौची-यूलर प्रकार के समीकरणों । यथार्थ अवेकल समीकरणों और समाकलन-गुणक को प्रवेश कराने वाले समीकरणों, द्वितीय क्रम के समीकरणों । परखंत्रचरों और स्वतंत्रचरों का बदलना । हल जब कि एक समाकल ज्ञात हो । प्राचलों का विचरण ।

2. अनुपयुक्त गणित :—इसमें निम्नलिखित विषय सम्मिलित किये जायेंगे :—

(1) वेक्टर विश्लेषण
(2) स्थिति विज्ञान
(3) गति विज्ञान तथा
(4) द्रव्यस्थैतिकी

1. वेक्टर विश्लेषण :—वेक्टर बीजगणित । अदिशचर (Scaler Variable) के वेक्टर फलन का अवकलन । ग्रेडिएण कार्तीयं में अपसरण तथा कर्ल बेलनाकार तथा गोलीय निर्देशांक तथा उनकी प्राकृतिक व्याख्याएं उच्चतर धात व्युत्पन वेक्टर सर्वसभिकाएं तथा वेक्टर समीकरण । गाउस तथा स्ट्रोक प्रमेय ।

(2) स्थैतिकी :—न्यूटन की यांत्रिकी के मूल नियम । विभीय प्रमेय । समतलीय स्थैतिकी । कण-निकाय में संतुलन । कार्य तथा स्थिति ऊर्जा । द्रव्यमान केन्द्र तथा गुरुत्व केन्द्र । घर्षण सामान्य कैटिनरी । कल्पित कार्य का सिद्धांत । संतुलन का स्थायित्व तीन विमाओं का बल संतुलन । शलाकाओं में आवर्षण तथा स्थितिज ऊर्जा आयताकर तथा वृत्ताकार यडस्क, गोलीय कोग, गोल । समस्थितिज पृष्ठ उनके गुण । स्थितिजों के गुण । ग्रीन का समान स्तर । लौपले तथा पोइशन के समीकरण ।

(3) गति विज्ञान :—वर्ग वेक्टर । ओपक्षिक वेग त्वरण । कोलीय वेग । स्वतंत्रता की कोटि तथा प्रतिबंध । सरल रेखात्मक गति । सरल आवर्त गति । स्थचन में गति । प्रक्षयो । प्रतिबंधित गति । कार्य तजाऊर्जा आवेगी बलों के आधीन गति । कैप्लर के नियम केन्द्रीय बलों के अधीन कक्षाएं । परिवर्ती द्रव्यमान की गति । प्रतिरोध के अधीन गति । जड़त्व के आधाणों और गुणनफलों । परिभित और आवेगी बलों के अधीन दृढ़पिंड की दो विमीय गतियां । पिंड लोलक ।

(4) द्रव्यस्थनिकी :—भारी तललों के दाब की गई पद्धति के बर्दों के अधीन परलों का संतुलन दाब का केन्द्र । वक्रपृष्ठों पर प्रणोद प्लावभवन पिंड का संतुलन । स्थायित्व का संतुलन । गैसों की दाब तथा वायु मंडल के संबंधित समस्याएं ।

3. **सांख्यिकी**

प्रायिक्ता :—प्रायिक्ता कि चिर सम्मत और सांख्यकीय परिभाषाएं । उदाहरणों के साथ प्रायिकेता पर सरल प्रमेय । प्रतिबंधी प्रायिकता और सांख्यकीय स्वतंत्रता । वेयका प्रमय । संयोगिक विचरणों —असंतत और संतत विचारों में प्रायिकता

विसरणों, गणितीय प्रत्याशाएं । टेकेबाइचेक की असमती । वृहत संख्याओं का सप्ताह नियम । केन्द्रीय सीमा प्रमेय का सरल फर्म ।

II साँख्यिकीय तरीके :—संकलन, वर्गीकरण सारणीयन और विभिन्न प्रकार के साँख्यिकीय आंकड़ों का आरेखी निरूपण ।

सांख्यिकी जा संख्या की धारण, और आवृत्ति वक्र । केन्द्रीय प्रवृत्ति और विक्षेपण के माप । आधूर्णों और संचयी । असम्य और कुकुदता । आधूर्ण——जनक फलन ।

स्तर प्रायिकता बंटनों का अध्ययन——द्विपद, विष, हाई-परज्या-मैट्रिक, प्रशामान्य कण-द्विपद, आयताकार और लांग सामान्य बंटप्रनों । पियर सोनियन वक्रों की पद्धति का सामान्य विवरण ।

द्विचर बंटन द्विचर प्रशामान्य बंटन के सामान्य गुणों साहचर्य और आसंग के माप । दो या अधिक चरों से संबंधित सहसंबंध और एकघात समाश्रयण । सहसंबंध अनुपात । अंतर्वर्ग सह-संबंध कोटि सहसंबंध । अरेखीय समाश्रण । विश्लेषण ।

स्वतंत्र हस्तवक्रों के तरीखों द्वारा वक्र-आंसंजन गतिमान माध्यों, वर्ग माध्यों, न्यूनतम वर्गों और आधूणों । लांबित बहुपदों और उन के प्रयोगों ।

III प्रतिबदर्शीबंटन और सांख्यिकीय अनुमान

आदृच्छिक प्रतिदर्श, सांख्यिक, प्रतिचमन बंटन और मानक-त्रुटि की धारणाएं ।

स्वतंत्र प्रशामान्य विचारों के माध्य के प्रतिदर्शी बंटन का व्युत्पन्न, एक्स (X^2) । टी०^2 (T^2) और एफ (F) सांख्यिक उनके गुणों और प्रयोगों । प्रतिदर्श मान्नयों के प्रतिदर्शी बंटनों का व्युत्पन्न, प्रसरणों और सहसंबंध गुणबंध द्विचर प्रसामान्य जनसंख्या-से । व्युत्पन्न, (बड़े प्रतिदर्शों में) और पियर सोनियन एक्स^2 (X^2) के प्रयोगों ।

आकलन का सिद्धांत :——अच्छे आकलन की आवश्यकताएं—.अनमिनतता, संगति, दक्षता तथा पर्याप्तता । आकलनों के प्रसरण का क्रेमर —— राज निम्नपरिबंध । सर्वोत्तम एकधात अनमिनत आकलनों ।

आकलन के तरीके ——गाधूणों के तरीकों के सामान्य विवरणों, अधिकतम संभाविता का तरीका, न्यूनतम वर्गों के तरीके और अधिकतम संभावित प्रागणकों के बिना प्रमाण) के न्यूनतम गुणों का तरीका । विश्वास्ता अंतरालों का सिद्धांत—— विश्वास्यत्ता सीमाएं, अस्तमन की सरल समस्याएं ।

परिकल्पनाओं की जांच का सिद्धांत :——सरल और संयुक्त परिकल्पनाएं । सांख्यकीय जांचों और संशय क्षेत्रों । दो प्रकार की त्रुटियों, सार्थकता का स्तर और परिक्षण की क्षमता ।

सरल परिकल्पना से एक परिमापी से संबंधित के लिए अनु-कुलतम संशय क्षेत्रों । प्रसामान्यतः जनसंख्या से संबंधित सरल परिकल्पनाओं के लिए इस प्रकार के क्षेत्रों की रचना ।

संभावित अनुपात परिक्षणों । माध्यम संबंधी परीक्षणों प्रसरण सहसंबंध तथा एकचर और द्विचर प्रसामान्य जासंख्याओं में सहसंबंध तथा सामाश्रयण गुणों को सरल अपरिमापीय परीक्षणों चिह्न, रन, माध्यय, कोटि और भादृच्छि की करण परीक्षणों ।

सरल वैकल्पिक (बिनाव्युत्पन्न) के विरुद्ध सरल परिकल्पनाओं का अनुक्रामिक परीक्षण ।

IV प्रतिदर्शी तकनीकी

प्रतिदर्शो प्रति पूरण गणना प्रतिदर्शों के सिद्धान्त । फ्रेमों और प्रतिदर्शों एक के । प्रतिदर्शों और अप्रतिदर्शों त्रुटियां । क्रमबद्ध प्रतिचयन । बहुक्रम और बहुकला प्रतिचयन । आकलन के अनुपात और समाश्रयण के तरीके । भचरत में अभी हाल ही में बड़े पैमाने पर किए गए सवक्षणों के संदर्भ में प्रतिदर्श सर्वेक्षणों की अभिकल्पना ।

V प्रयोगों के अभिकल्प

कोशो में निरीक्षणों के विचारों का रूपांतरण । प्रयोगात्मक अभिकल्पों के सिद्धांत । पूर्णतः आदच्छीकृत यादृच्छीकृत खण्ड तथा लातीनी वर्गाकार अभिकल्प । अप्राप्त भूखण्ड तकनीक 12 S S——2(1) 5(3^2 3^3) तथा 3 अभिकल्पों के बीच भ्रम पर पुणनखण्डनात्मक प्रयोग । खण्डित भूखण्ड अभिकल्प । संतुलित अपूर्ण, अपूर्ण अभिकल्प तथा सरल चालक ।

4. भौतिकी

पदार्थ और यांत्रिक के सामान्यगुण——एकक तथा आयाम । परिभ्रमण गति तथा जड़ता विभ्रभिषा । स्वाकृटि तथा अभ्या-कर्षण, ग्रहीय गति । प्रत्यास्थजल तथा आयास सहसंबंध प्रत्यास्थ आपरिवर्तक तथा उनके पारस्परिक संबंध । तल-आतलि, केशालत्व । असंपीड्य द्रव्यों का प्रवहरण । तरल तथा वाति द्रव्यों का आलगत्व ।

ध्वनि:——क्लोत्पादित आवेपन प्रतिरुवन । तरंग गति । आवेपनांक परिवर्तन । दोरक तथा वायुस्तम्भ-आवेपन । वारं वारतामापन, ध्वनि का प्रवेग तथा चुम्बकन । स्वर ग्राम । प्रशाल-ध्वनि विज्ञान । पार स्वनिकी ।

ऊष्मा तथा ऊष्मा प्रवैगिकी——वातियों का गतिवाद/ब्राउन का गतिवाद । वान डेर थलिका स्थिति का समीकार । तापमान की माप, आपेक्षित तथा संवाही ऊष्मा । जूल-थामसन वातियों का प्रभाव तथा तरलन । ऊष्मा प्रवैगिकी नियम । ऊष्म यंत्र । कालकाय विकरण ।

प्रकाश:——रेखाकीय काशिकी तथा साधारण काशिक सहिति । दूरेक्ष तथा अण्वीक्ष । चाक्षुप प्रतिबिम्ब में दोष तथा उनका सुधार प्रकाश तथा तरंग सिद्धांत । प्रकाश । प्रवेग की माप । प्रकाश में बाधक, व्याभंग तथा अभिस्पंदन । साधारण मिथोघट्ट सरंगावलीक्षा के तत्व । रमन प्रभाव ।

विद्युत तथा चुम्बकत्व

साधारण मामलों के क्षेत्र में तथा शवम की गणना । गौस का प्रमेय । विद्युन्मान । पदार्थ के विद्युतीय तथा चुम्बकीय गुण और उनकी माप । विद्युत प्रवाह के कारण चुम्बकीय क्षेत्र । ध्रुवाहमान

विद्युत के वेग तथा माला की माप । प्रक्ममान । रोध, प्ररोचत तथा धारता; तथा उनका मापन । तापविद्युत । आवर्ती विद्युद्वाह के तत्व । विद्युज्जतिला तथा विद्युद्वहित्र । विद्यवंशन । विद्युच्चुम्बिक तरंगें । नमोवणी कपाद दीप तथा उनके द्वारा वितत तरंगों की साधारण प्रयुक्ति, पारर्षण आदान । दूरवीक्षण ।

आधुनिक भौतिकी के तत्व :—विद्युदणु प्राणु तथा क्लीवाणु के प्राथमिक तत्व । क्रिया ऊर्जाणु-स्थरांक । परमाणु का ग्रहवत् परमाणु सिद्धांत । क्ष-रश्मिचां तथा उनके गुण । तेजोद्विरेता के तत्व तथा आकार एवं अवर्ण रश्मियों के गुण । परमाणुओं की व्याष्टि । सापेक्षता पुंज्ज तथा ऊर्जा के विशेष सिद्धांत के तत्व । वखंडन तथा द्राव । ब्रह्मांड रश्मियां ।

5. **रसायन**

अकार्बनिक रसायन :—परमाणु की संरचना । रेडियोरगक्टिवता समस्थानिक । तत्वों का कृतिम तत्वांतरण । नाभिकीय विखंडन । रासायनिक बन्धों की प्रकृति । वायुमंडर की अक्रिय गैसें । अपेक्षाकृत अधिक सामान्य और उपयोगी तत्वों तथा उनके योगिको का रसायन । दुर्लभ मुद्रा तत्व । हाइड्राइड आक्साइड, आक्सी अम्ल । पर-अम्ल और पर-लवण तथा कार्बाइड । आकार्बनिक संकर । रसायनिक विश्लेषण का मूलभूत सिद्धांत ।

कार्बनिक रसायन—पैट्रोलियम और पैट्रोलियम उत्पाद । एलिफिटिक यौगिकों के निम्नलिखित वर्गों का रसायन : संतृप्त और असंतृप्त हाइड्रोकार्बन, एल्कोहार, ईथर, एल्डिहाइड, कीटोन मोनो और डाई-कार्बोक्सीलिक अम्ल, ईस्टर, प्रतिस्थापित कार्बोक्सीलिक आल । थायो, नाइट्रो और सायनों यौगिक । एमीग यूरिया यूरीआइड, कार्ब-धात्विक यौगिक, मोनोसेकेराइड (संरचना सहित), कार्बोहाइड्रट और प्रोटीन (सामान्य परिचय) सरल एलिचकीय यौगिक । विकृति सिद्धांत ।

एरोमेटिक—बैंजीन, नैफ्थैलीन और ऐन्थासीन तथा उनके मुख्य व्युत्पन्न, कोलतार, आसवन, फिनौल, एरो मेटिक, एल्कोहाल, एल्डिहाइड, कीटोन । एरोमेटिक अम्ल और हाइड्राक्सी अम्ल । त्रिविमविन्यासी बाधा । एरिल-एमीन, डाइएजो, एजो और हाइड्रजों यौगिक । क्विनोन । विषय-चक्रीय यौगिक । पाइरोल, पिरिडीन, क्विनोलीन, इन्डोल और नील । ऐजो, ट्राइफैनिल मेथेन और पथेलीन रंजक ।

सरल आपाविक पुनर्विन्यास, सामावयता, त्रिविम समावयक्ता और चलावयतवता । बहुलकीरणह् ।

भौतिक रसायन—अणुगति सिद्धांत गैसों के गुणधर्म, अवस्था-समीकरण, (वान-डेर-वाल, का, डाइटेरिसाइ) क्रान्तिक अवस्था, गैसों का द्रवण । रसायनिक संघटन के सापेक्ष द्रवों के भौतिक गुणधर्म । पारंभिक किस्टलिकी ।

ऊष्मागतिकी का पहला और दूसरा नियम और इन नियमों का सरल भौतिक तथा रसायनिक प्रक्रमों में अनुप्रयोग । रासायनिक साम्य और द्रव्य-अनुपाती क्रिया का नियम । ला-शाते लिए का नियम । प्रोवस्था-नियम और उसका एक-घटक तंत्रों तथा लोह्-कार्बन तंत्र में अनुप्रयोग ।

अभिक्रिया की दर और कोटि । प्रथम और द्वितीय कोटि की अभिक्रियाएं । शृंखला अभिक्रियाएं । प्रकाश रासायनिक अभिक्रियाएं । उत्प्रेरण । अधिशोषण ।

विद्युत्-अपघटनी वियोजन । आयनिक साम्य । अम्ल-क्षारिक साम्य और सूचक । विद्यु-अपघटनी चालकता और उसके अनुप्रयोग । इलैक्ट्रोड-विभव । सैल का विद्युत् वाहक बल । विद्युत्-वाहक बल के माप और उनके अनुप्रयोग ।

6. **वनस्पति विज्ञान**

क्रिप्टोगैम (बैक्टोरिया और वाइरस सहित) तथा फैनेरोगैम, विशेषकर भारतीय क्रिप्टोगैम और फैनरगैम, के विभिन्न्स मूहों और उपसमूहों अथवा कुलों और उपकुलों महत्वपूर्ण निरूपकों के रूप, संरचना, प्रकृति, आर्थिक महत्व, जीवनवृत्त और परम्पर संबंध ।

पादम-फिजियोलोजी के मूल सिद्धांत और प्रक्रम ।

भारत में मिलने वाले शस्य-पौधों के महत्वपूर्ण रोगों का सामान्य ज्ञान और उन रोगों का नियंत्रण तथा उन्मूलन ।

परिस्थिति की और पावन भूगोल, विशेषत: भारतीय वनस्पति-समूह और भारत के वनस्पतिक क्षेत्रों से संबंधित मूलभूत तथ्य ।

विकास, कोशिका-विज्ञान और आनुबंशिकी और पादम-प्रजनन का मूल ज्ञान ।

मानव कल्याण के लिए और विशेषकर खाद्यान्नों, दालों, फलों, शर्कराओं, स्टार्चों, तेलबीजों, मसालों, पेयों, तन्तुओं लकड़ियों, रबर औषधियों और सगंध तेलों जैसे वनस्पति उत्पादों में पौधों, विशेषत: पुष्पी पौधों के आर्थिकज उपयोग ।

वनस्पति विज्ञान से संबंधित ज्ञान के विकास का सामान्य परिचय ।

7. **प्राणिविज्ञान**

विशेषकर भारतीय संदर्भ आकर्डेटों और कार्डेटों का वर्गीकरण, जीव-परिस्थितिकी, अकारिकी, जीवन वृत्त और संबंध ।

अध्यावरण, अंत:कंकाल, चलन, भरण, रुधिर, परिसंचरण, श्वसन, आस्मो-रैग्यूलेशन, तंत्रिका-तंत्र, ग्रंथियों और पुनरुत्पादन की क्रियात्मक अकारिकी (रूप, संरचना और कार्य) । कशेरुकी भ्रण विज्ञान के तत्व ।

विकास :—प्रमाण-वाद और उनकी आधुनिकी व्याख्याएं । मेन्डेलीय आनुवांशिकता, म्युटेशन । प्राणी-कोशिका की संरचना । कोशिका-विज्ञान और आनुवंशिकी के मूलभूत सिद्धांत । अनुकुलन और वितरण ।

8. **भुविज्ञान**

भौतिक, भूविज्ञान और भूआकृति विज्ञान:—पृथ्वी का उद्भव संरचन, गर्भ तथा आयु । भू-अधिनति और पहाड़ । समस्थिति ।

महाद्वीपों और महासागरों का सद्भाव । महाद्वीपीय विस्थापन भूकंप-विज्ञान । ज्वाला मुखी-विज्ञान । पृष्ठ एजेन्सियों की भू-वैज्ञानिक क्रिया ।

संरचना तथा क्षेत्र भू-विज्ञान—: —आग्नेय अवसादी और कायांतरित शैली की सामान्य संरचनाएं । वलन, भ्रंश, विषम विन्यासों, संधियों और क्षेपों का अध्ययन । भू—वैज्ञानिक सर्वेक्षण और भूमापन की विधियों की प्रारम्भिक जानकारी ।

क्रिस्टल-विज्ञान और खनिज विज्ञान :—क्रिस्टल रूप और निर्मिति के तत्व, क्रिस्टल-विज्ञान के नियम, क्रिस्टल तंत्र और वर्ग, क्रिस्टल प्रकृति, यमलन । विधि प्रक्षेप । खनिजों की भौतिक, रासायनिक और प्रकाशित गुणधर्म । अधिक महत्वपूर्ण शैल-कर तथा आर्थिक खनिजों का इनके रासायनिक और भौतिक गुण-धर्मों, क्रिस्टल संरचनात्मक और प्रकाशित लक्षणों, परिवर्तनों, प्राप्ति, और व्यावसायिक उपयोगों के संबंध में अध्ययन ।

स्तरित शैल-विज्ञान और जीवाश्म विज्ञान :—स्तरित शैल-विज्ञान के नियम । भारतीय स्तरित शैल-विज्ञान । भूवैज्ञानिक अभिलेखों के अश्म-वैज्ञानिक और कालानुक्रम प्रविभाग । जीवाश्म-प्रकृति और परिरक्षण का ढंग; जैव विकास पर प्रभाव । अकशेरुकी तथा पादप जीवाश्म ।

आर्थिक भूविज्ञान :—अयस्क उत्पत्ति, के सिद्धान्त, वर्गीकरण, भूविज्ञान, प्राप्ति, भारत के प्रमुख धात्विक और अधात्विक खनिजों के क्षेत्र तथा स्रोत । भारत में खनिज उद्योग । भूभौतिकीय पूर्वेक्षण और अयस्क-प्रभाधन के नियम ।

शैलविज्ञान :—अग्निय, आवसादी और कायांतरित शैलों का उद्भव, रचना, संरचना और वर्गीकरण । सामान्य भारतीय शैल प्रकारों का अध्ययन ।

9. **भूगोल**

संसार, विशेषतः भारत का प्राकृतिक और मानव भूगोल । प्राकृतिक भूगोल के नियम, जिसमें स्थलमंडल, जलमंडल और वायु-मंडल का विस्तृत अध्ययन करना शामिल है । चक्र-संकल्पनाओं समस्थिति, पर्वत विरचन के प्रकमों, मौसम घटनाओं, महासागर-जल की बहिस्तलीय और अधस्तलीय गति, आदि के संबंध में आधुनिक विचारों का ज्ञान भी हो ।

मानव भूगोल के नियम, जिसमें संस्कृति, प्रजापति, धर्म आदि के आधार पर जिन वितरण, वातावरण और जीवन-प्रणाली, जन-संख्या उपनति, जनसंख्या की आवाजाही का विस्तृत अध्ययन करना भी शामिल है ।

उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि उन्हें भारत के प्राकृतिक, मानव और आर्थिक भूगोल का विस्तृत ज्ञान हो ।

10. **अंग्रेजी साहित्य**

उम्मीदवारों से आशा की जाएगी कि उन्हें चौसर से लेकर महारानी विक्टोरिया के शासन के अन्त तक अंग्रेजी साहित्य के इतिहास का सामान्य ज्ञान हो तथा निम्नलिखित रचनाओं की कृतियों का विशेष ज्ञान हो ;

शेक्सपीयर, मिल्टन, ड्राइडन, जानसन, वर्डसवर्थ, कीट्स, डिकन्स, टेनिसन, आर्नल्ड तथा हार्डी ।

स्वयं पुस्तकें पढ़ने का प्रमाण अपेक्षित होना ।

प्रश्न पत्र इस प्रकार से बनाए जाएंगे, जिससे उम्मीदवारों की आलोचनात्मक योग्यता की जांच की जा सके ।

11. **असमी, बंगाली, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, तमिल, तेलगु और उर्दू** :—उम्मीदवारों से यह प्रत्याशा की जाएंगी कि भाषा के ज्ञान और उसके साहित्य को दर्शा सके । जिन कृतियों से वे संबंध रखते है उनमें से जो सर्वोत्तम समझी जाती है उनका उन्हें प्रत्यक्ष ज्ञान होना अनिवार्य है, यद्यपि प्रश्न कम आवश्यक कृत्यों पर भी तैयार किए जा सकते हैं । उनसे यह भी प्रत्याशा की जाएगी कि ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक बौद्धिक तथा कालात्मक आंदोलनों की पृष्ठ-भूमि का ऐसा ज्ञान रखते हों तथा भाषा-विषयक विकासों का जिससे उनको साहित्व को समझने में सहायता मिलेगी । प्रश्न साहित्व इतिहास और भाषा के ऊपर तैयार किए जा सकते हैं । उम्मीदवारों को अनुवाद । व्याख्या करनी होगी तथा परिच्छेदों पर टिप्पणी के लिए कहा जा सकता है ।

टिप्पणी : मद (11) के अधीन दिए गए विषयों में से किसी विषय को लेने वाले उम्मीदवारों को संबंधित भाषा में कुछ अथवा सभी प्रश्नों के उत्तर देने अपेक्षित होंगे । इन भाषाओं के लिए प्रयोग की जाने वाली लिपियां निम्नलिखित है :—

भाषा		लिपि
1. असमिया	.	असमिया
2. बंगला	.	बंगला
3. गुजराती	.	गुजराती
4. हिन्दी	.	देवनागरी
5. कन्नड़	.	कन्नड़
6. कश्मीरी	.	फारसी
7. मलयालम	.	मलयालम
8. मराठी	.	देवनागरी
9. उड़िया	.	उड़िया
10. पंजाबी	.	गुरुमुखी
11. सिंधी	.	देवनागरी अथवा अरबी
12. तमिल	.	तमिल
13. तेलुगु	.	तेलुगु
14. उर्दू	.	फारसी

12. **अरबी, चीनी, फ्रांसीसी, जर्मन, पाली, फारसी, रूसी संस्कृत** :—उम्मीदवारों को प्रमुख परिनिष्ठित साहित्यकारों का ज्ञान होना अपेक्षित है और उनमें उस भाषा में रचना करने और उससे अनुवाद करने की योग्यता होनी चाहिए ।

टिप्पणी :—अरबी, फारसी और संस्कृत लेने वाले उम्मीदवारों से कुछ प्रश्नों के उत्तर, यथास्थिति, अरबी, फारसी या संस्कृत में देने की अपेक्षा की जा सकती है । संस्कृत में लिखे जाने के लिए उत्तर देवनागरी लिपि में लिखे जाने चाहिए ।

13. भारतीय इतिहास

चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल से लेकर भारतीय गणतंत्र की स्थापना तक ।

प्रश्न-पत्र में राजनैतिक, संविधानिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक विकास पर भी प्रश्न होंगें ।

14. ब्रिटिश इतिहास

अध्ययनाधीन अवधि 1485 से 1945 तक होगी । प्रश्न-पत्र में राजनैतिक, संविधानिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक विकास पर भी प्रश्न होंगें ।

15. यूरोप का इतिहास

अध्ययनाधीन अवधि सन् 1789 से 1945 तक होगी ।

प्रश्न-पत्र में राजनीतिक, राजनयिक आर्थिक और सांस्कृतिक विकास पर प्रश्न शामिल होंगे ।

16. विश्व इतिहास 1789 से 1945 तक

उम्मीदवारों से आशा की जाएगी कि उन्हें विश्व के राजनीतिक और आर्थिक विकास विशेषत: यूरोप, अमेरिका, सुदूरपूर्व मध्यपूर्व तथा अफ्रीकी महाद्वीप के बारे में गहन ज्ञान हो । सार्वभौमिक महत्व की अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं पर विशेष बल दिया जाएगा ।

उम्मीदवारों से यह भी आशा की जाएगी कि उन्हें विज्ञान, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में प्रदर्शित सम्पूर्ण सभ्यता के योगदान में प्रतिबिंबित सांस्कृतिक विकास का ज्ञान हो ।

17. सामान्य अर्थशास्त्र

उम्मीदवारों से आशा की जाएगी कि उन्हें निम्नलिखित विषयों का सामान्य ज्ञान हो :

(क) आर्थिक विश्लेषण के सिद्धांत, तथा

(ख) आर्थिक मन्तव्यों का इतिहास ।

उनमें अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वर्तमान भारतीय आर्थिक समस्याओं के विश्लेषण के लिए प्रयोग करने की अयोग्यता होनी चाहिए ।

18. राजनीतिक विज्ञान :—उम्मीदवार से राजनैतिक सिद्धांत और उसके इतिहास का ज्ञान अपेक्षित है । राजनीतिक सिद्धांत का तात्पर्य केवल विधान-सिद्धांत से ही नहीं है अपितु सामान्य राज्य सिद्धांत से भी है । संविधानक रूपों (प्रतिनिधि सरकार, संघवाद आदि) और केन्द्रीय स्थानीय तथा लोक प्रशासन संबंधी प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं । उम्मीदवारों का वर्तमान संस्थाओं की उत्पत्ति और विकास का ज्ञान भी होना चाहिए ।

19. दर्शन शास्त्र :—उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि उन्हें निम्नलिखित के विशेष संदर्भ सहित पूर्व और पश्चिम के नीति शास्त्र के इतिहास और सिद्धांत की जानकारी होगी । नैतिक स्तर और उनके अनप्रयोग की समस्याएं नैतिक निश्चय, नित्यवाद और स्वतन्त्र इच्छाशक्ति, नैतिक, व्यवस्था और प्रगति, व्यक्ति स माज और राज्य के बीच संबंध, अपराध और दण्ड के सिद्धान्त तथा नीतिशास्त्र का धर्म से संबंध ।

उनसे यह भी आशा की जाती है कि वे निम्नलिखित के विशेष संदर्भ सहित पश्चिमी दर्शनशास्त्र के इतिहास की जानकारी रखेंगे । दर्शनशास्त्र की प्रकृति और उसका विज्ञान तथा धर्म से संबंध, पदार्थ एवं आत्मा, स्थान एवं समय, कारणता एवं विकास तथा मूल्य एवं ईश्वर के सिद्धांत और ईश्वर, आत्म एवं मुक्ति, एवं कारणता, विकास एवं प्रतीति के सिद्धान्तों के विशेष संदर्भ सहित भारतीय दर्शन (धर्मनिष्ठ और धर्म विरोधी प्रणालियों सहित) का इतिहास ।

20. मनोविज्ञान

मनोविज्ञान:—उसका स्वभाव, क्षेत्र एवं अध्ययन की विधियां, मनोविज्ञान में प्रयोगिक विधियां ।

मानवीय विकास के कारक :—आनुवेशिक की एव परिवश ।

अभिप्रेरणा भावनाएं एवं संवेग, उनका स्वभाव एवं विकास, संवेगों के सिद्धांत, चरित्र का विकास ।

संज्ञानात्मक प्रक्रियाएं, संवेदन, प्रत्यक्ष ज्ञान, अधिगम, स्मरण शक्ति तथा विस्मरण और मनन ।

प्रज्ञा एवं योग्यताएं :—संकल्पना और माप, व्यक्तित्व-स्वभाव निर्धारक तत्व, सिद्धांत, और मूल्यांकन ।

दलगत प्रक्रियाएं एवं दलगत प्रभाव, समूहगत व्यवहार, नेतृत्व एवं मनोबल, अभिवृत्ति एवं अपकृति, सामाजिक-परिवर्तन ।

अपसामान्यतया की संकल्पना, मत:स्ताप और मनोविक्षिप्ति विकारों के मुख्य रूपों की पहिचान एवं कारण, सामाजिक विकृति विज्ञान और बाल-अपराध—कारण और उपाय चिकित्सा विधियां के मुख्य रूप ।

21. विधि I

1. विधि शास्त्र : विधि संकल्पना : विधि के प्रकार; सकारात्मक विधि, न्याय प्रशासन । विधि के स्रोत; विधि के तल जिनमें विधिक अधिकार और कर्त्तव्य शामिल हैं; दायितायें स्वामित्व कब्जा विधिक व्यक्तित्व; सम्पत्ति ।
2. संविधान विधि : भारत की संविधान विधि जिसमें प्रशासनिक विधि शामिल है, ब्रिटिश संविधान के मूल सिद्धांत ।
3. टार्ट्स विधि जिसमें टार्टस के लिए राज्य की दायिता शामिल है ।
4. दांडिक विधि (भारतीय दंड संहिता) ।
5. साक्ष्य विधि : सूसंगति और प्रकल्पनायें : साक्ष्य के प्रकार मौखिक और लेख्य साक्ष्य प्राथमिक और माध्यमिक साक्ष्य: प्रमाण-भार विवंधन, अदालती नोटिस ।

22. विधि II

1. संविदा विधि के सामान्य सिद्धांत (भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 1 से 75 तक) ।
2. भारतीय संविदा अधिनियम के विशेष संदर्भ में क्षति पूर्ति विधि गारंटी गिरवी और एजेंसी ।

3. भारतीय विधि के विशेष संदर्भ में सामान बिक्री विधि, साझेदारी विधि पराक्रमय उपकरण तथा बैंकिंग (सामान्य सिद्धांत) ।

4. समवाय विधि ।

23. विधि III

अन्तर्राष्ट्रीय विधि की कृति और स्रोत । अन्तर्राष्ट्रीय विधि का इतिहास अन्तर्राष्ट्रीय विधि का संप्रदाय अंतर्राष्ट्रीय विधि और देश विधि ।

अंतर्राष्ट्रीय विधि में व्यक्तियों के रूप में राज्य । अन्तर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व का अधिग्रहण और हानि । राज्य मान्यता । राज्य उत्तराधिकार ।

राज्य के अधिकार और कर्त्तव्य सामानता का सिद्धांत । राज्यों का क्षेत्राधिकार ।

संधियां ।

अंतर्राष्ट्रीय संवर्ग के एजेंच/राजनियक एजेंटों के विशेषाधिकार और उन्मुक्ति व्यक्ति और अंतर्राष्ट्रीय विधि । अन्य देशीय निवासी राष्ट्रिकता । देशीकरण। राष्ट्रीहीनता । प्रत्यर्पण युद्ध अपराधी ।

अंतर्राष्ट्रीय विवादों को तय करने का ढंग ।

युद्ध । घोषणा । प्रभाव ।

स्थल-जल और वायु-युद्ध के नियम।

आत्म रक्षा के लिए युद्ध : सामुहिक सुरक्षा। क्षेत्रीय समझौते । युद्ध को अवैध घोषित करना युद्धकारी दखल के नियम। युद्धकारिता और राज्य प्रतिरोध ।

युद्ध के ढंग । युद्ध-कैदी। निरीक्षण और तलाशी का अधिकार

नौजितमाल न्यायालय

नाकाबन्दी और विनिषिद्ध ।

तटस्थता और तटस्थीकरण। युद्ध में तटस्थ देशों के अधिकार और कर्त्तव्य । असटस्थ सेवा । संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अधीन तटस्थता ।

संयुक्त राष्ट्र का चार्टर और राष्ट्र संघ का प्रतिज्ञापात्र संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंग । विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ।

उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि वे अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में दिए गए फैसलों सहित मामलों की जानकारी दे सकेंगे ।

24. प्रयुक्त यांत्रिकी

निर्माण

छतकैंची के सन्निर्माण में प्रयुक्त सामग्री पर विचार ।

इस्पात और इमारत लकड़ी । छतकैंचियों के प्रतिघल का विभिन्न पद्धतियों से निर्धारण । अचल भार और वायु दाब क्षेम और काईकारी प्रतिबल के घटक ।

छतकैंचियों का डिजायन : विभिन्न प्रकार के छतकैंचियों और छत्तादन कालरबीम और अधगोल कैंचियां । स्तम्भों के डिजाइन में यूलर गोरडन रेंकिन फिड्लर जान्सन कर्व और सरल रेखा के सूत्रों का उपयोग स्तम्भों का बहुकावकारक विभिन्न सूत्रों से प्राप्त स्तम्भों की तुलनात्मक सामार्थ्य को दर्शाने वाले वक्र । कौंटों के कार का चयन । इस्पाती कार्य की परिसरजा जोड़ एडबैयरिंगों का डिजाइन सिरों को जमाने के सहारे देने की पद्धतियां ।

संरचनाओं के डिजाइनों में प्रतिफल के वृत्तों और दीर्घवृत्तों तथ क्लेयप्रान प्रमेय का अनुप्रयोग ।

ढले लोहें और इस्पात के स्तम्भ : इस्पाती स्तम्भों के साथ प्लेज और बेव फनेक्शन : टोपियों आधार स्तम्भों की तिर्यक तान ।

नींव : सुरक्षित दाब स्तम्भों की नींव । पटियां नींव, बाहुधरन नींव, झंनींरीदार नींव । कूप स्थूणा ।

पुश्ता दीवार और मिट्टी के दाब : रेंकिन सिद्धांत, वेज सिद्धांत, विकंर और ढलाई की ग्राफीय रचनाएं, संशोधनों सहित । चिनाई में विभिन्न प्रकार की की पुश्ता दीवारों का डिजाइन ।

ऊंची चिनाई और इस्पाती चिमनियां : सिद्धांत और डिजाइन ।

इस्पाती और पक्के जलाशयों का डिजाइन : वायु दाब के विचार से ।

ढांचेदार संरचाओं के विक्षप और अतिरिक्तांगी ढांचों में प्रतिबल आदि का अवधारण

कैंचियों आबद्ध धरनों और तीन पिनी परबलयिक, अर्धवृत्ताकार तथा अर्ध वृत्ताकार डाटों पर समान रूप से वितरित और अनियमित भार के वकन घूर्णन और कर्त्तन के प्रभाव-आरेख

गुम्बद डिजाइन के सामान्य सिद्धांत ।

निर्माण, डिजाइन के सिद्धांत, निर्माणों पर भार का विचार इस्पात, कर्म गर्डर आदि ।

पुल

ऊपरी ढांचे का डिजाइन । चरमारों और वायु दावों के कारण हुए वंकन घुर्णन का ग्राफीय और वैश्लैषिक पद्धतियों से निर्धारण । पक्के पुलों और पुलियों का डिजाइन ।

प्लेट बेच गर्डर । प्रतिबलो का विश्लेषण ।

बारेन और जालदार गर्डर ।

तीन पिनी डाट दो पिनी ओर दृढ़ डाट ।

झूला, बाहुधारन और नलिकाकार पुलों के डिजाइन पर सामान्य विचार इस्पाती डाटदार पुल ।

झूलना पुल ।

प्रबलित कंक्रीट

कर्त्तन, बंध और विकर्ण तनाव, इसका स्वरूप, प्रबलन का मूल्यांकन और स्थान ।

सरल और दोहरी प्रबलित धरन और अनुकालंब धरन का डिजाइन ।

प्रबलित कंक्रीट स्तम्भों और स्थुनाओं का सिद्धांत और डिजाइन ।

पटियाँ नियों का डिजाइन ।

सरल बाहुधरन और पुश्तेदार धारक दीवारों का डिजाइन प्रबलित कंक्रीट फर्शों के लिए तुल्य जड़ता-घर्ण ।

प्रत्यास्थ विक्षेप का सिद्धांत और प्रबलित कंक्रीट डाटों में प्रतिबलों के अन्वेषण की रूप रेखा ।

सामान्य

प्रतिबल विश्लेषण, विकृति प्रत्यास्थता सीमा और चरम सामर्थ्य का विश्लेषण : प्रत्यास्थ स्थिरांकों में परस्पर संबंध । किसी संरचना अवयव में कार्यकारी प्रतिबलों के लिए लानहार्ट-जेरोध सूत्र और उसके अनुप्रस्थ काट के क्षेत्र का अवधारण । प्रतिबलों पुनरावृत्ति । अचल मारों के लिए वंकन धूर्णन और कर्त्तन-बल के आरेख ढांचों में प्रतिबलों का ग्राफीय अवधारण वायुदाब का प्रभाव, कांटों की पद्धति । बंकन (M/I-F/Y-E/h) के कारण धरन की अनुप्रस्थ काट में प्रतिबल, मिश्रित और संयुक्ति प्रतिबल । मिट्टी के दाब का रैंकीन सिद्धांत, नीवों को गहराई खसकों की सामार्थ्य झंझरीदार नीव, मिट्टी के दाब का क्लाम सिद्धान्त रेबान के कारण परिवर्तन ।

चलमारों के लिये वंकन धूर्णन कर्त्तन बल के आरेख । समान और समान रूप से बदलते हुए प्रतिबल का विश्लेषण धरनों के वंकन का प्रत्यास्थता-सिद्धांत धरनों में वंकन और कर्त्तन प्रतिबल, काट का मांपांक और तुल्य क्षेत्र । उत्केंद्र भारत के कारण जोड़ में अधिकतम और न्यूनतम प्रतिबल । बांधों और चिमनियों में प्रतिबल : ब्लैंक की स्थिरता, कार्य संरचनायें । वाष्पित्र खोलों में प्रतिबलों और रिवेटदार जोडों का डिजाइन : थाम के संबंध में आयलर का सिद्धांत, रैंकिन, गार्डर और अन्य सिद्धांत के कारण परिवर्तत ऐंठन, संयुक्त ऐंठन और संकन विक्षेप । आबद्ध धरने, अनेकालंब धरने और त्रिपूर्ण प्रमेय । डांटों का प्रत्यास्थता-सिद्धांत, पक्की डांटे ।

25. समाज शास्त्र

डिप्टी कलक्टर, सीमाशुल्क, डिप्टी रु० 1300–60–1600। कलक्टर, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क,

अतिरिक्त कलक्टर, अपिलेट

कलक्टर सीमाशुल्क तथा उत्पादन

शुल्क।

कलक्टर, सीमाशुल्क, कलक्टर रु० 1800–100–2000– केन्द्रीय उत्पादन शुल्क 125–2250।

(क) नियुक्तियां 2 वर्ष के लिए परिवीक्षा के आधार पर की जाएगी, किन्तु यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी निर्धारित विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण कर के स्थायीकरण का हकदार नहीं हो जाता तो उक्त अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। तीन वर्ष की अवधि में विभागीय प्रतियोगिताओं को उत्तीर्ण न कर लेने पर नियुक्ति रद्द भी की जा सकती है।

(ख) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य अथवा आचरण संतोषजनक नहीं है अथवा उसके सक्षम अधिकारी बनने की संभावना नहीं है तो सरकार उसे तुरन्त सेवा मुक्त कर सकती है।

(ग) परिवीक्षाधीन अधिकारी का परिवीक्षाकाल पूर्ण होने पर सरकार उसकी नियुक्ति को स्थायी कर सकती है अथवा यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक नहीं रहा है तो सरकार या तो उसे सेवामुक्त कर सकती है अथवा उसके परिवीक्षाकाल में अपनी इच्छानुसार वृद्धि कर सकती है किन्तु अस्थाई रिक्तियों पर नियुक्ति किए जाने पर स्थाईकरण सम्बन्धी उसका कोई दावा नहीं स्वीकार किया जाएगा।

(घ) भारतीय सीमाशुल्क तथा उत्पादन शुल्क सेवा, क्लास 1 के अधिकारी की भारत के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी तथा भारत में ही 'फील्ड सर्विस' भी करनी होगी।

नोट 1—एक परिवीक्षाधीन अधिकारी को प्रारम्भ में रु० 400–400–450–30–510–द० रो०–700–40–1100–50/2–1250 के समय वेतन में न्यूनतम वेतन मिलेगा तथा वार्षिक वृद्धि के लिए अपने सेवाकाल को वह कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से मानेगा।

नोट 2—परिवीक्षाधीन अधिकारी को समय-वेतनमान में रु० 400 से अधिक वेतन तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि वह समय-समय पर निर्धारित किए जाने वाले नियमों के अनुसार निर्धारित विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण नहीं कर लेता/लेती।

नोट 3—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर भारतीय सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन कर सेवा श्रेणी 1 में नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर सावधिक पद के अतिरिक्त स्थाई पद पर नियक्त था उसका वेतन मूल नियम 22–ख(1) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगा।

टिप्पणी 4—परिवीक्षा की अवधि में अधिकारी को प्रशिक्षण निदेशालय (सीमा-शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क), नई दिल्ली में विभागीय प्रशिक्षण तथा लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी, मसूरी में बुनियादी पाठ्यक्रम प्रशिक्षण लेना होगा मसूरी में प्रशिक्षण समाप्त कर लेने पर उसे "पाठ्यक्रम संपूर्ति परीक्षा" उत्तीर्ण करनी होगी उसे विभागीय परीक्षा के खण्ड I और खण्ड II में भी सफलता प्राप्त करनी होगी। पाठ्यक्रम संपूर्ति परीक्षा और विभागीय परीक्षा के किसी एक खण्ड में उत्तीर्ण हो जाने के बाद, उसका वेतन पहली अग्रिम वेतन-वृद्धि देकर रु० 450 कर दिया जाएगा। विभागीय परीक्षा के दोनों खण्डों में उत्तीर्ण हो जाने पर उसका वेतन दूसरी अग्रिम वेतन-वृद्धि देकर रु० 480 कर दिया जाएगा। वेतन में रु० 480 से अधिक वृद्धि तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि वह अपनी सेवा के चार वर्ष पूरे नहीं कर लेता अथवा अन्य आवश्यक समझी जाने वाली शर्तों को पूरा नहीं कर लेता।

यदि कोई परिवीक्षाधीन अधिकारी "पाठ्यक्रम सपूर्ति परीक्षा" उत्तीर्ण नहीं करता तो उसके प्रथम अग्रिम वेतन वृद्धि को, जिस तारीख से वह मिली होती उसके एक वर्ष के लिए अथवा विभागीय विनियमों के अधीन दूसरी वेतन-वृद्धि अर्जित होने की तारीख तक, दोनों में से जो भी पहले हो, रोक दिया जाएगा।

नोट 5—परिवीक्षाधीन अधिकारियों को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि उनकी नियुक्ति भारतीय सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सेवा क्लास I के गठन में समय-समय पर भारत सरकार द्वारा आवश्यक समझ कर किए जाने वाले प्रत्येक परिवर्तन के अधीन होगी और इस प्रकार के परिवर्तनों के फलस्वरूप उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

भारतीय रक्षा लेखा सेवा समय-मान

रु० 400–400–450–480–510–द० रो० –700–40–1100–1100–1150–1150–1200–1250।

जूनियर प्रशासनिक ग्रेड—

रु० 1300–60–1600।

रु० 1600–100–1800 (सलैक्शन ग्रेड)

सीनियर प्रशासनिक ग्रेड—

रु० 1800–100–2000–125–2250।

रक्षा लेखा महानियंत्रक

रु० 2750 (नियत)

नोट 1—परखाधीन अधिकारियों की सेवा, समय-मान में कम-से-कम वेतन से प्रारम्भ होगी और वेतन-वृद्धि के प्रयोजन से, उनकी कार्यग्रहण की तारीख से गिनी जाएगी।

जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर सार्वाधिक पद के अतिरिक्त किसी स्थाई पद पर नियुक्त था उसका वेतन मूल्य नियम 22–ख(1) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगी।

नोट 2—परखाधीन अधिकारियों को 400 रु० से ऊपर का वेतन तब नहीं मिलेगा, जब तक कि समय, समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार विभागीय परीक्षा पास नहीं कर लेंगे; इसके अलावा यदि कोई भी अधिकारी जो लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक एकादमी मसूरी की पाठ्यक्रमान्त परीक्षा नहीं पास करता उसकी पहली वेतन-वृद्धि जो उसे विभागीय परीक्षा का खण्ड I पास कर लेने पर प्राप्त होती उसकी तिथि एक वर्ष के लिए स्थित स्थगित कर दी जाएगी अथवा खण्ड-II पास कर लेने के बाद जो उसे दूसरी वेतन-वृद्धि मिलती और इन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े तब तक स्थगित रहेगी।

9. भारतीय आयकर सेवा, श्रेणी 1

(क) नियुक्ति परख पर की जाएगी जिसकी अवधि 2 वर्ष की होगी। परन्तु यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है, यदि परखाधीन अधिकारी, निर्धारित विभागीय परीक्षाएं पास करके अपने आप को पक्का किए जाने (Confirmation) के योग्य सिद्ध न कर सके। यदि कोई अधिकारी तीन वर्ष की अवधि में विभागीय परीक्षाएं पास करने में लगातार असफल होता रहा तो उसकी नियुक्ति खत्म कर दी जाएगी।

(ख) यदि सरकार की राय में, परखाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण असंतोषजनक हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

(ग) परख-अवधि के समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असन्तोषजनक रहा हो तो उसे या तो सेवा से मुक्त कर सकती है या उसकी परख-अवधि को, जितना उचित समझे बढ़ा सकती है; परन्तु अस्थाई रूप से खाली जगहों पर की गई नियुक्तियों के संबंध में, पक्का करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्तियां करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी है तो वह अधिकारी ऊपर के खण्डों में उल्लिखित सरकार की कोई भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है।

(ङ) **वेतनमान—**

आयकर अधिकारी, श्रेणी–I

रु० 400–400–450–30–510–द० रो०–700–40–1100–50/2–1250।

आयकर सहायक आयुक्त :—रु० 1300–60–1600। आयकर के अपर आयुक्त।

रु० 1600–100–1800।

आयकर आयुक्त :—रु० 1800–100–2000–125–2250।

(च) परखाधीन अवधि में अधिकारी को लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक एकादमी मसूरी तथा आयकर प्रशिक्षण कालेज नागपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। मसूरी में प्रशिक्षण समाप्त होने पर उसे पाठ्य-क्रमान्त परीक्षा पास करनी होगी। इसके अतिरिक्त परखाधीन अवधि में विभागीय परीक्षा खण्ड I और खण्ड II भी पास करने होंगे। पाठ्य-क्रमान्त परीक्षा तथा विभागीय परीक्षा खण्ड I पास कर लेने पर वेतन बढ़ाकर 450 रु० कर दिया जाएगा। विभागीय परीक्षा खण्ड II पास कर लेने पर वेतन बढ़ा कर रु० 480 कर लिया जाएगा। रु० 480 के स्तर के ऊपर वेतन तब तक नहीं दिया जाएगा। जब तक कि उस अधिकारी की सेवा 4 वर्ष पूरी नहीं हो चुकी हो या दूसरी ऐसी शर्तों के अधीन होगा जो आवश्यक समझा जाए।

यदि वह एकादमी की पाठ्य-क्रमान्त परीक्षा पास नहीं कर लेता तो एक वर्ष के लिए उसकी वेतन वृद्धि स्थगित कर दी जाएगी अथवा उस तारीख तक जब तक कि विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे दूसरी वेतन वृद्धि मिलने वाली हो और इन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े तब तक स्थगित रहेगी।

नोट 1—परखाधीन अधिकारी को 400 रु० से ऊपर का वेतन तब तक नहीं मिलेगा जब तक वह समय-समय पर विहित नियमों के अनुसार विभागीय परीक्षाएं पास नहीं कर लेगा।

नोट 2—परखाधीन अधिकारियों को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि उनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा आयकर सेवा श्रेणी-I के गठन में किए जाने वाले किसी भी ऐसे परिवर्तन से प्रभावित हो सकेगी जो कि समय-समय पर उचित समझे जाने के बाद भारत सरकार द्वारा किया जाएगा और वे उस प्रकार के परिवर्तनों के फलस्वरूप प्रतिकर का दावा नहीं कर सकेंगे।

10. भारतीय आयुध कारखाना सेवा, श्रेणी-I
(अतकनीकी संवर्ग)

(क) चुने गए उम्मीदवारों को सहायक प्रबन्धकों (परिवीक्षा पर) के रूप में नियुक्त किया जाएगा। परिवीक्षा की अवधि दो वर्ष की होगी। इस अवधि को आयुध कारखानों के महानिदेशक की सिफारिश से सरकार द्वारा घटाया या बढ़ाया जा सकता है। सहायक प्रबन्धक (परिवीक्षा पर) सरकार द्वारा दिया जाने वाला प्रशिक्षण प्राप्त करेगा और उसे सरकार द्वारा निर्धारित विभागीय तथा भाषा परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी। भाषा परीक्षाओं में एक परीक्षा हिन्दी की होगी।

अधिकारी की परिवीक्षा की अवधि के समाप्त होने पर सरकार उसको उसकी नियुक्ति पर स्थाई करेगी, परन्तु यदि परिवीक्षा की अवधि में अथवा अन्त में उसका काम या आचरण, सरकार की राय में, असन्तोषजनक रहा है तो सरकार या तो उसको कार्यमुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा की अवधि उतने समय के लिए और बढ़ा सकती है जितना वह उचित समझे, परन्तु शर्त यह है कि कार्यमुक्त करने के आदेश देने से पहले अधिकारी की सक्षम प्राधिकारी द्वारा उन बातों से अवगत कराया जाएगा जिनके आधार पर उसको कार्यमुक्त किया जाने वाला है और उसको उसपर लगाए गए दोषों के कारण बताने का अवसर दिया जाएगा।

(ख) भारतीय आयुध कारखाने में सहायक प्रबन्धक (परिवीक्षा पर) को 400–400–450–30–600–35–670–द० रो० –35–950 रुपए के निर्धारित वेतनमान में वेतन मिलेगा। परिवीक्षा की अवधि के समय उनको विभाग की विभिन्न शाखाओं में और लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी मसूरी में प्रशिक्षण के आधारभूत पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण लेना होगा। 'पाठ्यक्रम की अन्तिम परीक्षा' और विभागीय परीक्षा पास करने पर वे अग्रिम वेतन वृद्धि पाने के पात्र होंगे जिससे उनका वेतन बढ़ कर 450 रुपए प्रतिमाह तथा 480 रुपए प्रतिमाह हो जाएगा। उनकी यह वेतन-वृद्धि प्रथम व द्वितीय विभागीय परीक्षा के उस अन्तिम प्रश्न पत्र की तारीख से होगी जिसमें वे उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद उनकी वेतन-वृद्धि समय वेतन-मान में उनकी स्थिति के अनुसार तथा ग्रेड में उनके स्थाई हो जाने के बाद, नियमित-रूप से होती रहेगी।

यदि सहायक प्रबन्धकों (परिवीक्षा पर) में से कोई लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी में "अन्तिम पाठ्यक्रम परीक्षा" उत्तीर्ण नहीं होती तो उसकी वेतन-वृद्धि उस तारीख से एक वर्ष के लिए रोक दी जाएगी, जिस तारीख को उसे पहली वेतन-वृद्धि प्राप्त होती अथवा विभागी विनियमों के अधीन उसे जब दूसरी वेतन-वृद्धि प्राप्त होने वाली हो तब तक रुकी रहेगी इनमें से जो भी पहले हो।

(ग) (1) चुने गए उम्मीदवारों को आवश्यकता होने पर कम-से-कम चार वर्ष की अवधि के लिए सशस्त्र सेनाओं में कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में काम करना होगा। इस अवधि में प्रशिक्षण की अवधि भी, यदि हो तो, शामिल होगी, परन्तु शर्त यह है कि ऐसे अधिकारी के लिए (i) उसकी नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष के बाद कमीशन प्राप्त अधिकारी के रूप में सेवा करना आवश्यक नहीं होगा और (ii) चालीस वर्ष की आयु हो जाने के बाद आम-तौर से कमीशन-प्राप्त अधिकारी के रूप में काम करना आवश्यक नहीं होगा।

(2) तारीख 9–3–1957 के सा० नि० आ० सं० 92 के अधीन प्रकाशित, रक्षा सेना में असैनिक व्यक्ति (क्षेत्रीय सेवा दायिता) नियम, 1957 इन उम्मीदवारों पर भी लागू होंगे। उन नियमों में निर्धारित स्वास्थ्य-स्तर के अनुसार इनकी स्वास्थ्य परीक्षा की जाएगी।

(घ) स्वीकार्य वेतन की दरें निम्नलिखित हैं :—

सहायक प्रबन्धक तकनीकी कनिष्ठ वेतनमान :

स्टाफ अधिकारी	रुपए 400–400–450–30–600–35–670–द० रो०–35–950।
उप-प्रबन्धक/उप-सहायक महानिदेशक, आयुक कारखाना	वरिष्ठ वेतनमान :— रुपए 700–40–1100–50/2–1250।
प्रबन्धक-वरिष्ठ उप-सहायक महानिदेशक, आयुध कारखाना	रुपए 1100–50–1400।
उप-महाप्रबन्धक/सहायक महानिदेशक, आयुध कारखाना, श्रेणी-II	रुपए 1300–60–1600–100–1800।
सहायक महानिदेशक, आयुध कारखाना, श्रेणी-I	रुपए 1800–100–2000।
उप-महानिदेशक आयुध कारखाना	रुपए 2000–125–2250।

II. भारतीय डाक सेवा

(क) चुने हुए उम्मीदवारों को इस विभाग में प्रशिक्षण लेना होगा जिसकी अवधि, आम तौर पर, दो वर्ष से अधिक नहीं होगी। इस अवधि में उन्हें निर्धारित विभागीय परीक्षा पास करनी होगी।

(ख) यदि सरकार की राय में, किसी प्रशिक्षणाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्य कुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

(ग) परखावधि के समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा-मुक्त कर सकती है या उसकी परखावधि को, जितना उचित समझे, बढ़ा सकती है, परन्तु अस्थाई रूप से खाली जगहों पर की गई नियुक्तियों के सम्बन्ध में, पक्का करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्तियां करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी हो तो वह अधिकारी ऊपर के खण्डों में उल्लिखित सरकार की कोई भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है।

(ङ) वेतनमान :—

समय-मान रु० 400–400–450–30–510–द० रो०–700–40–1100–50/2–1250।

(प्रशिणाधीन अधिकारी इस समय-मान में वेतन लेंगे)

डाक सेवा निदेशक—रु० 1300–60–1600।

महापोस्ट मास्टर—रु० 1800–100–2000–125–2250।

सदस्य, डाक-तार-बोर्ड—रु० 2500–125/2–2750।

Senior Members, Post & Telegraphs Board, Rs. 3000

(च) भारतीय डाक सेवा श्रेणी I के परखाधीन अधिकारी रु० 400–400–450–30–480–510–द० रो०–700–40–1100–50/2–1250 के निश्चित मान में अपना वेतन प्राप्त करेंगे। परखाधीन अवधि में उन्हें विभाग की विभिन्न शाखाओं तथा लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक एकादमी, मसूरी के आधारात्मक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण लेना पड़ेगा। मसूरी में प्रशिक्षण समाप्त होने पर उन्हें पाठ्यक्रम परीक्षा पास करनी होगी। विभागीय नियमों के अन्तर्गत विहित विभागीय परीक्षाएं भी उन्हें पास करनी होंगी।

पाठ्यक्रमांत परीक्षा तथा विभागीय परीक्षा पास कर लेने पर उनके वेतन बढ़ा कर रु० 450 कर दिया जाएगा। दो वर्ष की परखाधीन अवधि समाप्त कर लेने और स्थाई किए जाने के बाद उनका वेतन 480 रु० के स्तर पर निश्चित कर दिया जाएगा। समयमान के अन्तर्गत उनकी स्थिति के अनुसार इसके बाद उनका वेतन निश्चित होता रहेगा। यदि कोई परखाधीन अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक एकादमी, मसूरी की पाठ्यक्रमांत परीक्षा पास नहीं करता तो जिस तारीख को उसे पहली वेतन वृद्धि प्राप्त होगी उस तारीख से एक वर्ष के लिए स्थगित कर दी जाएगी अथवा विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे जब दूसरी वेतन वृद्धि प्राप्त होने वाली हो और इन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े, तब तक स्थगित रहेगी।

जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर सावधिक पद के अतिरिक्त किसी स्थाई पद पर नियुक्त था उसका वेतन मूल नियम 22-ख (1) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगा।

(छ) परखाधीन अधिकारियों को यह भली भांति समझ लेना चाहिए कि उनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक सेवा श्रेणी I के गठन में किए जाने वाले किसी भी ऐसे परिवर्तन में प्रभावित हो सकेगी जो कि समय-समय पर उचित समझे जाने के बाद, भारत सरकार द्वारा किया जाएगा, और वे इस प्रकार के परिवर्तनों के फलस्वरूप प्रतिकार का दावा नहीं कर सकेंगे।

(ज) चुने गए उम्मीदवारों को, सरकार के निदेशानुसार, सैन्य डाक सेवा के अन्तर्गत भारत अथवा विदेश में कार्य करना होगा।

12. भारतीय रेलवे लेखा सेवा

(क) नियुक्ति परख पर की जाएगी जिसकी अवधि 2 वर्ष की होगी। इस अवधि में दोनों में से किसी भी ओर से तीन महीने का नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकेगी। परख-अवधि बढ़ाई जा सकेगी, यदि परखाधीन अधिकारी निर्धारित विभागीय परीक्षाएं पास करके अपने आपको पक्का करने के योग्य सिद्ध नहीं करेगा।

सरकार ऐसे परखाधीन अधिकारी की नियुक्ति खत्म कर सकती है जो अपनी नियुक्ति की तारीख से तीन वर्ष के भीतर सभी विभागीय परीक्षाएं पास नहीं कर लेता।

(ख) भारतीय रेलवे लेखा सेवा के परखाधीन अधिकारियों को भी रेलवे स्टाफ कालेज, बड़ौदा में प्रशिक्षण लेना होगा और कालेज प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित परीक्षा पास करनी होगी। इस कालेज में परीक्षा देना अनिवार्य है और एक बार असफल होने पर दूसरा अवसर तभी मिल सकता है जब कि अपवादिक परिस्थितियां हों और अधिकारी, का कार्य ऐसा हो कि उसे यह छूट दी जा सकती हो। हालांकि, दो वर्ष का प्रशिक्षण संतोषजनक रूप से पूरा करने पर, उन्हें किसी कार्यकारी पद (Working Post) पर लगाया जा सकता है परन्तु उन्हें तब तक पक्का नहीं किया जाता जब तक कि वे रेलवे स्टाफ कालेज, बड़ौदा की परीक्षा और ऊंची तथा नीची विभागीय परीक्षाएं पास नहीं कर लेते।

(ग) परखाधीन अधिकारियों को देवनागरी लिपि में हिन्दी की अनुमोदित स्तर की एक परीक्षा पहले हो या परखा अवधि में पास कर लेनी चाहिए। यह परीक्षा या तो गृह मंत्रालय की ओर से शिक्षा निदेशालय, दिल्ली, द्वारा संचालित 'प्रवीण' हिन्दी परीक्षा हो या केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त कोई समकक्ष परीक्षा हो

किसी भी परखाधीन अधिकारी को तब तक पक्का नहीं किया जा सकता या उसका वेतन 450 रु० नहीं किया जा सकता जब तक कि वह यह परीक्षा पास नहीं कर लेता। ऐसा न करने पर सेवा समाप्त की जा सकती है। इसमें कोई छूट नहीं दी जा सकती।

(घ) इन नियमों के अनुसार भर्ती किए गए भारतीय रेलवे लेखा-सेवा के अधिकारी (परखाधीन) भी (क) पैंशन के लाभों के पात्र होंगे, और (ख) समय-समय पर संशोधित राज्य रेलवे भविष्य निधि (अंशदान रहित) के नियमों के अन्तर्गत इस निधि में अभिदान कर सकेंगे।

(ङ) इन नियमों के अधीन जो अधिकारी भर्ती किए जाएंगे वे समय-समय पर लागू होने वाले छुट्टियों के सुविधाजनक नियमों के अनुसार छुट्टी लेने के पात्र होंगे।

(च) यदि किसी ऐसे कारण से जो कि उसके वश के बाहर न हों, भारतीय रेलवे लेखा सेवा का कोई परखाधीन अधिकारी परख या प्रशिक्षण में ही छोड़ना चाहे तो उसे अपने प्रशिक्षण का सारा खर्च और परख-अवधि में उसे दी गई सब रकमें वापस करनी होंगी।

(छ) यदि सरकार की राय में, किसी परखाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवा-मुक्त कर सकती है।

(ज) परख-अवधि के समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा-मुक्त कर सकती है या उसकी परख-अवधि को, जितना उचित समझे बढ़ा सकती है, परन्तु अस्थाई रूप से खाली जगहों पर की गई नियुक्तियों के सम्बन्ध में पक्का करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(1) वेतनमान :

(क) कनिष्ठ वेतनमान :—400–400–450–30–600–35–670–द० रो०–35–950 रु० (प्राधिकृत वेतनमान)

वरिष्ठ वेतनमान :— 700 रु० (छठा वर्ष और उससे कम) –40–1,100–50/2–1,250 (प्राधिकृत वेतनमान)।

कनिष्ठ प्रशासन ग्रेड :— 1,300–60–1,600 रु० (प्राधिकृत वेतनमान)

इंटरमीडिएट प्रशासन ग्रेड :—1,600–100–1,800 रु०।

वरिष्ठ प्रशासन ग्रेड :— रु० 2,000–100–2,500।

(ख) यदि परखाधीन अधिकारी अपनी दो वर्ष की परख अवधि में, निर्धारित विभागीय परीक्षाएं पास नहीं कर सकेगा तो रु० 400 से रु० 450 तक की उसकी वेतनवृद्धि रोक दी जाएगी और परख-अवधि बढ़ा दी जाएगी। जब वह विभागीय परीक्षाएं पास कर लेगा और उसके बाद जब पक्का कर दिया जाएगा तो अन्तिम विभागीय परीक्षा समाप्त होने की तारीख के बाद अगले दिन से उसका वेतन समय मान में उस अवस्था (Stage) पर नियत कर दिया जाएगा जो उसे अन्यथा मिला होता पर उसे वेतन का बकाया नहीं मिलेगा। ऐसे मामलों में भावी वेतन-वृद्धियों की तारीख पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

परख-अवधि में परखाधीन अधिकारी ज्योंही निर्धारित परीक्षाएं पास कर लेगा, त्योंही उसको रु० 400–950 के जूनियर मान में रु० 400 से रु० 450 और रु० 450 से 480 की अग्रिम वृद्धियां मिल सकेंगी। अग्रिम वृद्धियां मिलने के बाद, सेवा के वर्ष को ध्यान में रखते हुए, अधिकारी का वेतन, वेतनमान में उसकी सामान्य स्थिति के अनुसार विनियमित कर दिया जाएगा।

यदि कोई परखाधीन अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी, मसूरी की पाठ्यक्रमांत परीक्षा पास नहीं करता तो जिस तारीख को उसे पहली वेतन-वृद्धि प्राप्त होती उस तारीख से एक वर्ष के लिए स्थगित कर दी जाएगी अथवा विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे जब दूसरी वेतन-वृद्धि प्राप्त होने वाली हो और इन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े तब तक स्थगित रहेगी।

नोट 1—परखाधीन अधिकारियों की सेवा जूनियर मान में कम से-कम वेतन से प्रारम्भ होगी और वेतन वृद्धि के प्रयोजन से, वह उनकी कार्य-ग्रहण की तारीख से गिनी जाएंगी। परन्तु उन्हें निर्धारित विभागीय परीक्षा या परीक्षाएं पास करनी होंगी और उसके बाद ही उनका वेतन समय-मान में रु० 400 प्रतिमास से रु० 450 प्रतिमास किया जा सकेगा।

नोट 2—तथापि, जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन के रूप में नियुक्ति से पहले सावधिक पद के अतिरिक्त अन्य स्थाई पद पर मूल रूप से कार्य करता था, उसका वेतन नियम 2018क (I) नियम II [(मू० नि० 22–ख(i)] में दिए गए उपबन्धों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

13. सैनिक भूमि और छावनी सेवा (श्रेणी I और श्रेणी II)

(क) (i) नियुक्ति के लिए चुना गया उम्मीदवार परख पर रखा जाएगा जिसकी अवधि आमतौर पर 2 वर्ष से अधिक नही होगी इस अवधि में सरकार द्वारा निर्धारित परीक्षण लेना होगा।

(ii) तथापि जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन के रूप में नियुक्ति से पहले सावधिक पद के अतिरिक्त अन्य स्थाई पद पर मूल रूप से कार्य करता था उसका वेतन एफ० आर० 22(ख) (i) में दिए गए उपबन्धों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

(ख) परख अवधि में उम्मीदवार को निर्धारित विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी।

(ग) (i) यदि सरकार की राय में परखाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते

हुए उसके कार्य कुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे सेवा-मुक्त कर सकती है, परन्तु सेवामुक्ति का आदेश देने से पहले, उसे सेवा-मुक्ति के कारणों से अवगत कराया जाएगा और लिख कर "कारण बताने" का अवसर भी दिया जाएगा।

(ii) यदि परख-अवधि की समाप्ति पर, अधिकारी ने ऊपर उप-पैरा (ख) में उल्लिखित विभागीय परीक्षा पास न की हो तो सरकार अपने निर्णय से या तो उसे सेवा-मुक्त कर सकती है या यदि मामले की परिस्थितियों को देखते हुए, उसकी परख-अवधि बढ़ानी आवश्यक हो तो वह जितना उचित समझे, परख-अवधि को एक वर्ष तक बढ़ा सकती है।

(iii) परख-अवधि के समाप्त होने पर, सरकारी अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोष-जनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा-मुक्त कर सकती है या उसकी परख-अवधि को, जितना उचित समझे, बढ़ा सकती है। परन्तु सेवा-मुक्ति को आदेश देने से पहले, अधिकारी को सेवा-मुक्ति के कारणों से अवगत कराया जायेगा और लिख कर "कारण बताने" का अवसर भी दिया जाएगा।

(घ) यदि ऊपर उप-पैरा (ग) के अन्तर्गत, सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की तो निर्धारित परख-अवधि के बाद की अवधि में अधिकारी की नियुक्ति मास-प्रतिमास मानी जाएगी और दोनों में से किसी भी ओर से एक कैलेंडर मास का लिखित नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी, रेवेन्यू अधिकारी पक्का करने का दावा नहीं कर सकेगा।

(ङ) इस सेवा के सदस्य को उसकी परख-अवधि में वार्षिक वेतन-वृद्धि देय हो जाने पर भी, तब तक नहीं मिलेगी जब तक कि वह विभागीय परीक्षा पास नहीं कर लेगा। जो वृद्धि इस प्रकार नहीं मिली होगी, वह विभागीय परीक्षा पास करने की तारीख से मिल जाएगी।

(च) यदि कोई परखाधीन अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी, मसूरी की पाठ्यक्रमांत परीक्षा पास नहीं करता तो जिस तारीख को उसे पहली वेतन वृद्धि प्राप्त होती उस तारीख से एक वर्ष के लिए स्थगित कर दी जाएगी अथवा विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे जब दूसरीवेतन वृद्धि प्राप्त होने वाली हो और इन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े तब तक स्थगित रहेगी।

(छ) वेतन-मान इस प्रकार हैं :—

प्रशासनिक पद

(i) निदेशक सैनिक भूमि और छावनियां : रु० 1800-100-2000—125-2250।

(ii) संयुक्त निदेशक सैनिक भूमि और छावनियां : रु० 1600-100-1800।

(iii) उपनिदेशक, सैनिक भूमि और छावनियां : रु० 1300-60-1600।

(iv) सहायक निदेशक, सैनिक भूमि और छावनियां : रु० 1100-50-1400।

श्रेणी I

(v) उप-सहायक निदेशक, सैनिक भूमि और छावनियां, सैनिक संपदा अधिकारी और कार्य-पालक अधिकारी। रु० 400-400-450-30-510-द० रो०-700-40-1100-50/2-1250।

श्रेणी II

(vi) कार्यपालक अधिकारी रु० 650-30-740-35-810-द० रो० 35-880-40-1000-द० रो०-40-1200

(vii) सहायक सैनिक सम्पदा अधिकारी रु० 650-30-740-35-810-द० रो०-35-880-40-1000-द० रो०-40-1200

(ज) (i) श्रेणी-I के अधिकारियों को, सामान्यता उप-सहायक निदेशक, सैनिक सम्पदा अधिकारी और श्रेणी-I और श्रेणी II की उन छावनियों में कार्यपालक अधिकारी के पदों पर नियुक्त किया जायेगा जिन पर छावनी अधिनियम 1924 की धारा 13 की उपधारा—(4) के खण्ड (क) का उप-खण्ड (i) लागू होता है।

(ii) श्रेणी II के कार्यपालक अधिकारियों को सामान्यता उन छावनियों में नियुक्त किया जायेगा जो ऊपर (i) में उल्लिखित नहीं हैं।

(झ) (i) सभी पदोन्नतियां, इस प्रयोजन के लिये सरकार द्वारा नियुक्त की गयी विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के अनुसार, सरकार द्वारा चुन कर (By Selection) की जाएंगी। [वरीयता (सीनियारिटी) पर तभी विचार किया जायेगा जब कि दो या अधिक उम्मीदवारों के दावे गुणों की दृष्टि से बराबर होंगे]। श्रेणी-II से श्रेणी-I में पदोन्नति होने पर, वेतन मूल नियमावली (Fundamental Rules) के अनुसार विनियमित किया जायेगा।

(ii) साधारणतया, किसी भी अधिकारी को श्रेणी-I में तब तक पदोन्नत नहीं किया जायेगा जब तक श्रेणी-II में उसकी तीन वर्ष की सेवा पूरी न हो गयी हो।

(ञ) समय-समय पर संशोधित पुनरीक्षित छुट्टी नियमावली 1933 लागू होगी।

(ट) इस सेवा का कोई भी सदस्य, सरकार से पहले मंजूरी लिये बिना कोई भी ऐसा काम अपने जिम्मे नहीं लेगा जोकि उसके सरकारी काम से संबंधित न हो।

(ठ) सैनिक भूमि और छावनियों के अधिकारियों से भारत में कहीं भी सेवा ली जा सकती है, और उन्हें सेवा-क्षेत्र (Field

Service) पर भी भारत के किसी भाग में भेजा जा सकता है।

14. **भारतीय रेलवे यातायात सेवा**

(क) नियुक्ति के लिए चुने गये उम्मीदवारों को भारतीय रेलवे यातायात सेवा में परखाधीन अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया जायेगा। उनकी परख-अवधि तीन वर्ष होगी। इस अवधि में, उन्हें पैरा (ङ) में उल्लिखित प्रशिक्षण लेना होगा और कम-से कम एक वर्ष तक किसी कार्यकारी पद पर काम करना होगा यदि किसी मामले में संतोषजनक रूप से प्रशिक्षण पूरा न करने के कारण प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाई जायगी तो उसके अनुसार परख की कुल अवधि भी बढ़ जायगी।

(ख) यदि किसी ऐसे कारण से जो, कि उसके वश के बाहर न हो, भारतीय रेलवे यातायात सेवा का परखाधीन अधिकारी परख या प्रशिक्षण बीच में छोड़ना चाहे तो उसे अपने प्रशिक्षण का सारा खर्च और परख अवधि में उसे दी गयी सब रकमें वापस करनी होंगी।

(ग) इस सेवा में नियुक्ति परख पर की जायगी जिसकी अवधि तीन वर्ष होगी। इस अवधि में दोनों में से किसी भी ओर से तीन महीने का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। परखाधीन अधिकारियों को पहले दो वर्ष तक व्यावहारिक प्रशिक्षण लेना होगा। जो अधिकारी इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक समाप्त कर लेंगें और अन्यथा भी उपयुक्त समझे जायेंगे, उन्हें कार्यकारी पद का कार्य-भार सौंप दिया जायेगा, यदि उन्होंने निर्धारित विभागीय और अन्य परीक्षाएं पास कर ली हों। ध्यान रहे कि ये परीक्षाएं नियमित प्रथम प्रयास में ही पास कर ली जायें, क्योंकि विशेष ('एक्सेप्शनल') परिस्थितियों को छोड़कर बाकी किसी भी हालत में दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा। किसी परीक्षा में असफल होने के परिणामस्वरूप परखाधीन अधिकारी की सेवा समाप्त की जा सकती है और उसकी वेतन वृद्धि तो हर हालत में रुक ही जायगी। किसी कार्यकारी पद पर एक वर्ष तक कार्य करने के बाद परखाधीन अधिकारियों को एक अंतिम परीक्षा पास करनी होगी। यह परीक्षा व्यावहारिक और सैद्धांतिक दोनों प्रकार की होगी। जब परखाधीन अधिकारी सब तरह से नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझ लिए जाएंगे तो उन्हें पक्का कर दिया जायेगा। जिन मामलों में किसी कारण से परख की अवधि बढ़ाई गयी हो, उनमें विभागीय परीक्षा पास करने पर और पक्का होने पर समय-समय पर लागू होने वाले नियमों और आदेशों के अनुसार पहली और बाद की वेतन वृद्धियां ली जा सकेंगी।

(घ) परखाधीन अधिकारियों को, देवनागरी लिपि में अनुमोदित स्तर की एक हिन्दी की एक परीक्षा पहले ही या परख अवधि में पास कर लेनी चाहिए। यह परीक्षा या तो गृह मंत्रालय की ओर से शिक्षा निदेशालय, दिल्ली द्वारा संचालित "प्रवीण" हिन्दी परीक्षा हो या केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त कोई समकक्ष परीक्षा हो।

किसी भी परखाधीन अधिकारी को तब तक पक्का नहीं किया जा सकता या उसका वेतन 450 रु० नहीं किया जा सकता जब तक कि वह यह परीक्षा पास नहीं कर लेता। ऐसा न करने पर सेवा समाप्त की जा सकती है। इसमें कोई छूट नहीं दी जा सकती।

(ङ) इन नियमों के अनुसार भर्ती किये गये भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी (परखाधीन) भी :—

(क) रेलवे पेंशन नियमों द्वारा अधिशासित होंगे; और

(ख) समय-समय पर संशोधित, राज्य रेलवे भविष्य निधि (अंशदानरहित) के नियमों के अन्तर्गत इस निधि में अभिदान भी कर सकेंगे।

(च) कार्यग्रहण की तारीख से ही वेतन प्रारंभ होगा। वेतन वृद्धि के प्रयोजनों से भी सेवा उसी तारीख से गिनी जाएगी।

(छ) इन नियमों के अधीन जो अधिकारी भर्ती किए जाएंगे वे समय-समय पर लागू होने वाले छुट्टियों के सुविधाजनक नियमों के अनुसार छुट्टी लेने के पात्र होंगे।

(ज) अधिकारियों को, आम तौर पर, उनकी सेवा की अवधि पर उसी रेलवे में रखा जाएगा जिसमें वे सर्वप्रथम नियुक्त कर दिये जायेंगे और किसी अन्य रेलवे में स्थानान्तरित होने के लिये साधिकार दावा नहीं कर सकेंगे। परन्तु भारत सरकार को यह अधिकार है कि वह उन अधिकारियों को, सेवा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, भारत में या भारत से बाहर किसी परियोजना (Project) या रेलवे में स्थानान्तरित कर सके।

(झ) वेतन-मान—

जूनियर वेतनमान—रु० 400-400-450-30-600-35-670-द० रो०-35-950 (प्राधिकृत वेतनमान)।

सीनियर वेतनमान —रु० 700 (छटे वर्ष या पहले)-40-1100-50/2-1250 (प्राधिकृत वेतनमान)।

जूनियर प्रशासनिक ग्रेड—रु० 1300-60-1600 (प्राधिकृत वेतनमान)।

माध्यमिक प्रशासनिक ग्रेड—रु० 1600-100-1800- (प्राधिकृत वेतनमान)।

सीनियर प्रशासनिक ग्रेड—रु० 2,000-100-2,500 (प्राधिकृत वेतनमान)।

नोट 1—परखाधीन अधिकारियों की सेवा जूनियर मान में कम से कम वेतन से प्रारम्भ होगी और वेतन वृद्धि के प्रयोजन से, वह उनकी कार्यग्रहण की तारीख से गिनी जायेगी। परन्तु उन्हें निर्धारित विभागीय परीक्षा या परीक्षाएं पास करनी होंगी। और उसके बाद ही उनका वेतन मान रु० 400 प्रतिमास से रु० 450 प्रतिमास किया जा सकेगा।

यदि परखाधीन अधिकारी अपनी परख और प्रशिक्षण की अवधि के पहले दो वर्षों में, विभागीय परीक्षाएं पास नहीं कर सकेगा तो रु० 400 से 450 तक की उसकी वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी और परख अवधि बढ़ा दी जाएगी। जब यह विभागीय परीक्षाएं पास कर लेगा और उसके बाद जब पक्का हो जायेगा तो अंतिम विभागीय परीक्षा समाप्त होने की तारीख के बाद अगले दिन से उसका वेतन समय-मान में उस अवस्था पर नियत कर दिया जायेगा जो उसे अन्यथा मिला होता पर उसे वेतन का बकाया

नहीं मिलेगा, ऐसे मामलों में, भावी वेतन वृद्धियों की तारीख पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

परख-अवधि में, परखाधीन अधिकारी ज्यों ही निर्धारित परीक्षाएं पास कर लेगा, त्यों ही उसको रु० 400 से 950 के जूनियर वेतन मान में रु० 400 से रु० 450 और रु० 450 से रु० 480 की अग्रिम वृद्धियां मिल सकेंगी । अग्रिम वृद्धियां मिलने के बाद, सेवा के वर्ष को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों को वेतन-मान में उसकी सामान्य स्थिति के अनुसार, विनियमित कर दिया जायेगा ।

यदि कोई परखाधीन अधिकारी लालबहादुर शास्त्री प्रशासनिक एकादमी, मसूरी की पाठ्यक्रमांत परीक्षा पास नहीं करता तो जिस तारीख को उसे पहले वेतन वृद्धि प्राप्त होती उस तारीख से एक वर्ष के लिये स्थगित कर दी जायेगी, अथवा विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे जब दूसरी वेतन वृद्धि प्राप्त होने वाली हो और उन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े तब तक स्थगित रहेगी ।

नोट 2—तथापि, जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन के रूप में नियुक्ति से पहले सावधिक पद के अतिरिक्त अन्य स्थायी पद पर मूल रूप से कार्य करता था, उसका वेतन नियम 2018 क (i) नि०— (ii) [मू० नि० 22-ख (i)] में दिये गये उपबन्धों के अनुसार विनियमित किया जायेगा ।

(ञ) वेतन वृद्धियां केवल अनुमोदित सेवा के लिये ही और विभाग के नियमों के अनुसार ही दी जाएंगी ।

(ट) प्रशासनिक ग्रेडों में पदोन्नति, स्वीकृति स्थापना (Establishment) में खाली जगहें होने पर ही की जायेंगी और पूर्णरूप से चुनाव (Selection) के आधार पर ही की जायेंगी । एकमात्र वरीयता के आधार पर ही ऐसा पदोन्नति के लिये दावा नहीं किया जा सकता ।

(ठ) भारतीय रेलवे यातायात सेवा के परखाधीन अधिकारियों के प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम ।

नोट 1—जिन उम्मीदवारों ने भारत में या और कहीं प्रशिक्षण या अनुभव पहले कभी प्राप्त कर रखा हो, उनके मामले में भारत सरकार को अपने निर्णय के अनुसार प्रशिक्षण-अवधि घटाने का अधिकार है ।

नोट 2—परखाधीन अधिकारियों को भी रेलवे स्टाफ कालेज बड़ोदा में दो दौर में प्रशिक्षण लेना होगा । इस कालेज में परीक्षा देना अनिवार्य है और एक बार असफल होने पर दूसरा अवसर तभी मिल सकता है जब कि आपवादिक परिस्थितियां हों और अधिकारी का कार्य अभिलेख ऐसा हो कि उसे यह छूट दी जा सकती है । परीक्षा में असफल होने पर परखाधीन अधिकारियों की सेवा समाप्त की जा सकेगी, उनके प्रशिक्षण और परख की अवधि आवश्यकतानुसार बढ़ा दी जाएगी और उन्हें किसी भी हालत में तब तक पक्का नहीं किया जाएगा जब तक कि वे परीक्षायें पास नहीं कर लेंगे ।

नोट 3—नीचे जो प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिया गया है वह मुख्य रूप से मार्ग-दर्शन के प्रयोजन से बनाया गया है । इसमें महाप्रबन्धकों द्वारा अपने निर्णय के अनुसार स्थिति-विशेष को ध्यान में रखते हुये परिवर्तन किये जा सकते हैं, परन्तु सामान्यतया प्रशिक्षण की कुल अवधि घटाई जानी चाहिये ।

नोट 4—प्रशिक्षण के दौरान परिवीक्षाधीन अधिकारी को, गार्ड, यार्ड मास्टर, सहायक स्टेशन मास्टर, स्टेशन मास्टर, यार्ड फोरमैन, ट्रेन परीक्षक, सहायक लोको फोरमैन, सहायक नियंत्रक आदि की हैसियत से कार्य करना होगा जिसका विवरण नीचे दिया गया है । प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद जब परिवीक्षाधीन अधिकारी को किसी कार्यकारी पद पर तैनात किया जाता है तो उसे अपना कार्य करने के लिये यात्रा करनी पड़ती है तथा यात्रा के दौरान रास्ते के स्टेशनों पर "पड़ाव" की कोई सुविधायें उपलब्ध नहीं होती हैं । उसे दुर्घटना स्थलों की जांच के लिये किसी भी समय जाना पड़ता है तथा नियंत्रक कार्यालयों (Control Offices) और स्टेशनों का निरीक्षण करना पड़ता है । इस सब के लिये बहुत परिश्रम अपेक्षित होता है तथा रात को भी काम करना पड़ता है ।

ड (i) **पाठ्यक्रम की अवधि—दो वर्ष**

मद	अवधि (सप्ताह)
1	2
1. लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी, मसूरी	17
2. बड़ौदा स्टाफ कालिज (प्रथम दौर) .	12
3. क्षेत्रीय स्कूल, गार्ड के कर्त्तव्य सीखने के लिये (प्रथम दौर) . . .	4
4. गार्ड के रूप में कार्य करते हुए . .	3
5. बुकिंग/पार्सल आफिस गुड्स शेड तथा ट्रांसशिपमेंट रोड . . .	10
6. यातायात लेखा तथा लेखाओं का यांत्रिक निरीक्षक . . .	5
7. क्षेत्रीय स्कूल में सहायक स्टेशन मास्टर के कर्त्तव्य सीखने के लिये (द्वितीय दौर) .	4
8. यार्ड मास्टर, सहायक स्टेशन मास्टर, स्टेशन मास्टर, यार्ड फोरमैन तथा ट्रेन परीक्षक के रूप में कार्य करते हुए . . .	13
9. सहायक लोको फोरमैन के रूप में कार्य करते हुए	1
10. सहायक नियंत्रक . .	4
11. उप सहायक नियंत्रक, विद्युत नियंत्रक का प्रशिक्षण	6
12. बड़ौदा स्टाफ कालिज (द्वितीय दौर) .	6

13. पूर्वी रेलवे में प्रशिक्षण

(क) आसन सोल डिवीजन

(i) कोल पाइलट कार्य करते हुए 1.5 सप्ताह (ii) अन्दाल और आसनसोल यार्ड कम्पलेक्स का कार्य—इसमें दुर्गापुर इस्पात कारखाना भी शामिल है।	2.5

(ख) धनबाद डिवीजन

(i) कोयला आवंटन की कार्यविधि—इसमें पेह और करनपुरा जैसे यार्डों तथा पेह और धुगदा वाशरीज तक के क्षेत्रों का दौरा करना होगा। (ii) क्षेत्रीय कोयला अधीक्षक के कार्यालय का कार्य	2
(ग) मुगलसराय मार्शलिंग यार्ड—साथ ही मन्दुआदीह—देहरी ओन-सन तक दौरे भी करने होंगे। . .	1

14. दक्षिण पूर्वी रेलवे में प्रशिक्षण

(i) चक्रधरपुर डिवीजन-बोंडामुंडा यार्ड, राउरकेला इस्पात कारखाना—इसके साथ-साथ कैपटिव माइन्स के दौरे। . .	1.5
(ii) **बिलासपुर डिवीजन** भिलाई मार्शलिंग यार्ड, भिलाई इस्पात कारखाना—तथा चीरीमीरी और महेंद्रगढ़ कोयला खानों के क्षेत्रों का दौरा . .	1.5

15. रेलवे जिनमें आवंटित किया गया—उसमें प्रशिक्षण

(क) मुख्य कार्यालय (संचालन)	4.00	8.00
(ख) मुख्य कार्यालय (वाणिज्यिक)	4.00	
विभिन्न प्रकार के परीक्षण के लिये यात्रा समय तथा अतिआवश्यक छुट्टी के लिये रखी गई समयावधि . .		2.5
कुल . . .		104.0

सप्ताह
या 24 महीने

टिप्पणी—3 से 11 तक की मदें जिनका समय 1 वर्ष होगा आसनसोल डिवीजन में होंगी।

(2) यदि परखाधीन अधिकारी अपने दो वर्ष के प्रशिक्षण के अन्त में परीक्षा पास कर लेगा तो उसे अगले एक वर्ष के लिये किसी कार्यकारी पद का भार परख पर सौंप दिया जाएगा, परीक्षा आवश्यकता अनुसार, पाठ्यक्रम पूरा होने पर तथा प्रशिक्षण अवधि में निश्चित समय पर ली जाएगी।

नोट—किसी परखावधि अधिकारी को, स्वतन्त्र रूप से, गार्ड, सहायक स्टेशन मास्टर, स्टेशन मास्टर, यार्ड फोरमैन, सहायक लोकोमोटिव फोरमैन या सहायक नियंत्रक का काम सौंपने से पहले यह आवश्यक है कि प्रशासन के किसी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उक्त प्रत्येक पद के कार्य के संबंध में उसकी परीक्षा ली जाए और योग्य घोषित किया जाए।

15. केन्द्रीय सचिवालय सेवा, अनुभाग अधिकारी ग्रेड, श्रेणी II

(क) केन्द्रीय सचिवालय सेवा में इस समय निम्नलिखित ग्रेड हैं:—

ग्रेड	वेतनमान
सेलैक्शन ग्रेड उप-सचिव या समकक्ष	रु० 1100-50-1300-60-1600-100-1800।
ग्रेड-I अवर सचिव	रु० 900-50-1200।
अनुभाग अधिकारी ग्रेड	रु० 650-30-740-35-810-द० रो० -35-880-40-1000-द० रो० -40-1200।
सहायक ग्रेड	रु० 425-15-500-द० रो०-15-560-20-700-द०रो०-25-800।

सेलैक्शन ग्रेड और ग्रेड का नियंत्रण अखिल-सचिवालय आधार पर मंत्रीमण्डल (कार्मिक तथा प्रशासनिक विभाग) करता है और अनुभाग अधिकारी/सहायक ग्रेड, मंत्रालयों द्वारा नियंत्रित किये जाते हैं।

केवल अनुभाग अधिकारी ग्रेड और सहायक ग्रेड में ही सीधी भर्ती की जाती है।

(ख) अनुभाग अधिकारी ग्रेड में सीधे भर्ती किये गये अधिकारियों को दो वर्ष तक परख पर रखा जायेगा। इस परख अवधि में उनको सरकार के द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी, यदि परखाधीन अधिकारी प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सके तो उन्हें सेवा-मुक्त कर दिया जायेगा।

(ग) परख अवधि समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा-मुक्त कर सकती है या उसकी परख अवधि को, जितना उचित समझे, बढ़ा सकती है।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्ति करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी हो तो वह अधिकारी उपर्युक्त खण्डों में वर्णित सरकार की किसी भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है।

(ङ) अनुभाग अधिकारियों को सामान्यतया "अनुभागों" का अध्यक्ष बनाया जायेगा और ग्रेड-I के अधिकारियों को,

सामान्यतया शाखाओं का कार्यभार सौंपा जायेगा, जिनमें एक या अधिक अनुभाग होंगे ।

(च) अनुभाग अधिकारी इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ग्रेड में पदोन्नति पा सकेंगे ।

(छ) केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-I के अधिकारी, केन्द्रीय सचिवालय में सलैक्शन ग्रेड की सेवा में और अन्य ऊंचे प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति पाने के पात्र होंगे ।

(ज) जहां तक केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारियों की छुट्टी, पेंशन और सेवा की अन्य शर्तों का सम्बन्ध है, वे अन्य श्रेणी-I और II के अधिकारियों के समान ही समझे जायेंगे ।

16. भारतीय विदेश सेवा ब्रांच 'बी०' सामान्य संवर्ग के एकीकृत ग्रेड II तथा III (अनुभाग अधिकारी ग्रेड) ।

(क) भारतीय विदेश सेवा ब्रांच 'बी०' (श्रेणी II) के एकीकृत ग्रेड II तथा III की अनुरक्षण रिक्तियों की 33% रिक्तियां संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरी जाती हैं । इस ग्रेड का वेतनमान रु० 350-25-500-30-590-इ० रो०-30-830-35-900 है ।

(ख) अनुभाग अधिकारी ग्रेड से सीधे भर्ती किये गये अधिकारी 2 वर्ष के लिये परिवीक्षा पर होंगे और इस अवधि के दौरान उन्हें सरकार द्वारा विहित की गई ट्रेनिंग तथा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी । प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पर्याप्त प्रगति न कर पाने अथवा विहित परीक्षायें पास न कर सकने पर परिवीक्षाधीन अधिकारी को सेवा से अलग कर दिया जाएगा ।

(ग) परिवीक्षा की अवधि समाप्त होने पर सरकार स्थायी पद उपलब्ध होने पर अधिकारी को उसके पद पर स्थायी कर सकती है अथवा उसका कार्य अथवा आचरण, सरकार की राय में, असंतोष प्रद होने पर या तो उसे सेवा से अलग किया जा सकता है या उसकी परिवीक्षा की अवधि को उतना और बढ़ाया जा सकता है जितना सरकार उचित समझेगी । परिवीक्षा की कुल अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(घ) इस सेवा में नियुक्तियां करने की शक्तियां सरकार द्वारा किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित किये जाने पर वह अधिकारी उपरोक्त खण्ड में विहित सरकार की किसी भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है ।

(ङ) इस सेवा में नियुक्त किये गये अधिकारी सामान्यतः अनुभागाध्यक्ष होंगे । विदेश मंत्रालय/विदेश व्यापार मंत्रालय के मुख्यालय में नियुक्त होने पर उनका पदनाम अनुभाग अधिकारी तथा कहीं प्रशासनिक अधिकारी होगा । विदेश स्थित भारतीय मिशनों में सेवा पर होने पर उनका पदनाम रजिस्ट्रार होगा । हालांकि स्थानीय प्रयोजनों के लिये उन्हें राजनयिक हैसियत का अताशे (अटैची) कहा जा सकता है ।

(च) अनुभाग अधिकारी भारतीय विदेश सेवा (बी०) के सामान्य संवर्ग के ग्रेड-I में इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार रु० 900-50-1250 पदोन्नति के पात्र होंगे ।

(छ) इसी तरह भारतीय विदेश सेवा (बी०) के सामान्य संवर्ग के ग्रेड I के अधिकारी, इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार भारतीय विदेश सेवा (ए०) के वरिष्ठ वेतनमान में, रु० 900 (छः वर्ष या कम)-50-1000-60-1600-50-1800 के वेतनमान में नियुक्ति के पात्र होंगे ।

(ज) भारतीय विदेश सेवा, ब्रांच (बी०) विदेश मंत्रालय तथा विदेश स्थित भारतीय मिशनों तक सीमित है और इस सेवा में नियुक्त अधिकारी विदेश व्यापार मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय में सामान्यतः अन्तरित नहीं किये जाते । किन्तु उन्हें भारत में तथा बाहर कहीं भी सेवा में जाना पड़ सकता है ।

(झ) विदेश में सेवा के दौरान, भारतीय विदेश सेवा (बी०) के अधिकारियों को उनके मूल वेतन के अतिरिक्त, समय-समय पर मंजूर की गई दरों पर विदेश भत्ता प्रदान किया जाता है जो सम्बन्धित देश में निर्वाह-खर्च पर निर्भर करता है । इसके अतिरिक्त, विदेश में सेवा के दौरान भारतीय विदेश सेवा (पी० एल० सी० ए०) नियम, 1961, जिस रूप में वे भारतीय विदेश सेवा (बी०) के अधिकारियों पर लागू किये गये हैं, के अनुसार रियायतें भी दी जाती हैं :—

(i) सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमान के अनुसार निःशुल्क सुसज्जित आवास ।

(ii) सहायता प्रदत्त चिकित्सा परिचर्या योजना के अन्तर्गत चिकित्सा परिचर्या की सुविधाएं ।

(iii) विशेष संकट काल में जैसे किसी निकटतम संबंधी की भारत में मृत्यु या गंभीर बीमारी की स्थिति में, जैसा कि सरकार द्वारा परिभाषित किया गया हो, अधिकारी के सेवा काल के दौरान अधिकतम दो बार विदेश में ड्यूटी स्थल से भारत और वहाँ से वापिस ड्यूटी स्थल तक का वापसी हवाई भाड़ा ।

(iv) भारत में पढ़ रहे 8 और 21 वर्ष के बीच की आयु के बच्चों को छुट्टियों के दौरान अपने माता-पिता से मिलने के लिये कतिपय शर्तों के अधीन वार्षिक वापसी हवाई भाड़ा ।

(v) 5 और 18 वर्ष के बीच की आयु के अधिकतम दो बच्चों के लिये, सरकार द्वारा समय-समय पर विहित की गई दरों पर शिक्षा भत्ता ।

(vi) सरकार द्वारा समय-समय पर नियत की गई दरों तथा विहित नियमों के अनुसार विदेश सेवा के संबंध में आऊट-फिट भत्ता । साधारण आऊट-फिट भत्ते के अतिरिक्त ऐसे देशों में पदस्था अधिकारियों को विशेष आऊट-फिट भत्ता भी मिलता है जहाँ की जलवायु असामान्य रूप से शीतल होती है ।

(vii) विहित नियमों के अनुसार अधिकारियों और उनके परिवारों को होम लीव (घर जाने की छुट्टी) भाड़ा ।

(ञ) इस सेवा के सदस्यों पर संशोधित छुट्टी नियम, 1933 समय-समय पर संशोधित रूप में लागू होते हैं जिनमें कुछ संशोधन किया जा सकता है । विदेश सेवा के संबंध में, पड़ोसी देशों को छोड़-

कर, अधिकारी संशोधन छुट्टी नियम के अन्तर्गत मिलने वाली छुट्टी के 50% तक छुट्टी का एडीशनल क्रेडिट पाने के हकदार हैं।

(ट) भारत में होने पर ये अधिकारी ऐसी रिआयतें पाने के हकदार होंगे जो बराबर के और मिलती-जुलती हैसियत के अन्य केन्द्रीय सरकारी अधिकारियों को प्राप्य हैं।

(ठ) भारतीय विदेश सेवा (बी०) के अधिकारी सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियम, 1960, यथा समय-समय पर संशोधित और उनके अधीन जारी किये गये आदेशों द्वारा शासित होंगे।

(ड) इस सेवा में नियुक्त अधिकारी लिबरलाइज्ड पेंशन रूल्स, 1950, यथा समय-समय पर संशोधित तथा उनके अधीन जारी किये गये आदेशों द्वारा शासित होंगे।

17. सशस्त्र सेवा मुख्यालय सिविल सेवा सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी ग्रेड श्रेणी II

(क) सशस्त्र सेवा मुख्यालय सिविल सेवा में फिलहाल निम्नलिखित पाँच ग्रेड हैं :—

ग्रेड	वेतनमान
1	2
*(1) संयुक्त निदेशक (क्लास-I)	रु० 1300-60-1600।
*(2) सीनियर सिविलियन स्टाफ आफिसर (क्लास-I)	रु० 1100-50-1400।
*(3) सिविलियन स्टाफ आफिसर (क्लास-I)	रु० 740-30-800-50-1150।

(उपर्युक्त ग्रेडों के वेतन मानों को तृतीय वेतन आयोग की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही संशोधित किए जाने की संभावना है)।

(4) सहायक सिविलियन स्टाफ (आफिसर क्लास-II राजपत्रित)	रु०	650-30-740-35-810 द० रो० -35-880-40-1000- द० रो० -40-1200।
(5) सहायक (क्लास-II अराजपत्रित)	रु०	425-15-500- द० रो० -15-560-20-700-द० रो० -25-800।

उपरोक्त सेवा सशस्त्र सेवा मुख्यालय तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय के अन्तरसेवा संगठनों के लिये कर्मचारियों की आवश्यकता की पूर्ति करती है।

सीधी भर्ती केवल सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी ग्रेड तथा सहायक ग्रेड में ही की जाती है।

(ख) सीधी भर्ती वाले व्यक्ति सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी ग्रेड पर 2 वर्ष की परिवीक्षा पर रहेंगे। इस अवधि में उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित कोई भी प्रशिक्षण प्राप्त करना पड़ सकता है अथवा परीक्षाएं पास करनी पड़ सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति न होने अथवा परीक्षाओं में उत्तीर्ण न हो पाने के फलस्वरूप परिवीक्षाधीन व्यक्ति को सेवा से निकाल दिया जायेगा।

(ग) परिवीक्षा की अवधि समाप्त होने पर सरकार चाहे तो सम्बन्धित अधिकारी को उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दे अथवा यदि उसका कार्य, अथवा आचरण सरकार के विचार में संतोषजनक न रहा हो तो उसे सेवा से निकाल दे या परिवीक्षा की अवधि उतने काल तक के लिये बढ़ा दे जितना सरकार उचित समझे।

(घ) यदि सेवा में नियुक्तियाँ करने का अधिकार सरकार द्वारा किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित किया जाये तो वह अधिकारी उपयुक्त अनुच्छेदों में वर्णित सरकार की शक्तियों में से किसी का भी प्रयोग कर सकता है।

(ङ) रक्षा मंत्रालय के सशस्त्र सेवा मुख्यालय तथा अन्तः सेवा संगठनों में सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी सामान्यतः अनुभागों के प्रमुख होंगे जबकि सिविलियन स्टाफ अधिकारी एक या एकाधिक अनुभागों के कार्यकारी होंगे।

(च) सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी समय-समय पर तत्सम्बन्धी प्रचलित नियमों के अनुसार सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रेड में पदोन्नति के हकदार होंगे।

(छ) सशस्त्र सेवा मुख्यालय सिविल सेवा के सिविलियन स्टाफ अधिकारी समय-समय पर तत्सम्बन्धी प्रचलित नियमों के अनुसार सेवा के वरिष्ठ सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रेड में तथा अन्य प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति के हकदार होंगे।

(ज) जहाँ तक छुट्टी, पेंशन तथा सेवा की अन्य शर्तों का सम्बन्ध है, उनका नियंत्रण सशस्त्र सेवा मुख्यालय सिविल सेवा के अधिकारी, समय-समय पर रक्षा सेवाओं के व्यय में से वेतन पाने वाले अधिकारियों के लिए लागू विनियमों तथा आदेशों द्वारा शासित होंगे।

18. सीमा-शुल्क मूल्यांकन सेवा-क्लास II

(क) मूल्यांकन ग्रेड में रु० 350-25-500-30-590-द० रो० -30-800 द० रो०-30-830-35-900 के वेतनमान में भरती की जाती है। नियुक्तियाँ दो वर्ष के लिए परिवीक्षा के आधार पर की जाती हैं तथा परिवीक्षा की अवधि सक्षम प्राधिकारी, यदि चाहे तो बढ़ा भी सकता है। परिवीक्षा काल में उम्मीदवारों को केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा सीमा-शुल्क बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा तथा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। उन्हें रु० 375 के ऊपर का वेतन तब तक नहीं लेने दिया जायेगा जब तक वे निर्धारित विभागीय परीक्षा पूर्ण रूप से पास नहीं कर लेते।

(ख) यदि परिवीक्षा की मूल अथवा परिवर्द्धित अवधि की समाप्ति पर नियोक्ता प्राधिकारी यह समझता है कि चयन किया गया उम्मीदवार स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं है अथवा परिवीक्षा की उक्त मूल अथवा परिवर्द्धित अवधि के दौरान, प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि उम्मीदवार परिवीक्षा की

अवधि की समाप्ति पर स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं होगा तो वह उसे सेवा से अलग कर सकता है, अथवा जो उचित समझे, वह आदेश दे सकता है ।

(ग) परिवीक्षा की अवधि को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लेने पर तथा विभागीय परीक्षाएं पास कर लेने के बाद अधिकारियों को संबद्ध ग्रेड में स्थायी करने पर विचार किया जाएगा ।

(घ) लागू नियमों के अनुसार भारतीय सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद सेवा क्लास-I (400/1250 रु०) में सहायक कलक्टर के अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के लिए मूल्य निरूपक (एप्रेजर) पात्र होंगे ।

(ङ) अवकाश, पेंशन आदि के मामले में इन अधिकारियों पर केन्द्रीय सरकार के अन्य क्लास-II अधिकारियों पर लागू होने वाले नियम ही लागू होंगे । जहां तक उन की सेवा की अन्य शर्तों का प्रश्न है, उन पर सीमा-शुल्क मूल्यांकक सेवा, क्लास की भरती नियमावली की व्यवस्थाएं लागू होंगी । इन नियमों में यह विशेष रूप से निर्दिष्ट है कि इस सेवा अधिकारियों को "केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा सीमा-शुल्क बोर्ड" के अधीन किसी भी समान या उच्च पद पर भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है ।

19. दिल्ली, और अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा श्रेणी-II

(क) नियुक्ति परख पर की जायेगी, जिसकी अवधि दो वर्ष की होगी और उसे सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार बढ़ाया भी जा सकेगा । परख पर नियुक्त उम्मीदवार को केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं देनी होंगी ।

(ख) यदि सरकार की राय में, किसी परखाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवा-मुक्त कर सकती है ।

(ग) जब यह घोषित कर दिया जायेगा कि अमुक अधिकारी ने संतोषजनक रूप से अपनी परख अवधि समाप्त कर ली है तो उसे सेवा में पक्का कर दिया जायेगा । यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परख अवधि को, जितना उचित समझे, बढ़ा सकती है ।

(घ) वेतनमान :—

ग्रेड-I (सिलेक्शन ग्रेड) रु० 900–50–1250/-

ग्रेड-II समयमान रु० 400–25–500–30–590–द० आ०–30–800–द० आ०–30–830–35–900 ।

किसी प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति को सेवा में नियुक्ति पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन प्राप्त होगा बशर्ते कि यदि वह सेवा में नियुक्ति से पहले मूल रूप से सांविधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर कार्य करता था, सेवा में परिवीक्षा की अवधि में उसका वेतन मूल नियम 22-ख (1) के परन्तुक के अधीन विनियमित किया जाएगा । सेवा में नियुक्त किए गए अन्य व्यक्तियों के लिए वेतन और वेतनों-वृद्धियां मूल नियमों के अनुसार विनियमित होंगी ।

(ङ) सेवा के अधिकारियों को परिशोधित केन्द्रीय वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों पर लागू केन्द्रीय सरकार की दरों पर मंहगाई भत्ता प्राप्त करने का हक होगा ।

(च) मंहगाई भत्ता के अतिरिक्त, इस सेवा के अधिकारियों को, प्रतिकर (नगर) भत्ता, मकान किराया भत्ता और पहाड़ी स्थानों तथा सुदूर स्थानों में रहन-सहन के बढ़े हुए खर्च को पूरा करने के लिए अन्य भत्ते दिए जाएंगे, यदि उन्हें ड्यूटी पर या प्रशिक्षण के लिए ऐसे स्थानों पर भेजा जाएगा और जिन स्थानों के लिए ये भत्ते अनुमत्य होंगे ।

(छ) इस सेवा के अधिकारियों पर दिल्ली, और अन्डमान निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा नियमावली 1971 और इस नियमावली को लागू करने के प्रयोजन से केन्द्रीय सरकार द्वारा दी जाने वाली हिदायतें अथवा बनाए जाने वाले अन्य विनियम लागू होंगे । जो मामले विशिष्ट रूप से उक्त नियमों या विनियमों अथवा उनके अन्तर्गत दिए गए आदेशों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते, उनमें ये अधिकारी उन नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे जो संघ के कार्यों से संबंधित सेवा करने वाले तदनुरूप (Corresponding) अधिकारियों पर लागू होते हैं ।

20. गोआ, दमन तथा दीयु सिविल सेवा क्लास 2

(क) नियुक्तियां दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के आधार पर की जाएंगी तथा परिवीक्षा की अवधि सक्षम प्राधिकारी चाहे तो बढ़ा भी सकेगा । परिवीक्षा के आधार पर नियुक्त उम्मीदवारों को गोआ, दमन और दियु संघ राज्य के प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा तथा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी ।

(ख) यदि प्रशासक की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का काम या आचरण संतोषजनक नहीं है अथवा उसमे यह प्रकट होता है कि अधिकारी सुयोग्य सिद्ध होने की संभावना नहीं है, तो प्रशासक उसे सेवा से तुरन्त अलग कर सकता है ।

(ग) जिस अधिकारी के लिए यह घोषित हो जाएगा कि उसने परिवीक्षा की अवधि संतोषजनक ढंग से पूर्ण करली है उसे सेवा में स्थायी कर दिया जाएगा । यदि प्रशासक की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक नही रहा है तो वह उसे सेवा से अलग कर सकता है अथवा परिवीक्षा की अवधि, जितनी ठीक समझे, बढ़ा सकता है ।

(घ) इस सेवा के अधिकारी को गोआ, दमन तथा दियु संघ राज्य क्षेत्र में किसी भी स्थान पर कार्य करना होगा ।

(ङ) वेतनमान :—

ग्रेड I (चयन ग्रेड) रु० 700-40-1100-50/2-1250-

ग्रेड II रु० 350-25-500-30-590-द० रो० -30-800-द० रो० -30-830-35-900 ।

किसी प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति, को सेवा में नियुक्ति पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन प्राप्त होगा बशर्ते यदि वह सेवा में नियुक्ति से पहले

मूल रूप से सावधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर कार्य करता था, सेवा में परीक्षा की अवधि में उसका वेतन मूल नियम 22-ख (1) के परन्तुक के अधीन विनियमित किया जाएगा। सेवा में नियुक्त किए गए अन्य व्यक्तियों के लिए वेतन और वेतन-वृद्धियां मूल नियमों के अनुसार विनियमित होंगी।

इस सेवा के अधिकारी भारतीय प्रशासन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के अनुसार भारतीय प्रशासन सेवा के सीनियर वेतनमान के पदों पर पदोन्नति के पात्र होंगे।

(च) इस सेवा के अधिकारियों पर गोआ, दमन तथा दियु सिविल सेवा नियमावली, 1967, तथा इन नियमों को कार्यान्वित करने के लिए बनाए गए अन्य विनियम या प्रशासक द्वारा जारी किए गए आदेश लागू होंगे।

21. पांडिचेरी सिविल सेवा, क्लास II

(क) नियुक्तियां दो वर्ष की परीक्षा अवधि के आधार पर की जाएंगी तथा परीक्षा की अवधि सक्षम प्राधिकारी चाहे तो बढ़ा भी सकेगा। परिवीक्षा के आधार पर नियुक्त उम्मीदवारों को पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा तथा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी।

(ख) यदि प्रशासक की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का काम या आचरण संतोषजनक नहीं है अथवा उससे यह प्रकट होता है कि अधिकारी के सुयोग्य सिद्ध होने की सम्भावना नहीं है, तो प्रशासक उसे सेवा से तुरन्त अलग कर सकता है।

